www.navpradesh.com

दैनिक नवप्रदेश

प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर ◆◆ 2 | छत्तीसगढ़ 4 | अभिव्यक्ति 9 | कारोबार/खेल

रायपुर, मंगलवार, 25 अगस्त 2026 शुक्ल पक्ष-त्रयोदशी, विक्रम संवत -2083 / वर्ष-15 अंक- 196 पृष्ठ-12 मूल्य-5 रुपए रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित

पीडब्ल्यूडी में पारदर्शिता, समयबद्ध भुगतान और गुणवत्ता निगरानी के लिए लागू होगा 'वमिस'

■ निर्माण कार्यों के डिजिटल प्रबंधन के लिए कैबिनेट ने दी है मंजूरी

रायपुर/नवप्रदेश। लोक निर्माण विभाग में निर्माण कार्यों के डिजिटल प्रबंधन के लिए वर्क एण्ड अकाउंट्स मैनेजमेंट इंटीग्रेशन सिस्टम (वमिस) लागू किया जाएगा। 'वमिस' से कार्यों की स्वीकृति, ई-प्राक्कलन, ई-प्रोक्योरमेंट, ई-मेजरमेंट बुक, बिल भुगतान, लेखा प्रबंधन तथा गुणवत्ता की निगरानी जैसी सभी प्रक्रियाएं एकीकृत डिजिटल प्लेटफॉर्म पर संचालित होंगी। इस प्रणाली से निर्माण कार्यों की पारदर्शिता बढ़ेगी, भुगतान की प्रक्रिया में तेजी आएगी तथा कार्यों की रियल-टाइम निगरानी की जा सकेगी। इससे निर्माण परियोजनाओं का क्रियान्वयन अधिक प्रभावी और जवाबदेह होगा।

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की अध्यक्षता में विगत 5 अगस्त को हुई कैबिनेट की बैठक में लोक निर्माण विभाग में 'वमिस' को लागू करने ■ शेष पृष्ठ 8 पर

क्या है 'वमिस'?

'वमिस' भारत सरकार के इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के अधीन संस्थान सी-डैक, पुणे द्वारा विकसित एक एकीकृत प्रणाली है, जो किसी भी निर्माण कार्य के सम्पूर्ण जीवन-चक्र... प्रारंभिक प्रस्ताव से लेकर कार्य पूर्णता एवं अंतिम भुगतान तक को डिजिटल रूप में संचालित करती है। इस प्रणाली में कार्यों की प्रशासकीय एवं तकनीकी स्वीकृति, ई-प्राक्कलन एवं अनुमानित लागत का ऑनलाइन निर्धारण, ई-प्रोक्योरमेंट (निविदा प्रक्रिया) से एकीकरण, ई-मेजरमेंट बुक मापन पुस्तिका का डिजिटलीकरण, ठेकेदारों के देयकों (बिल) की ऑनलाइन तैयारी एवं भुगतान, मासिक लेखा, कैशबुक एवं बजट आबंटन के विरुद्ध व्यय का प्रबंधन, जियो-टैग्ड छायाचित्रों सहित कार्यों की गुणवत्ता एवं भौतिक प्रगति की निगरानी जैसी सभी प्रक्रियाएँ एक ही प्लेटफॉर्म पर समाहित हैं।

■ कार्यों की स्वीकृति, ई-प्राक्कलन, ई-प्रोक्योरमेंट से गुणवत्ता की निगरानी तक अब एक ही प्लेटफॉर्म पर

पीडब्ल्यूडी के कार्यों में आएंगे ये बदलाव

राज्य में 'वमिस' के लागू होने के बाद कार्य के सभी स्तरों में पारदर्शिता बढ़ेगी। इसमें प्रत्येक कार्य की स्वीकृति, निविदा, मापन एवं भुगतान का डिजिटल अभिलेख उपलब्ध रहेगा। इससे निर्माण कार्यों की रियल-टाइम मॉनिटरिंग की जा सकेगी। वरिष्ठ अधिकारी एवं शासन स्तर पर कार्यों की भौतिक तथा वित्तीय प्रगति की समवर्ती निगरानी संभव होगी।'वमिस' से ठेकेदारों को समयबद्ध भुगतान सुनिश्चित किया जा सकेगा। देयकों की ऑनलाइन प्रक्रिया से ठेकेदारों को भुगतान में विलंब कम होगा और परियोजनाओं की गति बढ़ेगी। अधिकांश प्रक्रियाओं में मानवीय हस्तक्षेप कम से कम होने तथा मापन एवं बिलिंग प्रक्रिया के डिजिटलीकरण से त्रुटि तथा अनियमितता की संभावना घटेगी।

नीतियों के निर्धारण में मिलेगी मदद

इस प्रणाली से लेखा संधारण में भी सुधार आएगा। महालेखाकार कार्यालय को प्रस्तुत की जाने वाली मासिक लेखा प्रविष्टियाँ इससे स्वतः तैयार हो जाएंगी। विभागीय परिसंपत्तियों एवं व्यय का एकीकृत डेटाबेस हमेशा उपलब्ध रहने से विभागीय फैसलों और नीतियों के निर्धारण में भी सहायता मिलेगी।'शासन का संकल्प है कि जनता के धन से बनने वाला प्रत्येक निर्माण कार्य गुणवत्तापूर्ण हो और निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण हो। 'वमिस' के माध्यम से लोक निर्माण विभाग की सम्पूर्ण कार्यप्रणाली पारदर्शी, अभिलेख-आधारित और जवाबदेह बनेगी।'

\- **अरुण साव**, उप मुख्यमंत्री तथा लोक निर्माण मंत्री

आज बेबाक

काकरोचों पर सरकार जब इतनी ही मेहरबान है तो उसे चाहिए कि इन पर थोड़ी और मेहरबानी लुटाए। इनकी जिद पर जब केन्द्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान को हटा दिया तो इन काकरोचों के स्कूल सुधारो अभियान को भी सरकारी मान्यता दे दे। बेचारे स्कूल निरीक्षण के दौरान कूटे जा रहे हैं। बेचारों की जगह - जगह बेइज्जती खराब हो रही है। इन काकरोचों को सरकार अधिकार दे कि ये किसी भी सरकारी स्कूल में जाकर जांच पड़ताल कर सकें और शिक्षकों को छठी का दूध याद दिला सकें। बेहतर होगा कि सभी काकरोचों को जिला शिक्षा अधिकारी बना दिया जाए।

दिल्ली से पटना आ रही फ्लाइट से पक्षी टकराया, 164 यात्री सवार थे

पटना/ए.। पटना एयरपोर्ट पर सोमवार सुबह बर्ड हिट का मामला सामने आया है। दिल्ली से 164 यात्रियों को लेकर पटना आ रही एअर इंडिया की फ्लाइट से पक्षी टकरा गया। अधिकारियों ने बताया कि फ्लाइट एआई 1741 सुबह 7:43 बजे सुरक्षित रूप से उतरी। एहतियात के तौर पर एयरपोर्ट अधिकारियों ने इमरजेंसी लैंडिंग प्रोटोकॉल लागू कर दिया था और फायर व अन्य संबंधित सेवाओं को तैनात कर दिया था। एयरपोर्ट अधिकारियों के अनुसार एआई 1741 के पायलट ने रनवे के पास पहुंचते समय विमान के दाहिने टरबाइन के पास पक्षी के टकराने की आशंका जताई थी। लैंडिंग के बाद की जांच में पक्षी के टकराने की पुष्टि हुई।

गरमा-गरम

तबादला: पवन देव बने नगर सेना के महानिदेशक, एसआरपी कल्लूरी को पुलिस हाउसिंग कॉर्पोरेशन

31 आईपीएस को नई जिम्मेदारी

■ जीपी सिंह पुलिस अकादमी के डीजी, दीपांशु काबरा को रेल-ट्रैफिक की जिम्मेदारी

एंटी नारकोटिक्स से कानून-व्यवस्था तक नई टीम

- **पवन देव** – महानिदेशक, नगर सेना एवं नागरिक सुरक्षा तथा अग्निशमन सेवाएं
- **गुरजिंदर पाल सिंह** – महानिदेशक, प्रशिक्षण एवं राज्य पुलिस अकादमी
- **एसआरपी कल्लूरी** – प्रबंध संचालक, छत्तीसगढ़ पुलिस हाउसिंग कॉर्पोरेशन
- **प्रदीप गुप्ता** – एडीजी प्रशासन एवं चयन, साथ में संचालक अभियोजन
- **विवेकानंद** – वर्तमान दायित्व के साथ एडीजी वित्त, योजना एवं प्रबंध
- **दीपांशु विजय काबरा** – वर्तमान कार्य के साथ एडीजी रेल और यातायात
- **अमित कुमार** – वर्तमान कार्य के साथ एडीजी एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स
- **डॉ. आनंद छाबड़ा** – एडीजी तकनीकी सेवाएं, डायल-112 एवं दूरसंचार
- **ओमप्रकाश पॉल** – आईजी कानून-व्यवस्था एवं सुरक्षा

रायपुर/नवप्रदेश। पुलिस महकमे में बड़ा प्रशासनिक फेरबदल करते हुए भारतीय पुलिस सेवा के 31 अधिकारियों की नई पदस्थापना और जिम्मेदारियों का आदेश जारी किया है। गृह (पुलिस) विभाग की ओर से 24 अगस्त 2026 को जारी आदेश के मुताबिक अधिकारियों को आगामी आदेश तक अस्थायी रूप से नई जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं।

नई व्यवस्था में वरिष्ठ आईपीएस पवन देव (1992 बैच) को अध्यक्ष एवं प्रबंध संचालक, छत्तीसगढ़ पुलिस हाउसिंग कॉर्पोरेशन से हटाकर महानिदेशक, नगर सेना एवं नागरिक सुरक्षा तथा अग्निशमन सेवाएं बनाया गया है। वहीं गुरजिंदर पाल सिंह (1994 बैच) को महानिदेशक, प्रशिक्षण एवं महानिदेशक, राज्य पुलिस अकादमी की जिम्मेदारी दी गई है।

एसआरपी कल्लूरी (1994 बैच) को अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक, प्रशासन एवं चयन से हटाकर प्रबंध संचालक, छत्तीसगढ़ पुलिस हाउसिंग कॉर्पोरेशन बनाया गया है। प्रदीप गुप्ता (1995 बैच) को अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक, प्रशासन एवं चयन के साथ संचालक अभियोजन का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। नक्सल ऑपरेशन से जुड़े वरिष्ठ आईपीएस विवेकानंद (1996 बैच) को वर्तमान दायित्वों के साथ अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक, वित्त, योजना एवं प्रबंध का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। दीपांशु विजय काबरा (1997 बैच) को वर्तमान जिम्मेदारी के अतिरिक्त एडीजी रेल और एडीजी यातायात का प्रभार दिया गया है। वहीं अमित कुमार (1998 बैच) को वर्तमान कार्य के साथ एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स का अतिरिक्त प्रभार मिला है। डॉ. आनंद छाबड़ा (2001 बैच) को अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक, तकनीकी सेवाएं, डायल-112 एवं दूरसंचार बनाया गया है। ओमप्रकाश पॉल (2003 बैच) को पुलिस महानिरीक्षक, कानून-व्यवस्था एवं सुरक्षा की जिम्मेदारी दी गई है।

आदेश में आईजी और डीआईजी स्तर पर भी व्यापक बदलाव किए गए हैं। अंकित कुमार गर्ग को वर्तमान कार्य के साथ आईजी एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स और आईजी एसआईए, ध्रुव गुप्ता को आईजी सीआईडी, सीसीटीएनएस एवं एससीआरबी, बालाजी राव सोमावर को आईजी अजाक तथा प्रशांत कुमार अग्रवाल को डीआईजी सुरक्षा बनाया गया है। इसी तरह मिलना कुर्रे को आईजी छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल, पारुल माथुर को डीआईजी एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स, मनीष शर्मा को डीआईजी प्रशासन एवं चयन तथा अभिषेक मीणा को डीआईजी छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल, बस्तर की जिम्मेदारी दी गई है।

युवा आईपीएस अफसरों को भी नई जिम्मेदारी

आदेश में अपेक्षाकृत युवा अधिकारियों की जिम्मेदारियां भी बदली गई हैं। श्वेता राजमणि को डीआईजी दूरसंचार एवं डायल-112, रामकृष्ण साहू को डीआईजी सीआईडी, मोहित गर्ग को सहायक पुलिस महानिरीक्षक प्रशासन एवं चयन और रवि कुमार कुर्रे को सहायक पुलिस महानिरीक्षक सीआईडी बनाया गया है। यदुवल्ली अक्षय कुमार को सहायक पुलिस महानिरीक्षक सीसीटीएनएस के साथ संयुक्त परिवहन आयुक्त-सड़क सुरक्षा से जुड़ा अतिरिक्त दायित्व जारी रखा गया है। चिराग जैन (2020 बैच) को अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी से सेनानी, 18वीं बटालियन, मनेंद्रगढ़-चिरमिरी भेजा गया है। वहीं अंजली विश्वकर्मा (2021 बैच) को सहायक पुलिस महानिरीक्षक, यातायात, पुलिस मुख्यालय नवा रायपुर की जिम्मेदारी दी गई है।

बेमेतरा में गोवंश मौत पर फूटा आक्रोश कलेक्टोरेट के बाहर प्रदर्शन और हंगामा

गैर जिम्मेदार अफसरों पर एफआईआर और निष्पक्ष जांच की मांग

नवप्रदेश लगातार

■ हड्डी और खाल बेचने के लिए मवेशियों को भूखा रखा गया

■ कलेक्टोरेट में भारी संख्या में पुलिस बल तैनात, तनावपूर्ण रही स्थिति

बेमेतरा/नवप्रदेश। बेमेतरा जिले के दाढ़ी थाना क्षेत्र के हेमाबंद में गोवंशों की कथित तौर पर भूख-प्यास और बदहाल व्यवस्था के कारण हुई मौतों का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। घटना से आक्रोशित गौभक्तों और ग्रामीणों ने कलेक्टोरेट पहुंचकर प्रदर्शन किया।

ग्रामीण अपने साथ मृत मवेशियों को वाहनों में लेकर पहुंचे और सड़क पर बैठकर जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ एफआईआर करने की मांग करने लगे। तनावपूर्ण स्थिति को देखते हुए कलेक्टोरेट परिसर में भारी पुलिस बल तैनात किया गया। प्रदर्शनकारियों ने कलेक्टर से मुलाकात की ■ शेष पृष्ठ 8 पर

मौत के बाद कई गोवंश को ट्रैक्टर से फेंका गया

प्रदर्शन के दौरान दिलीप राय नामक व्यक्ति को लेकर भी कई गंभीर आरोप लगाए गए। गौभक्तों का दावा है कि ग्रामीणों से गोवंशों की सेवा और देखरेख के नाम पर राशि ली जाती थी तथा मवेशियों को कथित रूप से बेहद खराब परिस्थितियों में रखा गया। आरोप है कि मौत के बाद कुछ मवेशियों के शवों को ट्रैक्टर के जरिए दूर सुनसान स्थान पर ले जाकर फेंका गया। प्रशासनिक अफसर पूरे मामले की निष्पक्ष जांच की बात कह रहे हैं।

पशु चिकित्सा अधिकारियों की भूमिका भी संदिग्ध

गौभक्तों ने मामले में कथित तौर पर संबंधित अधिकारियों और पशु चिकित्सा विभाग की भूमिका की भी जांच की मांग की। प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि मौके की वास्तविक स्थिति के विपरीत कुछ गोवंशों के स्वस्थ होने संबंधी रिपोर्ट तैयार की गई। उन्होंने संबंधित पशु चिकित्सा अधिकारियों के खिलाफ जांच और दोष सिद्ध होने पर कठोर कार्रवाई की मांग रखी।

कार्रवाई नहीं तो सितंबर में बड़े आंदोलन का ऐलान

प्रदर्शनकारियों ने सरकार को आगामी एक सितंबर तक अपनी मांगों पर ठोस कार्रवाई करने का अल्टीमेटम भी दिया। गौभक्त आदेश सोनी ने चेतावनी दी कि मांगें पूरी नहीं होने पर आंदोलन को और तेज किया जाएगा। उन्होंने पूर्व में किए गए अपने विरोध प्रदर्शन का हवाला देते हुए एक सितंबर को बड़े आंदोलन के संकेत दिए। गौभक्तों ने कहा कि गोवंशों की सुरक्षा केवल धार्मिक आस्था का विषय नहीं, बल्कि सड़क सुरक्षा और जनहित से भी जुड़ा मुद्दा है। उन्होंने सरकार से गौशालाओं और गौधामों की नियमित निगरानी, पर्याप्त चारा-पानी की व्यवस्था और जिम्मेदार लोगों पर सख्त कार्रवाई सुनिश्चित करने की मांग की। अब इस पूरे मामले में प्रशासन की जांच और कार्रवाई पर सभी की नजरें टिकी हैं।

कोरबा में कोबरा ने डसा, डॉक्टर ने कहा- सांप लेकर आओ, तब इलाज शुरू हुआ

■ बिल में छिपा था कोबरा, स्नैक कैचर ने पकड़ा

कोरबा/नवप्रदेश। कोरबा जिले के दादर क्षेत्र में स्नेक बाइट का मामला सामने आया है। यहां रहने वाले रामदयाल को घर के अंदर कोबरा सांप ने डस लिया। इसके बाद परिजन उन्हें जिला मेडिकल कॉलेज अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां उन्हें भर्ती कराया गया। अस्पताल पहुंचने पर डॉक्टरों ने सांप की पहचान करने के लिए उसे साथ लाने को कहा। डॉक्टरों का कहना था कि सांप की पहचान होने के बाद इलाज की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। इसके बाद परिजन सांप ■ शेष पृष्ठ 8 पर

सांप की पहचान के बाद इलाज शुरू

स्नैक केचर टीम को बताया गया कि सांप काटने के बाद बिल में घुस गया है। काफी मशक्कत के बाद बिल को खोदकर करीब आधे से एक घंटे की तलाश में कोबरा को बाहर निकाला गया। स्नेक कैचर ने सावधानी से सांप को रेस्क्यू किया। पहचान के लिए कोबरा को अस्पताल लाया गया। डॉक्टरों ने सांप की पहचान करने के बाद रामदयाल का इलाज शुरू किया।

थानों के सीसीटीवी हर समय चालू रहे: हाईकोर्ट

■ सीसीटीवी फुटेज के अभाव में आरोप साबित नहीं कर सके याचिकाकर्ता आरोपी

बिलासपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने प्रदेश के पुलिस थानों में लगे सीसीटीवी कैमरों की कार्यप्रणाली और रिकॉर्डिंग सुरक्षित रखने को लेकर सख्त निर्देश दिए हैं। चीफजस्टिस रमेश सिन्हा और जस्टिस रविंद्र अग्रवाल की डिवीजन बैंच ने कहा कि थानों में केवल कैमरे लगाना पर्याप्त नहीं है।

सीसीटीवी हर समय चालू रहना चाहिए। सुप्रीम कोर्ट के दिशा-निर्देशों के अनुसार कम से कम 18 महीने तक के फुटेज सुरक्षित रखना जरूरी है। हाईकोर्ट ने राज्य सरकार और पुलिस अधिकारियों को सीसीटीवी व्यवस्था की नियमित मॉनिटरिंग करने के साथ पर्याप्त स्टोरेज और पावर बैकअप सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। कोर्ट ने स्पष्ट किया कि किसी भी प्रशासनिक या तकनीकी ■ शेष पृष्ठ 8 पर

हाईकोर्ट ने कहा- पारदर्शिता और जवाबदेही जरूरी

हाईकोर्ट ने कहा कि पुलिस थानों में सीसीटीवी कैमरे लगाने का उद्देश्य व्यवस्था में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करना है। साथ ही इससे नागरिकों के अधिकारों की भी रक्षा होती है। वहीं, राज्य सरकार ने कोर्ट को बताया कि प्रदेश के 550 थानों में सीसीटीवी इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत करने के लिए 102.10 करोड़ रुपए की परियोजना पर काम चल रहा है। जिला स्तरीय निगरानी समितियां हर महीने थानों के सीसीटीवी सिस्टम की जांच करेंगी। साथ ही, 18 महीने की रिकॉर्डिंग का बैकअप सुरक्षित रखने की व्यवस्था कर इसकी रिपोर्ट देंगी। हाईकोर्ट ने आदेश की कॉपी मुख्य सचिव और डीजीपी को भेजने के निर्देश दिए हैं। साथ ही, सुप्रीम कोर्ट की गाइडलाइन का शत-प्रतिशत पालन करने को कहा है।

कॉकरोच जनता पार्टी का 5 सितंबर को फिर दिल्ली मार्च

■ कहा- छात्रों पर दर्ज केस खत्म नहीं हुए, हमारे धैर्य को कमजोरी न समझें

नई दिल्ली/ए.। कॉकरोच जनता पार्टी 5 सितंबर को दिल्ली में शांतिपूर्ण विरोध मार्च निकालेगी। पार्टी का आरोप है कि केंद्र सरकार ने 25 जुलाई को युवाओं से किए गए वादों को पूरा नहीं किया, जिसके भरोसे पर जंतर-मंतर का प्रदर्शन वापस लिया गया था। मार्च इंडिया गेट से शुरू होकर नई दिल्ली पुलिस मुख्यालय तक जाएगा। इसमें उन स्टूडेंट्स के परिजन भी शामिल होंगे जिन्होंने नीट पेपर लीक के बाद सुसाइड किया था। कॉकरोच जनता पार्टी

(सीजेपी) ने केंद्र सरकार पर युवाओं से किए गए वादे पूरे नहीं करने का आरोप लगाया है। सीजेपी की राष्ट्रीय कार्यसमिति की सोमवार को बैठक हुई। दरअसल, सीजेपी ने नीट पेपर लीक, परीक्षा में गड़बड़ी की मांगों को लेकर 20 जून से जंतर-मंतर पर आंदोलन शुरू किया था। 25 जुलाई को सरकार से आश्वासन मिलने के बाद अपना आंदोलन खत्म किया ■ शेष पृष्ठ 8 पर

भाजपा नेत्री ने युवक को चप्पल से पीटा, दोनों पक्षों पर एफआईआर

■ महामाया मंदिर परिसर में बवाल, चोरी के पुराने विवाद पर भिड़े भाजपाई

बिलासपुर/नवप्रदेश। मां महामाया मंदिर के गेट के पास चोरी के पुराने विवाद को लेकर भाजपा से जुड़े दो पक्षों के बीच विवाद इतना बढ़ गया कि दोनों ओर से गाली-गलौज और मारपीट हो गई। घटना में भाजपा महिला मोर्चा अल्पसंख्यक मंडल महामंत्री रेहाना बेगम पर दूसरे पक्ष के युवक की चप्पल से पिटाई करने का आरोप लगा है। घटना का वीडियो भी सामने आया है। विवाद के बाद दोनों पक्षों ने रतनपुर थाने में

शिकायत दर्ज कराई, जिस पर पुलिस ने दोनों पक्षों के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

विवाद की शुरुआत चोरी के आरोप से हुई। शिकायत के मुताबिक मंदिर रोड निवासी तुषार पटेल प्रसाद दुकान और होटल संचालित करते हैं। करीब एक सप्ताह पहले उनकी दुकान से सामान चोरी हो गया था। तुषार ने पुलिस में ■ शेष पृष्ठ 8 पर

मणिपुर में फिर भड़की हिंसा, सीआरपीएफ जवान को लगी गोली, दो घर फूंके

मणिपुर/ए.। मणिपुर के सेनापति जिले में सोमवार को एक बार फिर हिंसा भड़कने से तनाव बढ़ गया है। तफौ इलाके में दो घरों को कथित तौर पर आग के हवाले किए जाने के बाद हथियारबंद समूहों के बीच गोलीबारी हुई। इस दौरान सीआरपीएफ के एक जवान को गोली लग गई। हालात को देखते हुए इलाके में अतिरिक्त सुरक्षा बल भेजे गए हैं. अधिकारियों के मुताबिक, 36वीं बटालियन सीआरपीएफ के एसआई प्रदीप सिंह के बाएं पैर में गोली लगी। घटना सुबह करीब 10 बजे हुई, जब इलाके में हथियारबंद समूहों के बीच फायरिंग हो रही थी।

सम्मान समारोह : बड़े सपने देखें, खूब मेहनत करें और देश-प्रदेश की सेवा का संकल्प लेकर आगे बढ़ें : मुख्यमंत्री

श्रमिक परिवारों के बच्चों को मिल रही उत्कृष्ट शिक्षा: साय

■ श्रमिक परिवारों के बच्चे आगे बढ़ेंगे, तभी विकसित छत्तीसगढ़ और विकसित भारत का सपना होगा पूरा

■ अटल उत्कृष्ट शिक्षा योजना से श्रमिकों के बच्चों को निजी आवासीय विद्यालयों में कक्षा 6वीं से 12वीं तक मिल रही नि:शुल्क शिक्षा

रायपुर/नवप्रदेश। श्रमिक हमारे विकास की मजबूत नींव हैं। अपने परिश्रम से वे सड़कें, भवन, पुल और विकास की अनेक संरचनाएं खड़ी करते हैं। ऐसे श्रमिक परिवारों के बच्चों को अच्छी शिक्षा और जीवन में आगे बढ़ने के समान अवसर देना राज्य सरकार की प्राथमिकता है। श्रमिक परिवारों के बच्चे पढ़-लिखकर आगे बढ़ेंगे, अपने सपनों को पूरा करेंगे, तभी विकसित छत्तीसगढ़ और विकसित भारत का संकल्प भी साकार होगा। उक्त बातें सीएम विष्णुदेव साय ने रायपुर के पं. दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में आयोजित अटल उत्कृष्ट शिक्षा योजना के सम्मान समारोह में कही। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने योजना के अंतर्गत अध्ययनरत बच्चों से आत्मीय संवाद किया और शिक्षा, ■ शेष पृष्ठ 8 पर

परिस्थितियां नहीं रोक सकतीं आगे बढ़ने का रास्ता

सीएम साय ने बच्चों से आत्मीय संवाद करते हुए अपने जीवन के संघर्ष और अनुभव भी साझा किए। उन्होंने बच्चों से कहा कि जीवन में परिस्थितियां कैसी भी हों, शिक्षा, परिश्रम और दृढ़ संकल्प के बल पर आगे बढ़ा जा सकता है। उन्होंने कहा कि बड़े सपने देखें और तय करें कि भविष्य में किस क्षेत्र में जाकर देश और प्रदेश की सेवा करना चाहते हैं। लक्ष्य कोई भी हो, उसकी मजबूत नींव शिक्षा ही है, इसलिए बच्चों को मिले इस अवसर का पूरा लाभ उठाते हुए अनुशासन, मेहनत और आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ना चाहिए।

खातों में 774 करोड़ से अधिक की सहायता

श्रम मंत्री लखन लाल देवांगन ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के मार्गदर्शन में श्रमिकों और उनके परिवारों की सामाजिक सुरक्षा को मजबूत करने के लिए लगातार नई पहल की जा रही है। श्रम विभाग के तीन मंडलों के माध्यम से वर्तमान में 67 प्रकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ श्रमिकों को दिया जा रहा है। पिछले ढाई वर्षों में 774 करोड़ रुपये से अधिक की सहायता राशि डीबीटी के माध्यम से श्रमिकों के खातों में अंतरित की गई है।

सावन के अंतिम सोमवार पर दुलारी नगर में गूंजा भोलेनाथ का जयघोष, भक्तों को बांटा प्रसाद

धमतरी/नवप्रदेश। सावन मास के अंतिम सोमवार के पावन अवसर पर दुलारी नगर गली नंबर-2, रुद्री के मुख्य द्वार पर हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी श्रद्धालुओं, कांवड़ियों एवं राहगीरों के लिए प्रसाद एवं जलपान की विशेष व्यवस्था की गई। इस दौरान बड़ी संख्या में भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया और आयोजन में शामिल होकर भगवान भोलेनाथ का आशीर्वाद लिया।

सावन के अंतिम सोमवार को धमतरी शहर से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पैदल यात्रा करते हुए रुद्री स्थित श्री रुद्रेश्वर महादेव मंदिर दर्शन के लिए पहुंचे। भक्तों की इस धार्मिक पदयात्रा के मार्ग में पड़ने वाले दुलारी नगर में श्रद्धालुओं की सेवा के लिए जलपान एवं प्रसाद की उत्तम व्यवस्था की गई थी। आयोजन स्थल पर पहुंचने वाले कांवड़ियों और राहगीरों को श्रद्धापूर्वक प्रसाद वितरित किया गया।

आयोजन में धार्मिक वातावरण को और भक्तिमय बनाने के लिए भव्य संगीत की भी व्यवस्था की गई थी। बाबा भोलेनाथ के भजनों की धुन पर श्रद्धालु

झूमते और भक्ति में लीन नजर आए। पूरे परिसर में हर-हर महादेव और बोल बम के जयघोष से माहौल शिवमय हो गया।

यह आयोजन दुलारी नगर कॉलोनी में स्थित अमरकंठेश्वर महादेव के आशीर्वाद से संपन्न हुआ। आयोजन को सफल बनाने में कॉलोनीवासियों का भरपूर सहयोग रहा। स्थानीय लोगों ने श्रद्धालुओं की सेवा में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और पूरे आयोजन को व्यवस्थित रूप से संपन्न कराया।

सावन सोमवार का धार्मिक महत्व

हिंदू धर्म में सावन मास को भगवान शिव की आराधना के लिए विशेष एवं पवित्र माना गया है। सावन के प्रत्येक सोमवार को भगवान भोलेनाथ की पूजा, जलाभिषेक और रुद्राभिषेक करने की विशेष मान्यता है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार सावन सोमवार का व्रत एवं भगवान शिव की भक्ति करने से मनोकामनाओं की पूर्ति, सुख-समृद्धि और परिवार में शांति की प्राप्ति होती है। यही कारण है कि सावन के अंतिम सोमवार को भी मंदिरों में श्रद्धालुओं की विशेष भीड़ देखने को मिली और धमतरी से रुद्री तक भक्तिमय वातावरण बना रहा।

सीएससी अटल डिजिटल सेवा केंद्र शुभारंभ हर योजना का लाभ ऑनलाइन मिलेगा

नगरी/नवप्रदेश। जिले के अंतिम छोर स्थित ग्राम बोरई में ग्रामीणों की सुविधा के लिए करीब 5 लाख रुपये की लागत से सीएससी अटल

डिजिटल सेवा केंद्र का शुभारंभ किया गया। केंद्र के शुरू होने से ग्रामीणों को विभिन्न शासकीय एवं ऑनलाइन सेवाओं का लाभ स्थानीय स्तर पर मिल सकेगा। अटल डिजिटल सेवा केंद्र में आय, जाति एवं निवास प्रमाण पत्र, विवाह पंजीयन, आधार संबंधी सेवाएं, नगद निकासी एवं जमा, राशि ट्रांसफर, महतारी वंदन योजना, किसान सम्मान निधि एवं पेंशन योजना की राशि निकासी, केवाईसी, बिजली बिल भुगतान, जीवन सामान्य एवं कृषि बीमा, पैन कार्ड के आवेदन, सरकारी नौकरियों के लिए आवेदन सहित विभिन्न ऑनलाइन फॉर्म भरने की सुविधा उपलब्ध होगी।

कार्यक्रम के दौरान सरपंच माखनलाल सलाम के करकमलों से आंगनबाड़ी भवन का भी लोकार्पण किया गया। ग्रामीणों ने डिजिटल सेवा केंद्र शुरू होने पर खुशी जताते हुए कहा कि अब उन्हें छोटी-छोटी ऑनलाइन सेवाओं के लिए दूर के शहरों या कस्बों में नहीं जाना पड़ेगा।

इस अवसर पर उपसरपंच गुमान सिंह समरथ, मिश्रीलाल नेताम, मनोज मरकाम, गायता फूलसिंग, साक्षी झाड़ुराम, कंचन, सुरेशकुमार समरथ, राजेशकुमार मरकाम, दिनेशकुमार मरकाम, गायत्रु समरथ सहित सीएससी संचालक जगन झाकर एवं ग्रामीणजन मौजूद रहे।

भृत्य से सहायक ग्रेड-03 पदोन्नति नियम में शिथिलीकरण की मांग

नगरी/नवप्रदेश। भृत्य से सहायक ग्रेड-03 के पद पर पदोन्नति के लिए जारी नवीन नियमों को लेकर चतुर्थ वर्ग कर्मचारियों में आक्रोश एवं असंतोष व्याप्त है। कर्मचारियों का कहना है कि पूर्व में भृत्य से लिपिक/सहायक ग्रेड-03 पद पर पदोन्नति के लिए हायर सेकेंडरी उत्तीर्ण योग्यता के आधार पर पदोन्नति का अवसर मिलता रहा है, जबकि वर्तमान में जारी नियमों में योग्यता संबंधी प्रावधानों में परिवर्तन किए जाने से लंबे समय से सेवा दे रहे कर्मचारी पदोन्नति के अवसर से वंचित हो रहे हैं।चतुर्थ वर्ग कर्मचारी संघ अध्यक्ष कुलेश कुंजाम ने कहा कि अनेक कर्मचारी वर्षो से ईमानदारीपूर्वक सेवा करते हुए अब सेवानिवृत्ति के करीब पहुंच चुके हैं। ऐसे में पदोन्नति की योग्यता में बदलाव होने से कर्मचारियों के साथ अन्याय की स्थिति निर्मित हो रही है।

ब्लॉक संयोजक डोमार सिंह ध्रुव ने कर्मचारियों की मांग को गंभीरता से लेते हुए उनके हित में शासन एवं संबंधित विभाग के समक्ष विषय को रखने तथा पदोन्नति में आवश्यक सहयोग का आश्वासन दिया।

ज्ञापन सौंपने के दौरान चतुर्थ वर्ग कर्मचारी संघ अध्यक्ष कुलेश कुंजाम,ओंकार सिंह ध्रुव,पोखन नेताम,योगेश ठाकुर ,धनराज कमार,शैलेन्द्र ध्रुव,गोपीकृष्ण यादव, तरुण विश्वास,विपिन पटेल,सहित अन्य कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

हनुमान मंदिर में चोरी, 29 हजार का सामान और दानपेटी की रकम पार

ह्य शहर के वार्ड-2 इमलीभाठा स्थित हनुमान मंदिर को चोरों ने निशाना बनाया। अज्ञात चोर मंदिर से पीतल के घंटे, तांबे के बर्तन, चांदी के नेत्र, एम्पलीफायर समेत करीब 29 हजार रुपये का सामान और दानपेटी में रखी नकदी चोरी कर ले गए। मंदिर समिति की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस को दिए आवेदन में इमलीभाठा निवासी दीपक साहू ने बताया कि 21 अगस्त की रात करीब 10 बजे से 22 अगस्त की सुबह 7:30 बजे के बीच अज्ञात चोर मंदिर में घुसे। चोरों ने मंदिर में लगे पीतल के तीन बड़े घंटे, एक तांबे की कलश, दो तांबे के लोटे, एक फूल कांस की थाली और चांदी के छह नेत्र चोरी कर लिए।

इसके अलावा मंदिर में लगा करीब 15 हजार रुपये कीमत का एम्पलीफायर भी चोर ले गए। चोरों ने मंदिर की दानपेटी को भी नहीं छोड़ा और उसमें रखे करीब 4 हजार रुपये भी पार कर दिए। चोरी गए सामान और नकदी की कुल अनुमानित कीमत करीब 29 हजार रुपये बताई गई है। 22 अगस्त की सुबह मंदिर पहुंचने पर समिति के सदस्यों को चोरी की जानकारी हुई। शिकायत के आधार पर पुलिस ने धारा 305(ए) और 331(4) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर अज्ञात आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।

गांव-गांव हुआ भव्य स्वागत– विष्णु लोधी

मूसलाधार बारिश में भी नहीं थमा अवंती बाई के सम्मान का कारवां

डोंगरगढ़/नवप्रदेश। वीरांगना रानी अवंती बाई लोधी जी की जयंती के पावन अवसर पर जिला लोधी समाज एवं जिला युवा लोधी समाज के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित जिला स्तरीय अवंती यात्रा एवं विशाल बाइक रैली में छत्तीसगढ़ लोधी समाज के प्रदेश कोषाध्यक्ष विष्णु लोधी बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला लोधी समाज के जिला अध्यक्ष उत्तमचंद चंदेल ने की।

अवंती यात्रा में शामिल होने के पूर्व विष्णु लोधी ने डोंगरगढ़ मेला ग्राउंड स्थित वीरांगना रानी अवंती बाई लोधी जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किए और उनकी वीरता, साहस तथा अदम्य स्वाभिमान को नमन किया। इसके पश्चात अवंती यात्रा एवं विशाल बाइक रैली का कारवां आगे बढ़ा। मूसलाधार बारिश के बावजूद यात्रा में शामिल समाजजनों एवं युवाओं का उत्साह कम नहीं हुआ। बड़ी संख्या में बाइक सवारों ने वीरांगना अवंती बाई लोधी के सम्मान में उमड़े उत्साह और जनभावना को प्रदर्शित किया।

यात्रा का शुभारंभ राजनांदगांव के अवंती चौक से माल्यार्पण के पश्चात हुआ। इसके बाद यात्रा करूपसूर, टेडेसरा, तुमड़ाही, पेटचुआ, रेंगाकोटा, जालबांधा, मडोदा, डोंगरगढ़, अंतारिया, भीमपुरी, सोनपुरी, पदमपुर, कुंडरदान, लखना पुर, सिरमाटीली, रेंग अतरिया होते हुए नर्मदा पहुंची, जहां समापन कार्यक्रम आयोजित किया गया।

यात्रा के दौरान गांव-गांव में अवंती यात्रा का गर्मजोशी और आत्मीयता के साथ स्वागत किया गया। ग्रामीणों, युवाओं, महिलाओं एवं समाजजनों ने सड़क किनारे खड़े होकर यात्रा में शामिल लोगों पर पुष्पों की वर्षा कर वीरांगना अवंती बाई लोधी के प्रति अपनी श्रद्धा एवं सम्मान व्यक्त किया। विभिन्न गांवों में समाजजनों द्वारा स्वागत एवं भोजन की व्यवस्था भी की गई।

इस अवसर पर विष्णु लोधी ने कहा कि वीरांगना रानी अवंती बाई लोधी जी केवल लोधी समाज की नहीं, बल्कि पूरे भारतवर्ष की वीरांगना हैं। उन्होंने मातृभूमि की रक्षा, राष्ट्र के सम्मान और अपने स्वाभिमान के लिए अंग्रेजी हुकूमत के विरुद्ध अदम्य साहस के साथ संघर्ष किया। उनका जीवन हम सभी के लिए प्रेरणा का विषय है।

उन्होंने कहा कि वीरांगना अवंती बाई लोधी जी का जीवन हमें अन्याय के सामने न झुकने, स्वाभिमान के साथ खड़े रहने और मातृभूमि के लिए अपना सर्वस्व समर्पित करने की प्रेरणा देता है। उनका शौर्य और बलिदान आने वाली पीढ़ियों को सदैव प्रेरणा देता रहेगा।

विष्णु लोधी ने अवंती यात्रा में शामिल सभी सामाजिकजनों, युवा साथियों, मातृशक्ति तथा गांव-गांव में यात्रा का स्वागत करने वाले नागरिकों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि अवंती बाई का सम्मान, स्वाभिमान और शौर्य हम सभी की साझा विरासत है। अवंती यात्रा में उमड़ा उत्साह और गांव-गांव में हुआ आत्मीय स्वागत इस बात का प्रमाण है कि वीरांगना रानी अवंती बाई लोधी जी की वीरगाथा आज भी जन-जन के हृदय में जीवित है।

चार जुआरी गिरफ्तार, 25 हजार से ज्यादा नगद जब्त

■ अवैध गतिविधियों पर धमतरी पुलिस सख्त, जुआ एक्ट के तहत मामला दर्ज

धमतरी/नवप्रदेश। पुलिस अधीक्षक श्रीमती भावना पांडेय के निर्देश पर जुआ-सट्टा और अवैध गतिविधियों के खिलाफचलाए जा रहे अभियान के तहत थाना सिटी कोतवाली पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने ग्राम अधारी नवागांव में दबिश देकर जुआ खेल रहे चार आरोपियों को रंगे हाथों गिरफ्तार किया है।

मिली जानकारी के अनुसार, कोतवाली पुलिस को अधारी नवागांव क्षेत्र में ताश के पत्तों पर पैसों का दांव लगाए जाने की गुप्त सूचना मिली थी। सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम ने मौके पर घेराबंदी कर दबिश दी। कार्रवाई के दौरान पुलिस ने 4 जुआरियों को धर दबोचा।

जब्त सामग्री व आरोपी

पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 25,500 रुपये नगद और 52 पत्ती ताश जब्त की है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान संतोष साहू (32), अरमान मिर्जा (29), अनीश अहमद (43) और खेमचंद साहू (42) के रूप में हुई है। सभी आरोपी अधारी नवागांव के निवासी हैं।

वैधानिक कार्रवाई और अपील

मामले में थाना सिटी कोतवाली द्वारा अपराध क्रमांक 200/26 धारा 3(2) जुआ एक्ट के तहत मामला दर्ज कर आगे की वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। धमतरी पुलिस ने स्पष्ट किया है कि जिले में जुआ-सट्टा जैसी गतिविधियों पर 'जीरो टॉलरेंस' की नीति लागू है और यह कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी। पुलिस ने आम जनता से अपील की है कि वे किसी भी अवैध गतिविधि की जानकारी तुरंत पुलिस को दें।

कुरुद और भोथली के जर्जर स्कूल भवनों में पढ़ने को मजबूर नौनिहाल : तारिणी चंद्राकर

धमतरी/नवप्रदेश। जिला कांग्रेस कमेटी धमतरी की अध्यक्ष तारिणी चंद्राकर के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कुरूद विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत कुरूद नगर और ग्राम भोथली के शासकीय स्कूलों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान स्कूलों की अत्यंत दयनीय और जर्जर स्थिति सामने आई, जहां छात्र-छात्राएं जान जोखिम में डालकर पढ़ाई करने को मजबूर हैं। इस बदहाली को लेकर कांग्रेस ने प्रदेश की विष्णुदेव साय सरकार और क्षेत्रीय विधायक की निष्क्रियता पर तीखा हमला बोला है। निरीक्षण के दौरान कांग्रेसियों ने पाया कि स्कूलों के भवन पूरी तरह जर्जर हो चुके हैं। दीवारों में दरारें आ चुकी हैं और छत से पानी टपक रहा है। मूलभूत सुविधाओं जैसे स्वच्छ पेयजल और शौचालयों का भारी अभाव है। शिक्षा के मंदिर की यह दुर्दशा

भाजपा सरकार के गुणवत्तापूर्ण शिक्षा÷ के दावों की पोल खोलती है। जिला कांग्रेस अध्यक्ष तारिणी चंद्राकर नें कहा की आज कुरूद नगर और ग्राम भोथली के शासकीय स्कूलों की जो हालत हमने देखी है, वह बेहद चिंताजनक और दुर्भाग्यपूर्ण है। हमारे नौनिहाल, जो इस देश और प्रदेश का भविष्य हैं, वे ऐसे जर्जर भवनों में बैठने को मजबूर हैं जहां हर वक्त किसी बड़ी दुर्घटना का साया मंडराता रहता है। क्या प्रदेश की विष्णुदेव साय सरकार सो रही है? शिक्षा के क्षेत्र में प्रदेश की वर्तमान सरकार पूरी तरह निष्क्रिय और संवेदनहीन साबित हुई है। जन घोषणाओं में बड़ी-बड़ी बातें करने वाली भाजपा सरकार जमीनी हकीकत से आंखें मूंद चुकी है। इसके साथ ही, इस क्षेत्र के स्थानीय विधायक की निष्क्रियता भी साफ उजागर होती है। क्षेत्रीय विधायक को जनता ने चुनकर विधानसभा में जनसमस्याएं उठाने के लिए भेजा था, लेकिन उन्हें अपने ही क्षेत्र के बच्चों की जान की कोई परवाह नहीं है। स्कूल भवनों की मरम्मत और बच्चों के भविष्य के लिए उनके पास कोई कार्ययोजना नहीं है।कांग्रेस पार्टी चुप नहीं बैठेगी। हम बच्चों के भविष्य और उनकी सुरक्षा के साथ खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं करेंगे।

हम सभी का उद्देश्य एक ही होना चाहिए धमतरी का सर्वांगीण विकासः रामू रोहरा

धमतरी/नवप्रदेश। महापौर रामू रोहरा ने कहा कि शहर के विकास के लिए सभी को मिलजुलकर कार्य करना होगा। केंद्र और राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र परिवार तक पहुंचे, इसके लिए भाजपा के पार्षद और एल्डरमैन अपने-अपने क्षेत्रों में सक्रिय भूमिका निभाएं। सरकार की योजनाओं को घर-घर तक पहुंचाकर जरूरतमंद लोगों को उनका लाभ दिलाना हमारी प्राथमिकता होनी चाहिए।

उज्जैन में बाबा महाकाल के दर्शन कर लौटे महापौर रामू रोहरा से शनिवार की शाम नगर निगम में भाजपा पार्षदों एवं एल्डरमैन ने मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने महापौर का स्वागत करते हुए शहर के विकास कार्यों सहित विभिन्न वार्डों की समस्याओं और आगामी

कार्ययोजनाओं पर चर्चा की।

महापौर ने कहा कि नगर निगम क्षेत्र के सभी 40 वार्डों में विकास कार्यों को प्राथमिकता के साथ आगे बढ़ाया जा रहा है। सड़क, नाली, पेयजल, स्वच्छता, प्रकाश व्यवस्था सहित मूलभूत सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि विकास केवल निगम तक सीमित नहीं रहना चाहिए, बल्कि शासन की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना भी जनप्रतिनिधियों की जिम्मेदारी है।

उन्होंने पार्षदों और एल्डरमैन से कहा कि वे अपने-अपने वार्डों में जनता के बीच नियमित रूप से जाएं, उनकी समस्याएं सुनें और संबंधित विभाग से समन्वय कर उनका निराकरण कराएं। केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा गरीब, किसान, महिला, युवा और जरूरतमंद परिवारों के लिए संचालित योजनाओं की जानकारी लोगों तक पहुंचाकर उन्हें लाभ दिलाने का काम भी प्राथमिकता से किया जाए।

महापौर ने कहा कि ÷हम सभी का उद्देश्य एक ही होना चाहिए– धमतरी का सर्वांगीण विकास और शहरवासियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना।

बाइक से शराब परिवहन करते दो युवक रंगे हाथों गिरफ्तार

अवैध शराब तस्करी पर डोंगरगढ़ पुलिस की बड़ी कार्रवाई, बाइक सवार दो आरोपी गिरफ्तार

डोंगरगढ़/नवप्रदेश। क्षेत्र में अवैध शराब की बिक्री एवं तस्करी पर अंकुश लगाने के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत डोंगरगढ़ पुलिस ने मोटरसाइकिल से शराब का परिवहन कर रहे दो युवकों को रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 30 पौवा देशी शराब तथा परिवहन में प्रयुक्त मोटरसाइकिल जब्त की है। कार्रवाई के बाद दोनों आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया।

मुखबिर की सूचना पर घेराबंदी

जानकारी के अनुसार, 22 अगस्त को पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि दो व्यक्ति मोटरसाइकिल पर अवैध रूप से शराब लोड कर मुरमुंदा से कुरूभाठ की ओर आ रहे हैं। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए ग्राम कुरूभाठ रोड स्थित यात्री प्रतीक्षालय के पास घेराबंदी कर संदिग्ध मोटरसाइकिल को रोका।

पुलिस ने मोटरसाइकिल सवार तारा सिंह गांगड़े (21 वर्ष), निवासी कुरूभाठ वार्ड क्रमांक 16, डोंगरगढ़ तथा सुखचंद जोशी (20 वर्ष), निवासी मुरमुंदा को पकड़ा। तलाशी लेने पर उनके पास से 10 पौवा शोले प्लेन मदिरा (1.800 बल्क लीटर, कीमत ?800) और 20 पौवा सुपर 36 मसाला देशी मदिरा (3.600 बल्क लीटर, कीमत ?2,000) बरामद हुई। इस प्रकार कुल 30 पौवा यानी 5.400 बल्क लीटर शराब, जिसकी कुल कीमत ?2,800 बताई गई है, जब्त की गई। साथ ही शराब परिवहन में प्रयुक्त मोटरसाइकिल क्रमांक छ्त्त 08 क्क्ष 3166, जिसकी कीमत करीब ?25,000 बताई गई, को भी पुलिस ने जब्त किया।

आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई : पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ धारा 34(2) आबकारी अधिनियम के तहत अपराध पंजीबद्ध कर वैधानिक कार्रवाई की और उन्हें न्यायालय के समक्ष पेश किया। मामले में आगे की कार्रवाई जारी है।

महिला, पुरुष एवं युवा श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और देर रात तक भजनों का आनंद लिया

कर्णेश्वर महादेव मंदिर में भजन संध्या, भक्ति गीतों से गूंजा देउरपारा-सिहावा

नगरी/नवप्रदेश। श्री कर्णेश्वर महादेव मंदिर देउरपारा-सिहावा में सावन के पावन अवसर पर कर्णेश्वर महादेव ट्रस्ट के तत्वावधान में भव्य भजन संध्या का आयोजन किया गया। धार्मिक एवं आध्यात्मिक माहौल में आयोजित कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। भक्ति गीतों और भगवान शिव की आराधना से मंदिर परिसर देर रात तक भक्तिमय बना रहा।

भजन संध्या में पवन धारा जागरण ग्रुप, छुईया-घटारानी द्वारा मनमोहक भजनों की प्रस्तुति दी गई। ग्रुप के गायक मनेश्वर ध्रुव ने भगवान शिव एवं देवी-देवताओं से जुड़े भजनों की शानदार प्रस्तुति देकर श्रद्धालुओं को भाव-विभोर कर दिया। भजनों पर श्रद्धालु तालियों के साथ झूमते नजर आए। इस दौरान मंदिर परिसर हर-हर महादेव और जय भोलेनाथ के जयघोष से गूंजता रहा।

कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष प्रकाश बैस विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने भगवान कर्णेश्वर महादेव के दर्शन एवं पूजा-अर्चना कर क्षेत्र की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की। बैस ने कहा कि कर्णेश्वर महादेव मंदिर क्षेत्र की आस्था और धार्मिक परंपराओं का प्रमुख केंद्र है। सावन के पावन अवसर पर आयोजित भजन संध्या में शामिल होकर भगवान महादेव की भक्ति और आशीर्वाद प्राप्त करने का अवसर मिला। उन्होंने आयोजन के लिए ट्रस्ट को शुभकामनाएं दीं।

कार्यक्रम का आयोजन ट्रस्ट अध्यक्ष विकल गुप्ता के मार्गदर्शन में हुआ। उन्होंने अतिथियों, कलाकारों और श्रद्धालुओं का स्वागत करते हुए कहा कि मंदिर में धार्मिक आयोजनों के माध्यम से श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक वातावरण उपलब्ध कराने तथा क्षेत्र की धार्मिक-सांस्कृतिक परंपराओं को आगे बढ़ाने का प्रयास जारी है।

सावन के दौरान मंदिर में दर्शन और जलाभिषेक के लिए दूर-दराज से श्रद्धालु पहुंचे। भजन संध्या ने धार्मिक वातावरण को और अधिक भक्तिमय बना दिया। महिला, पुरुष एवं युवा श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और देर रात तक भजनों का आनंद लिया।

आयोजन को सफल बनाने में ट्रस्ट के उपाध्यक्ष रवि दुबे एवं रवि ठाकुर, कोषाध्यक्ष निकेश ठाकुर, सचिव भारत निर्मलकर, सह-सचिव रामभरोस साहू एवं मोहन पुजारी सहित ट्रस्टी छबी ठाकुर, योगेश साहू, कमल डागा, बंटी छाजेड़, महेन्द्र कौशल, दुर्गेश साहू एवं कुलेश साहू का विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम के समापन पर श्रद्धालुओं ने भगवान कर्णेश्वर महादेव के दर्शन कर आशीर्वाद लिया और प्रसाद ग्रहण किया। ट्रस्ट पदाधिकारियों ने कलाकारों, अतिथियों और श्रद्धालुओं के प्रति आभार व्यक्त किया।

कांवरियों का उमरगांव वासी ने किया स्वागत

नगरी/नवप्रदेश। ग्राम उमरगांव में रिसगांव क्षेत्र 300 कांवरियां का ग्रामवासी एवं युवाओं द्वारा भव्य स्वागत एवं स्वल्पाहार की व्यवस्था की गई थी बता दें कि यह कांवरियां हर वर्ष कांवड़ यात्रा सिहावा कर्णेश्वर महादेव से महानदी के जल लेकर पैदल अपने ग्राम के महादेव में

जल अर्पित करते हैं जो ग्राम उमरगांव वासी हर वर्ष उनकी सेवा में समर्पित रहते हैं। इसमें उपस्थित रामप्रसाद साहू, फलेंद्र साहू उपसरपंच, हेमंत ठाकुर, डीकेश्वर साहू,राजू पाण्डेय, ओमप्रकाश साहू, मेघराज ध्रुव रोमेश साहू, गज्जू साहू, धनंजय साहू, खीरभान साहू, तोषण पुजारी, कुलेश्वर पटेल,मानिक साहू, नरेश सिंहा, भावेश साहू, कमलेश कश्यप, लेखराम साहू उपस्थित रहे।

नवा रायपुर में आज 119 करोड़ की आवासीय परियोजना का होगा शुभारंभ

■ आवास एवं पर्यावरण मंत्री ओपी चौधरी करेंगे भूमिपूजन एवं शिलान्यास

रायपुर/नवप्रदेश। नवा रायपुर अटल नगर में आवासीय सुविधाओं के विस्तार की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम उठाया जा रहा है। मुख्य अतिथि आवास एवं पर्यावरण मंत्री ओ.पी. चौधरी 25 अगस्त को दोपहर 12.00 बजे नवा रायपुर अटल नगर के सेक्टर-12 फेस-2 में 119.89 करोड़ रुपए की लागत से प्रस्तावित आवासीय परियोजना का भूमिपूजन एवं शिलान्यास करेंगे। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि मंत्री गुरु खुशवंत साहेब एवं अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष अनुराग सिंह देव करेंगे।छत्तीसगढ़ गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल द्वारा विकसित की जा रही इस परियोजना से विभिन्न आय वर्ग के लोगों को आधुनिक एवं सुविधायुक्त आवास उपलब्ध होंगे।

नवा रायपुर अटल नगर में आधुनिक अधोसंरचना, स्वच्छ एवं प्रदूषणमुक्त वातावरण, बेहतर कनेक्टिविटी, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुविधाओं तथा शासकीय एवं निजी कार्यालयों के विस्तार के कारण आवासीय भवनों की मांग लगातार बढ़ रही है। इसे देखते हुए मंडल द्वारा आवासीय परियोजनाओं के विस्तार पर विशेष जोर दिया जा रहा है।

सेक्टर-12 फेस-2 में 348 भवनों का निर्माण

सेक्टर-12 फेस-2 में शेष 29.20 एकड़ भूमि पर एचआईजी एवं एमआईजी श्रेणी के कुल 348 भवनों का निर्माण किया जाएगा। इन भवनों का बेस विक्रय मूल्य 45.70 लाख रुपए से 85.17 लाख रुपए तक निर्धारित किया गया है। आवासों की बढ़ती मांग के कारण इस परियोजना को लेकर नागरिकों में विशेष रुचि देखी जा रही है। सेक्टर-12 फेस-2 में आवासों की बढ़ती मांग को देखते हुए आगामी चरण में 704 नए फ्लैट का निर्माण भी शीघ्र किया जाएगा। इनमें 128 एचआईजी, 320 एमआईजी एवं 256 एलआईजी श्रेणी के फ्लैट शामिल हैं। इन आवासों का बेस विक्रय मूल्य 16.76 लाख रुपय से 40.47 लाख रुपए तक प्रस्तावित है। इससे विभिन्न आय वर्ग के परिवारों को नवा रायपुर अटल नगर में आधुनिक एवं सुव्यवस्थित आवास उपलब्ध कराने में मदद मिलेगी।

नवा रायपुर में मंडल की आवासीय परियोजनाओं का लगातार विस्तार

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल द्वारा नवा रायपुर अटल नगर में योजनाबद्ध तरीके से आवासीय कॉलोनियों का विकास किया जा रहा है। मंडल ने वर्ष 2007 में सेक्टर-27 की 154 एकड़ भूमि पर अपनी प्रथम आवासीय कॉलोनी का शुभारंभ किया था। यहां 2665 स्वतंत्र भवन एवं फ्लैट का निर्माण वर्ष 2014 में पूर्ण कर आबंटियों को सौंपा गया।इसी क्रम में वर्ष 2011 में सेक्टर-29 की 145 एकड़ भूमि पर द्वितीय आवासीय कॉलोनी प्रारंभ की गई। यहां 3012 स्वतंत्र भवन एवं फ्लैट का निर्माण वर्ष 2015 में पूर्ण कर आबंटियों को प्रदान किया गया।प्रधानमंत्री आवास योजना एवं मुख्यमंत्री आवास योजना के अंतर्गत सेक्टर-16, 30 एवं 34 की 43 एकड़ भूमि पर वर्ष 2016 में आवास निर्माण प्रारंभ किया गया। इस परियोजना में कमजोर आय वर्ग के लिए 2312 ईडब्ल्यूएस एवं 2232 एलआईजी, कुल 4544 फ्लैट का निर्माण किया जा रहा है। इनमें से 1871 भवनों का आधिपत्य हितग्राहियों को सौंपा जा चुका है, जहां हितग्राही निवासरत हैं। वहीं, सेक्टर-12 फेस-1 में 40.06 एकड़ भूमि पर वर्ष 2018 में आवासीय परियोजना प्रारंभ की गई थी। यहां HIG एवं MIG श्रेणी के 450 स्वतंत्र भवनों का निर्माण एवं विकास कार्य पूर्ण कर आबंटियों को भवन सौंपे जा चुके हैं।

स्वच्छ वातावरण और आधुनिक सुविधाओं से बढ़ रही आवासों की मांग

नवा रायपुर अटल नगर शासकीय एवं निजी कार्यालयों के साथ आधुनिक अधोसंरचना के केंद्र के रूप में तेजी से विकसित हो रहा है। यहां स्वच्छ एवं प्रदूषणमुक्त वातावरण, सुव्यवस्थित यातायात, आधुनिक शिक्षा व्यवस्था और बेहतर नागरिक सुविधाएं उपलब्ध होने के कारण लोगों की आवासीय रुचि लगातार बढ़ रही है।छत्तीसगढ़ गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल जनसामान्य की आवास संबंधी आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध है। मंडल द्वारा विभिन्न आय वर्ग के लोगों को गुणवत्तापूर्ण, सुव्यवस्थित एवं आधुनिक सुविधाओं से युक्त आवास उपलब्ध कराने के साथ-साथ नवा रायपुर अटल नगर के सुनियोजित एवं समग्र विकास को गति दी जा रही है।

न्यूज गैलरी

महिला टी-20 एशिया कप में छत्तीसगढ़ के राजेश दवे को बड़ी जिम्मेदारी

रायपुर/नवप्रदेश। महिला टी-20 एशिया कप 2026 से पहले छत्तीसगढ़ के क्रिकेट जगत के लिए बड़ी उपलब्धि सामने आई है। बीसीसीआई ने छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ के पूर्व सचिव और

रणजी खिलाड़ी राजेश दवे को भारतीय महिला क्रिकेट टीम का मैनेजर नियुक्त किया है। दवे इससे पहले भी 2019 में ऑस्ट्रेलिया दौरे के दौरान भारतीय महिला क्रिकेट टीम के मैनेजर की जिम्मेदारी संभाल चुके हैं। महिला टी-20 एशिया कप का आयोजन 28 अगस्त से 13 सितंबर 2026 तक संयुक्त अरब अमीरात के दुबई इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में किया जाएगा। भारतीय टीम ग्रुप-ए में पाकिस्तान, हांगकांग और थाईलैंड के साथ है। टीम इंडिया अपने अभियान की शुरुआत 30 अगस्त को थाईलैंड के खिलाफमुकाबले से करेगी। भारतीय टीम का दूसरा मुकाबला 3 सितंबर को हांगकांग से होगा, जबकि क्रिकेट प्रशंसकों की निगाहें 5 सितंबर को होने वाले भारत-पाकिस्तान मुकाबले पर रहेंगी। टूर्नामेंट के सेमीफाइनल 10 और 11 सितंबर को खेले जाएंगे, जबकि खिताबी मुकाबला 13 सितंबर को होगा। राजेश दवे को क्रिकेट प्रशासन और टीम प्रबंधन का लंबा अनुभव है। छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ ने उम्मीद जताई है कि उनके संगठनात्मक अनुभव और नेतृत्व क्षमता का लाभ भारतीय महिला टीम को एशिया कप के दौरान मिलेगा। संघ के पदाधिकारियों ने दवे को नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं भी दी हैं।

25 अगस्त को आयोजित होगा 'स्नेह के डोर, विष्णु भैया मोर' कार्यक्रम

रायपुर/नवप्रदेश। कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह ने 25 अगस्त को आयोजित होने वाले 'स्नेह के डोर, विष्णु भैया मोर' कार्यक्रम के पूर्व सोमवार को बलवीर सिंह जुनेजा इंडोर स्टेडियम पहुंचकर कार्यक्रम की तैयारियों का जायजा लिया। कलेक्टर डॉ. सिंह ने स्टेडियम परिसर में मंच, बैठक व्यवस्था, पेयजल, सुरक्षा, पार्किंग एवं प्रवेश व्यवस्था सहित अन्य सभी व्यवस्थाओं का बारीकी से निरीक्षण किया। उन्होंने संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि कार्यक्रम में आने वाले सभी जवानों एवं उनके परिवारों को किसी भी प्रकार की समस्या का सामना न करना पड़े, इसके लिए सभी व्यवस्थाएं समय पर और सुव्यवस्थित रूप से पूर्ण की जाएं। उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम शासन की एक महत्वपूर्ण पहल है, इसलिए सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करें। इस अवसर पर नगर निगम आयुक्त संबित मिश्रा, जिला पंचायत सीईओ कुमार बिश्वरंजन सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

एम्स में दीक्षांत समारोह की तैयारियों का कलेक्टर ने लिया जायजा

रायपुर/नवप्रदेश। कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह ने सोमवार को एम्स (अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान) रायपुर पहुंचकर 2 सितंबर 2026 को होने वाले दीक्षांत समारोह कार्यक्रम स्थल एवं भारत के उपराष्ट्रपति सी. पी. राधाकृष्णन के प्रवास की तैयारियों का जायजा लिया।इस दौरान एम्स प्रशासन द्वारा कलेक्टर को सभी व्यवस्थाओं के संबंध में जानकारी प्रदान की गई। कलेक्टर डॉ. सिंह ने एम्स प्रशासन एवं जिला प्रशासन के अधिकारियों को निर्देशित किया कि कार्यक्रम में आने वाले अतिथियों की सुरक्षा, बैठक व्यवस्था, यातायात, पार्किंग सहित अन्य सभी व्यवस्थाएं सुव्यवस्थित एवं चाक-चौबंद रूप से की जाए।

स्कूल शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव की अध्यक्षता में संयुक्त बैठक आज

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ शासन के स्कूल शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव की अध्यक्षता में लोक शिक्षण संचालनालय द्वारा समस्त संभागीय संयुक्त संचालक, जिला शिक्षा अधिकारी, जिला मिशन समन्वयक (समग्र शिक्षा), जिला क्रीड़ा अधिकारी एवं विकासखण्ड शिक्षा अधिकारियों की संयुक्त बैठक 25 अगस्त 2026 को पूर्वाह्न 11 बजे से दीनदयाल ऑडिटोरियम, साइंस कॉलेज ग्राउंड, रायपुर में आयोजित होगी। बैठक में संबंधित सभी अधिकारियों की उपस्थिति अनिवार्य होगी तथा किसी भी अधिकारी के स्थान पर प्रतिनिधि की उपस्थिति मान्य नहीं होगी। बैठक में विभागीय योजनाओं, शैक्षणिक गतिविधियों, कर्मचारियों की ऑनलाइन उपस्थिति, सी.एम. हेल्पलाइन प्रकरणों, न्यायालयीन मामलों, छात्रवृत्ति, स्मार्ट क्लासरूम एवं आई.सी.टी., पीएम श्री विद्यालयों, यू-डाइस डाटा, सी.डब्ल्यू.एस.एन. विद्यार्थियों सहित विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों की समीक्षा की जाएगी।

पहल : देश का पहला राज्य बनने की दिशा में छत्तीसगढ़, 100 कलाविद -लेखक तैयार करेंगे 100 पाठ

छत्तीसगढ़ की कला-संस्कृति के पाठ पढ़ेंगे कक्षा छठवीं से बारहवीं तक के विद्यार्थी

■ 24 से 26 अगस्त तक त्रि-दिवसीय आवासीय कार्यशाला आयोजित

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के स्कूली छात्र कक्षा 6वीं से 12वीं तक स्थानीय कला, संस्कृति, परंपराओं और लोकजीवन से जुड़े विशेष पाठ पढ़ेंगे, जिससे नई पीढ़ी अपनी माटी और संस्कृति से गहरे से जुड़ सकेगी। छत्तीसगढ़ की समृद्ध कला, संस्कृति, इतिहास, धरोहर, स्थापत्य, लोक परंपराओं, गीत-संगीत, संतों, महापुरुषों और रचनाकारों को नई पीढ़ी से जोड़ने के लिए स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा महत्वपूर्ण पहल की जा रही है। इसी उद्देश्य से राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद, शंकर नगर रायपुर में 24 से 26 अगस्त तक त्रि-दिवसीय आवासीय कार्यशाला आयोजित की जा रही है। कार्यशाला में छत्तीसगढ़ की कला एवं संस्कृति पर केंद्रित आर्ट रिपोजिटरी तैयार करने के लिए प्रदेशभर के साहित्यकार, विषय-विशेषज्ञ, संस्कृतिविद, शोधकर्ता एवं जनसंचार विशेषज्ञ सहभागिता कर रहे हैं।

स्थानीय कला-संस्कृति को पाठ्य सामग्री से जोड़ने की पहल

राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुरूप छत्तीसगढ़ अपने संसाधनों से ऐसी पूरक पाठ्य एवं दृश्य सामग्री विकसित करने वाला देश का पहला राज्य बनने की दिशा में अग्रसर है, जिसके माध्यम से कक्षा 6वीं से 12वीं तक के विद्यार्थियों के साथ-साथ शिक्षक, प्रशिक्षक, शैक्षिक प्रबंधक एवं पालक समुदाय स्थानीय कला और सांस्कृतिक विरासत से परिचित हो सकेंगे। इसका उद्देश्य विद्यार्थियों में अपनी स्थानीय धरोहरों के प्रति कलात्मक बोध, संवेदना और गौरव की भावना विकसित करना है।कार्यशाला का प्रमुख उद्देश्य छत्तीसगढ़ की विविध कला एवं सांस्कृतिक विधाओं पर गुणवत्तापूर्ण पाठ्य सामग्री तैयार करना है। इसके साथ ही विद्यार्थियों के शैक्षणिक विकास को ध्यान में रखते हुए प्रत्येक विषय से संबंधित 5 से 10 मिनट की लघु फिल्मों के लिए पटकथा भी तैयार की जाएगी।

100 विषयों पर तैयार होगी पाठ्य सामग्री

कार्यशाला में प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों से आए प्रतिष्ठित साहित्यकारों, विषय-विशेषज्ञों, संस्कृतिविदों, शोधकर्ताओं एवं जनसंचार विशेषज्ञों द्वारा छत्तीसगढ़ की संस्कृति, सभ्यता और कला से जुड़े लगभग 100 विषयों पर लेखन एवं मार्गदर्शन किया जा रहा है। इन विषयों को प्रमुख विधाओं में विभाजित कर विषयवार समूह गठित किए गए हैं।

विभूतियों से लेकर लोक परंपराओं तक का समावेश

आर्ट रिपोजिटरी में छत्तीसगढ़ की विभूतियों, संतों एवं महापुरुषों के योगदान को भी स्थान दिया जाएगा। इनमें लोमश ऋषि, वाल्मीकि, वल्लभाचार्य, गुरु घासीदास, नागार्जुन, श्रृंगी ऋषि, गहिरा गुरु, शबरी माता, राजा चक्रधर, पद्मश्री तीजन बाई, विनोद कुमार शुक्ल, तुलसीराम देवांगन, सुरुज बाई खांडे, माधवराव सप्रे, दाऊ कल्याण सिंह, मिनीमाता, पदुमलाल पुन्नालाल बख्शी, मुकुटधर पाण्डेय, झाडूराम देवांगन, पं. सुंदरलाल शर्मा, धनी धर्मदास, शहीद वीर नारायण सिंह और गुंडाधुर सहित अनेक विभूतियां शामिल हैं। स्थापत्य कला एवं तीर्थ स्थलों में कौशल्या मंदिर, सिरपुर, भोरमदेव, दंतेश्वरी मंदिर, बम्लेश्वरी मंदिर, चंद्रहासिनी मंदिर, मां महामाया मंदिर रतनपुर और राजीव लोचन मंदिर राजिम जैसे महत्वपूर्ण स्थलों को शामिल किया गया है। पंथ एवं परंपराओं के अंतर्गत सतनाम पंथ, कबीर पंथ, रामनामी पंथ, घोटुल, मामा-भांजा, मितान-बदना, लमसेना और मानस मंडली जैसी विशिष्ट परंपराओं पर सामग्री तैयार की जा रही है।

पाठ्य सामग्री से लेकर लघु फिल्म की पटकथा तक

कार्यशाला के प्रथम दिवस पाठ्य सामग्री का प्रस्तुतीकरण, विषयवार समीक्षा और समूह गठन किया जा रहा है। द्वितीय दिवस 25 अगस्त को सामग्री का संशोधन एवं परिमार्जन, अंतिम ड्राफ्ट का निर्धारण तथा लघु फिल्मों के लिए स्क्रिप्ट लेखन किया जाएगा। तृतीय दिवस 26 अगस्त को लघु फिल्म की स्क्रिप्ट का प्रस्तुतीकरण, अंतिम संपादन, स्वीकृति और समापन सत्र आयोजित होगा।

पर्व, लोकनृत्य, संगीत और शिल्प भी होंगे पाठ्य सामग्री का हिस्सा

छत्तीसगढ़ के प्रमुख पर्व एवं उत्सवों में हरेली, नवाखाई, बस्तर दशहरा, गोंचा पर्व, गौरी-गौरा, रथयात्रा, छेरछेरा, तीजा-पोला, भोजली और मड़ई सहित पारंपरिक खेल एवं गतिविधियों को भी शामिल किया गया है। दृश्य कला एवं शिल्प के अंतर्गत डोकरा आर्ट, टेराकोटा, बांस शिल्प, लौह शिल्प, गोदना और रजवार भित्ति चित्रों पर सामग्री तैयार होगी। वहीं लोक संगीत एवं वाद्ययंत्र में कबीर गायन, सुवा, बांस, डंडा, पंथी, भोजली, देवार, ददरिया, फाग, भरथरी, विवाह एवं चंदैनी गीत तथा मांदर, मोहरी, ढोल, बांसुरी, सारंगी, धनकुल और टिमकी जैसे पारंपरिक वाद्यों को स्थान दिया जाएगा।लोक नृत्य एवं रंगमंच में पंथी, राउत नाचा, गेड़ी, ककसाड़, गौर, शैला, सुवा, सरहुल नृत्य, नाचा, पंडवानी एवं लोककथाओं को शामिल किया जा रहा है। इसके साथ ही छत्तीसगढ़ की पारंपरिक पाक कला को भी विद्यार्थियों तक पहुंचाया जाएगा। ठेठरी, खुरमी, फरा-मुठिया, अंगाकर रोटी, चौसेला, बफौरी, चापड़ा चटनी, माड़िया पेज और पपची जैसे पारंपरिक व्यंजनों पर भी सामग्री तैयार की जाएगी।

राहुल गांधी भारत की संस्कृति और विरासत का अपमान कर रहे : पांडेय

रायपुर/नवप्रदेश। भारतीय जनता पार्टी के मुख्य प्रदेश प्रवक्ता एवं सांसद संतोष पांडेय ने कांग्रेस सांसद राहुल गांधी के बयान पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि राहुल गांधी और कांग्रेस पार्टी के नेता भारत की संस्कृति, सभ्यता और विरासत का अपमान कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सांसद राहुल गांधी देश की जनता को लगातार भ्रमित करने का काम करते है। श्री पांडेय ने कहा, राहुल गांधी को, उनके सैम अंकल और क्वात्रोची मामा ने ज्ञान नहीं दिया कि भारत में कितनी महिला मुख्यमंत्री रही हैं।

भाजपा मुख्य प्रदेश प्रवक्ता एवं सांसद श्री पांडेय ने बताया कि सुचेता कृपलानी उत्तर प्रदेश, नंदिनी सतपथी ओडिशा, शशिकला काकोदकर गोवा, सैयदा अनवरा तैमूर असम, एन. जानकी रामचंद्रन एवं जयललिता तमिलनाडु, मायावती उत्तर प्रदेश, राजिंदर कौर भट्ठल पंजाब, राबड़ी देवी बिहार, सुषमा स्वराज और शीला दीक्षित दिल्ली, उमा भारती मध्यप्रदेश, वसुंधरा राजे राजस्थान, ममता बनर्जी पश्चिम बंगाल, आनंदीबेन पटेल गुजरात, महबूबा मुफ्ती जम्मू कश्मीर, रेखा गुप्ता दिल्ली से मुख्यमंत्री बनी हैं। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी यहाँ की संस्कृति, सभ्यता, विरासत का अपमान करने का काम कर रहे हैं, इसे देश की जनता कभी माफ नहीं करेगी। भारतीय जनता पार्टी महिला शक्ति का सम्मान करती है और कांग्रेस के महिला विरोधी मानसिकता की कड़ी निंदा करती है।

भाजपा मुख्य प्रवक्ता एवं सांसद श्री पाण्डेय ने कहा कि कांग्रेस पार्टी और कांग्रेसी नेताओं की महिला विरोधी मानसिकता लगातार सामने आ रही है। इससे पहले जब संसद में नारी शक्ति वंदन अधिनियम बिल लाया गया तब यही काग्रेसी नेताओं ने उस बिल का विरोध किया। उन्होंने कहा कि एक तरफ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी देश की महिलाओं को लोकसभा एवं विधानसभा में 33 प्रतिशत आरक्षण के साथ नेतृत्व करने का अवसर प्रदान कर रहे हैं तो दूसरी ओर कांग्रेस पार्टी समेत समूची विपक्षी दल इसका विरोध कर रहे हैं। कांग्रेस पार्टी के इसी रवैये की वजह से आज कांग्रेस पार्टी भारत के नक्शे से गायब होती नजर आ रही है।

खाद्य विभाग की कार्रवाई, डोमिनोस पिज्जा समेत कई प्रतिष्ठानों के लाइसेंस निलंबित

रायपुर/नवप्रदेश। त्यौहारी सीजन से पहले खाद्य विभाग बने खाबो, बने रहिबो 2.0 अभियान के अंतर्गत ताबड़तोड़ कार्रवाई कर रही है। 7 दिनों में खाद्य पदार्थों के 376 नमूने लिए गए और 550 किलो से अधिक एनालॉग पनीर और 225 किलो खाद्य सामग्री नष्ट किए गए। वहीं जांच में खाद्य पदार्थ अमानक पाए जाने पर कई प्रतिष्ठानों के लाइसेंस एवं पंजीयन निलंबित किए गए। इनमें बिलासपुर के प्रबल फूड और श्रीराम स्वीट्स नगपुरा एवं महासमुंद के वैध फूड, डामिनोज पिज्जा, दिवांश फूड शामिल हैं।

आमजन को स्वच्छ, सुरक्षित एवं पोषण युक्त खाद्य सामग्रियों की उपलब्धता सुनिश्चित करने श्याम बिहारी जायसवाल मंत्री स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग छत्तीसगढ़ शासन के निर्देशन एवं दीपक कुमार अग्रवाल, नियंत्रक खाद्य एवं औषधि प्रशासन के मार्गदर्शन में विभाग लगातार प्रयासरत है। विभाग द्वारा नागरिकों को गुणवत्तायुक्त खाद्य समाग्री उपलब्ध कराने के लिए प्रदेश में लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में छत्तीसगढ़ में त्योहारी सीजन के दौरान आम नागरिकों को सुरक्षित एवं गुणवत्तापूर्ण खाद्य सामग्री उपलब्ध कराने के उद्देश्य से खाद्य एवं औषधि प्रशासन द्वारा चलाए जा रहे 'बने खाबो, बने रहिबो 2.0' अभियान में खाद्य कारोबारियों के विरुद्ध व्यापक कार्रवाई की गई है।

खोवा और रबड़ी के भी नमूने लिए

रायपुर/नवप्रदेश। जिले में लोगों को सुरक्षित, गुणवत्तापूर्ण एवं मानक खाद्य पदार्थ उपलब्ध कराने तथा आगामी रक्षाबंधन पर्व को दृष्टिगत रखते हुए खाद्य एवं औषधि प्रशासन की टीम द्वारा जिले भर में निरीक्षण एवं नमूना संग्रहण की कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में खाद्य सुरक्षा टीम द्वारा मेसर्स महावीर स्वीट्स एवं नमकीन, मेन रोड भाठागाँव से खोवा का नमूना एवं मेसर्स श्री सांई कृपा माँ लक्ष्मी स्वीट्स, तरपोंगी तिल्दा, रायपुर से रबड़ी का नमूना लेकर विश्लेषण

हेतु राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भेजा गया है। जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के उपरांत प्राप्त जांच रिपोर्ट के आधार पर नियमानुसार अग्रिम कार्यवाही की जावेगी।उपरोक्त कार्यवाही कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह एवं नियंत्रक, खाद्य एवं औषधि प्रशासन दीपक कुमार अग्रवाल के निर्देशानुसार की गई है।

आदेश : बड़ी संख्या में युवा इंजीनियरों की नियुक्ति से जल जीवन मिशन एवं अन्य कार्यों में आएगी तेजी : अरुण साव

लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग में 111 उप अभियंताओं की नियुक्ति

■ प्रमुख अभियंता कार्यालय द्वारा पदस्थापना आदेश जारी, 15 दिनों में ज्वाइनिंग के निर्देश

रायपुर/नवप्रदेश। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग ने 111 उप अभियंताओं की नियुक्ति के आदेश जारी किए हैं। इनमें 101 सिविल अभियंता और 10 विद्युत/यांत्रिक अभियंता शामिल हैं। प्रमुख अभियंता कार्यालय द्वारा नियुक्ति के साथ ही सभी चयनित उप अभियंताओं की पदस्थापना के आदेश भी जारी किए गए हैं। चयनितों को नियुक्ति आदेश जारी होने के 15 दिनों के भीतर पदस्थापना कार्यालय में अनिवार्य रूप से उपस्थित होने कहा गया है। निर्धारित तिथि तक उपस्थित नहीं होने की स्थिति में नियुक्ति स्वयंमेव निरस्त मानी जाएगी।

लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग में उप अभियंता (सिविल) के 118 पदों तथा उप अभियंता (विद्युत/यांत्रिकी) के 10 पदों पर भर्ती के लिए व्यावसायिक परीक्षा मंडल (व्यापम) द्वारा अप्रैल-2025 में लिखित परीक्षा ली गई थी। परीक्षा परिणाम जारी होने के बाद जुलाई-2025 में विभाग द्वारा व्यापम की मेरिट सूची के अनुसार अभ्यार्थियों के दस्तावेज परीक्षण

और पदस्थापना विकल्प के संबंध में कांउसलिंग के बाद उच्चतम न्यायालय में दायर स्थगन के कारण नियुक्ति प्रक्रिया विलंबित रही। उच्चतम न्यायालय द्वारा 20 अगस्त 2026 को याचिका के निराकरण के बाद उप मुख्यमंत्री तथा लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री श्री अरुण साव के निर्देश पर विभाग ने तत्काल 22 अगस्त को प्रथम चरण में अनुशंसित चयन सूची के अनुसार सिविल के 101 उप अभियंताओं तथा विद्युत/यांत्रिकी के 10 उप अभियंताओं के पदस्थापना आदेश जारी कर दिए हैं।

उप मुख्यमंत्री तथा लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री श्री अरुण साव ने एक साथ इतनी बड़ी संख्या में नियुक्ति पर खुशी जताते हुए कहा कि युवा इंजीनियरों की विभाग में नियुक्ति से विभागीय कार्यों, विशेषकर जल जीवन मिशन के कार्यों में गति आएगी। उच्चतम न्यायालय से प्रकरण के निराकरण के तत्काल बाद हमने नियुक्ति प्रक्रिया पूरी कर पदस्थापना आदेश जारी किए हैं। इन युवा इंजीनियरों की ऊर्जा और तकनीकी दक्षता का लाभ लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग को मिलेगा। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग ने सभी चयनितों को पदस्थापना कार्यालय में उपस्थिति देते समय शैक्षणिक योग्यता प्रमाण पत्र, स्थाई जाति प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र, सक्षम मेडिकल बोर्ड का स्वास्थ्य प्रमाण पत्र एवं अन्य प्रमाण पत्रों की मूल प्रति अनिवार्यतः प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। मूल तकनीकी शैक्षणिक योग्यता प्रमाण पत्र के साथ कक्षा दसवीं की अंकसूची जिसमें जन्मतिथि अंकित हो या मूल जन्म प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य है।

सुविचार

अगर आप उस इंसान की तलाश में हैं जो आपकी जिंदगी बदलेगा तो आइना देख ले

आधी आबादी को लेकर राहुल गांधी की चिंता

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी अपने छात्रों की गूंज कार्यक्रम के तहत महाराष्ट्र के पुणे पहुंचे तो उन्होंने पहली बार लीक से अलग हटकर देश की आधी आबादी महिलाओं की मौजूदा स्थिति पर गंभीर चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि महिला ही हमारे देश की सबसे बड़ी ताकत हैं, लेकिन आज भी वे उपेक्षित हैं। महिलाओं को अपने अधिकारों के लिए लड़ना सिखना होगा और सही मायनों में आजादी हासिल करनी होगी। आज की महिलाएं किसी पर आश्रित नहीं है। उन्हें अपनी अलग पहचान बनानी होगी। महिलाओं को लेकर नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी की यह चिंता स्वाभाविक है। वास्तव में आज आजादी के आठ दशकों के बाद भी महिलाओं के साथ दोयम दर्जे का व्यवहार होता है। पुरुष प्रधान इस समाज में महिलाओं को आज भी वह स्थान नहीं मिल पाया है जिसकी वे अधिकारी हैं। सनातन संस्कृति में महिलाओं को शक्ति का प्रतीक बताया गया है और यह भी कहा गया है कि जहां महिलाओं का सम्मान होता है वहां देवता वास करते हैं। इसके बावजूद आज भी प्रासंगिक है ये पंक्तियां... अबला जीवन हाय तुम्हारी... यही कहानी आंचल में दूध और आंखों में पानी...। आजाद मुल्क में यदि आज भी देश की आधी आबादी को अपनी आजादी के लिए संघर्ष करना पड़ रहा है तो इससे बड़ी त्रासदी और कोई हो नहीं सकती। राहुल गांधी ने ठीक ही कहा है कि आज भी सिर्फ आठ प्रतिशत महिलाओं के पास ही खुद की प्रापर्टी है। इसका आशय स्पष्ट है कि परिवार में आज भी महिलाओं को संपत्ति में अधिकार नहीं मिल पा रहा है। आर्थिक रूप से जब तक महिलाएं सशक्त नहीं होंगी तब तक महिला सशक्तिकरण का कोई औचित्य नहीं रह जाता। महिला आज हिंसा और अपमान का शिकार हो रही है। उन्हें अपनी पसंद का जीवन जीने की स्वतंत्रता नहीं मिल पाई है। इस बारे में भी राहुल गांधी ने वहां उपस्थित युवतियों का उत्साह बढ़ाते हुए ठीक ही कहा है कि लड़कियों को डर कर और दब कर नहीं रहना चाहिए। लड़कियों को अपनी बात जोरदार ढंग से कहनी चाहिए और लड़की होने पर गर्व महसूस करना चाहिए तथा पृत्रसत्ता से मिलकर लड़ना चाहिए। ऐसी ही बात कांग्रेस की सांसद प्रियंका गांधी ने भी कही थी और नया नारा दिया था कि लड़की हूं लड़ सकती हूं। वास्तव में आज लड़कियों को ही अपनी लड़ाई लड़ने के लिए आगे आना होगा। उन्हें बेटी, पत्नि और माँ की भूमि तक ही सीमित न रहकर अपनी अलग पहचान बनानी होगी। छात्रों की गूंज कार्यक्रम में छात्राओं और महिलाओं को संबोधित करते हुए राहुल गांधी ने आधी आबादी में उम्मीद की नई किरण जगाई है। निश्चित रूप से अब महिलाएं अपने अधिकारों के प्रति सजग होंगी और अपने हक की लड़ाई लड़ने आगे आएंगी।

उच्च स्तरीय समिति में ओपी चौधरी का स्थान

देशभर में जेनजी के भीतर उपजते असंतोष को मद्देनजर रखकर भाजपा ने जेन-जी के साथ सतत संपर्क बनाये रखने के लिए एक उच्च स्तरीय कमेटी का गठन किया है, जिसमें छत्तीसगढ़ के वित्तमंत्री ओपी चौधरी को भी शामिल किया गया है। यह छत्तीसगढ़ के लिए गर्व की बात है। हाल ही में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन ने जो अपनी टीम गठित की है उसमें भी उन्होंने महासमुंद की सांसद रूपकुमार चौधरी को भाजपा महिला मोर्चा की राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाया और दीपक म्हस्के को आईटी सेल की कमान सौंपी है। और अब उन्होंने छत्तीसगढ़ के वित्त मंत्री ओपी चौधरी को उच्च स्तरीय समिति में स्थान दिया है। यह समिति एक माह के भीतर जेन-जी से संपर्क करने का अभियान शुरू करेगी और इस राष्ट्रव्यापी अभियान की निगरानी खुद भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन करेंगे। गौरतलब है कि देश में जेन-जी की संख्या लगभग 30 करोड़ है और आगामी लोकसभा चुनाव तक इन जेनजी में से और भी करोड़ युवा मतदान का अधिकार प्राप्त कर लेंगे। ऐसे में जेन-जी में पनपते असंतोष का सामना करना भाजपा के लिए निहायत जरूरी है। इसी वजह से यह समिति गठित की गई है, जिसमें छत्तीसगढ़ के वित्त मंत्री ओपी चौधरी को महत्वपूर्ण दायित्व सौंपा गया है। वे पूर्व में कलेक्टर रह चुके हैं और फिर अपने पद से इस्तीफा देकर राजनीति में आये हैं। वे छत्तीसगढ़ के युवाओं के आईडल बने हुए हैं। ऐसे में वे निश्चित रूप से अपनी जिम्मेदारी का कुशलतापूर्वक निर्वहन करने में सफल होंगे और भाजपा के शीर्ष नेतृत्व ने उनके प्रति जो विश्वास जताया है उसकी कसौटी पर भी वे खरा उतरकर दिखाएंगे। जेन-जी में उपजे असंतोष को दूर करना कोई आसान काम भी नहीं है। नीट पेपरलीक मामले को लेकर जिस तरह जेन-जी ने बड़ा आंदोलन किया, जिसके चलते केन्द्रीय शिक्षामंत्री धर्मेन्द्र प्रधान को अपने पद से इस्तीफा देना पड़ा। अब वहीं जेन-जी शिक्षा प्रणाली में सुधार की मांग को लेकर आंदोलित हो उठा है। जगह-जगह जेन-जी अपनी न्यायोचित मांगों को लेकर आंदोलित हो रहा है। ऐसे में भाजपा ने जेन-जी को जोड़ने और उनकी समस्याओं का समाधान करने के लिए हाईपॉवर कमेटी का गठन करके सही दिशा में सही कदम उठाया है। इसका परिणाम कैसा निकलेगा यह देखना होगा।

आज का इतिहास

नई दिल्ली(वार्ता)। बंगाल के क्रांतिकारियों ने 1914 को कलकत्ता में ब्रिटिस बेडे पर हमला कर 50 माउजर और 46 हजार राउंड गोलियां लूटी। अमरीका में महिलाओं को 1920 में मताधिकार मिला। जर्मनी के शहर म्यू निख में 20 वें ओलंपिक खेलों की शुरूआत 1977 को हुई। जॉन पॉल रोमन कैथोलिक चर्च के पोप 1978 में बने। नासा ने 1982 में टेलीसेट-एफ का प्रक्षेपण किया। म्यांमार अहिंसावादी नेता आंग सान सू ची मोर्चा लेकर 1988 में रंगून पहुंचीं। माइकल जॉनसन ने 1999 में 400 मीटर दौड़ में विश्व रिकॉर्ड बनाया। बांग्लादेश के पूर्व प्रधानमंत्री 2001 में जेल भेजे गए। दक्षिण अफ्रीका के जोहानिसबर्ग शहर में दस दिवसीय पृथ्वी सम्मेलन 2002 में शुरू हुआ। पाक-अफगान सीमा पर अमेरिकी नेतृत्व वाली सेना ने 2007 में 12 तालिबानियों को मार गिराया। तेलगु फ़िल्मों के सुपर स्टार चिरंजीवी ने 2008 में अपनी नई पार्टी प्रजा राज्यम का उद्घाटन किया। फिलीपींन्स में 2013 को विकास सहायता कोष घोटाले को लेकर विरोध प्रदर्शन। अमेरिका के वर्जीनिया में 2015 को दो पत्रकारों की गोली मारकर हत्या कर दी गई।

छात्रों के बहाने राहुल का दिमागी नक्सल

डॉ प्रवीण दाताराम

निर्मल, पवित्र, ऐतिहासिक और भारतप्रिय 'राष्ट्रगीत – वंदेमातरम' के पूर्ण गान से इंकार करके 'मुस्लिम तुष्टिकरण' करने वाले राहुल गांधी से अब यही आशा थी। पिछले सप्ताह 'राष्ट्रगीत – वंदे मातरम्' के विरोध में कांग्रेस वर्किंग कमेटी में प्रस्ताव पारित कराया और इस सप्ताह उन्होंने छात्रों से संवाद के बहाने फिर मुस्लिम तुष्टिकरण किया सनातन पर चोट कर दी। राहुल गांधी को पता ही है कि सनातन का अर्थ ही नित नई नूतनता के साथ आगे बढ़ने का नाम है। यदि ऐसा नहीं होता तो क्या हम आज अनेकों सामाजिक बुराइयों से घिरे नहीं होते? उदाहरणार्थ, हम सनातनियों ने अपनी एक से अधिक विवाह करने की बुराई को बिना किसी प्रतिरोध के छोड़ दिया है। ऐसी अनेक सामाजिक बुराइयाँ हैं जिनसे हम सनातनियों ने बड़ी सहजता से मुक्त हुए हैं। इसके लिए हमें कोई सुधार आंदोलन नहीं करने पड़े न कोई प्रपंच करना पड़े। हिंदुत्व का स्वमेव मंथन हुआ और बुराइयाँ छूटती चली गईं। आगे भी ऐसा ही होगा। ये नेता नगरी आए या न आए, सनातन सदैव नूतनता को अपनाता ही रहेगा।

इधर 'स्मैश द पेट्रियार्की' बोलो और उधर शाहबानों को जिंदा दफना दो

मुस्लिम आक्रांताओं के भय से हिंदू समाज ने पर्दा प्रथा अपनाई, रात्रि में विवाह करने को विवशता हुए। हिंदू स्त्री शिक्षा में भी ये मुस्लिम आक्रांता ही बाधा बने थे। समय आने पर हम सनातनियों ने इन बुराइयों को उखाड़ भी फेंका है।

आज हिंदू महिलाएँ अपने अंतिरिक्ष से भी अपने परिवार का नेतृत्व करती हैं। वस्तुतः पितृसत्ता और मातृसत्ता शब्द ही विदेशी हैं। हिंदू 'परिवार संस्था' ने कोई भेद ही नहीं रखा है। स्त्री-पुरुष का समग्र चिंतन अर्थात् मनुष्य का चिंतन ही हमारी परंपरा रही है।

'स्मैश द पेट्रियार्कि' बोलते समय राहुल गांधी ने स्वयं के परिवार का भी अध्ययन नहीं किया! यदि भारत में पितृसत्ता होती तो क्या इंदिराजी प्रधानमंत्री होती? राहुल गांधी सहित सभी राजनेताओं को राजनैतिक मंचों से हिंदू ग्रंथों, सभ्यता, और सांस्कृतिक परंपराओं टिप्पणी करते समय सावधान रहना चाहिए। क्या ये नेता 'मुस्लिम तुष्टिकरण' के लिए कुछ भी कहते और करते चले जाएँगे?!

पेट्रियार्कि अर्थात् पितृसत्ता पर राहुल पुणे में बहुत बोले। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि पितृसत्ता को खत्म करना है। 'स्मैश द पेट्रियार्की' (Smash the patriarchy) का नारा दिया। 'यत्र नारी पूजयन्ते रमंते तत्र देवताः' वाले हमारे देश में 'राहुल गांधी' को और विशेषतः कांग्रेस को तो यह बात करने का कतई अधिकार नहीं है। पेट्रियार्कि का सर्वाधिक ज्वलंत उदाहरण शाहबानों प्रकरण ही है। पितृसत्ता पर यदि चोट करना है तो प्रारंभ मुस्लिम समाज से करना होगा।

राहुल गांधी हिजाब, पर्दा प्रथा, बुर्के पर क्यों नहीं बोले। क्या राहुल गांधी शाहबानों प्रकरण में तत्कालीन प्रम राजीव गांधी द्वारा नए सिरे से स्थापित पेट्रियार्कि को चुनौती देंगे।

बड़े ही प्रगतिशील विचारों के धनी कहलाने वाले, विदेशों में पले-बढ़े राजीव गांधी ने शाहबानों प्रकरण में संसद में प्रस्ताव पारित करके 'मुस्लिम स्त्रियों' पर कई सदियों की पेट्रियार्कि एक झटके में लाद दी थी। राहुल जी पेट्रियार्कि पर बोलते समय मुस्लिम समाज में एक से अधिक निकाह के अधिकार पर एक शब्द न बोले। मुस्लिम महिला के सीमित पेतृक विरासत के अधिकार पर भी नहीं बोले। मुस्लिम विधवाओं और तलाकशुदा महिला के संपत्ति अधिकार और गुजारा भत्ते पर न बोलने का साहस न कर पाए।

विश्व में अनेक ऐसे मुस्लिम बहुल शरिया आपरेटेड देश हैं जो 'एक बीबी' के नियम को अपना चुके हैं फिर भारत में मुस्लिमों को चार निकाह का अधिकार क्यों है? क्या राहुल की 'स्मैश द पेट्रियार्कि' एक आँख से अंधी है?

विश्व में अनेक ऐसे मुस्लिम बहुल देश हैं जिन्होंने बुर्के, हिजाब, पर्दे को 'कुरान सम्मत' नहीं बताते हुए उसे खारिज कर दिया है। राहुल गांधी के 'स्मैश द पेट्रियार्कि' में हिजाब, बुर्का क्यों नहीं आता है? दो-तीन वर्ष पूर्व भारत में कर्नाटक से 'हिजाब विरोध' की सार्थक बयार बहना प्रारंभ हुई थी। तब तो राहुल जी के मुँह में दही जमी हुई थी। कर्नाटक में कांग्रेस शासन के आते ही विद्यालयों में मुस्लिम बालिकाएं विवशता में हिजाब, नक़ाब, बुर्का पहनकर ही आती हैं! यहाँ पर राहुल जाएँ और हिजाब को हवा में उछालकर 'स्मैश द पेट्रियार्कि' बोलें, तब बात समझ में आती है। दोहरे मापदण्डों से राजनीति मत करो साहब! लड़के गाली देते हैं यह गलत बात है, उन्हें रोकिए। राहुल जी आप तो हमारी लड़कियों को गालियाँ देने के लिए उकसा रहे हैं? आखिर आपका सीन क्या है? भारत की सभ्यता वेदों, उपनिषदों, पुराणों, रामायण-महाभारत, बौद्ध-जैन-सिक्ख दर्शन, लोक-संस्कृतियों और असंख्य सामाजिक अनुभवों से बनी एक विशाल सभ्यतागत धारा है। यदि भारतीय संस्कृति में केवल स्त्री-दमन ही होता, तो गार्गी और मैत्रेयी जैसी विदुषियों की परंपरा कैसे विकसित होती? वेदों में स्त्रियों के विद्वतापूर्ण संवादों का उल्लेख कैसे मिलता? हिंदू विवाह के तो नियम और संहिता ही मातृशक्ति ने लिखे हैं।

भारतीय समाज में सामाजिक बुराइयां थीं, असमानताएं थीं और अनेक रूढ़ियाँ भी थीं। किंतु किसी सभ्यता का मूल्यांकन उसकी कमियों के साथ-साथ उसके आत्मसुधार की क्षमता से भी किया जाना चाहिए। भारत ने समय-समय पर अपने भीतर से सुधारकों को जन्म दिया और सामाजिक कुरीतियों के विरुद्ध सफल संघर्ष किया है। किसी ग्रंथ की कालबाह्य (चलन से बाहर) चुनिंदा पंक्तियों को लेकर उसे संपूर्ण हिंदू समाज की मानसिकता घोषित कर देना पक्षपात है। यह हिंदू विरोध है। भारतीय संस्कृति को स्त्री-विरोधी बताकर राजनैतिक लाभ प्राप्त करने का प्रयास 'दिमागी नक्सल' है।

राहुल गांधी ने पुणे के कार्यक्रम में महिलाओं को भारत की बड़ी शक्ति बताया और उनकी स्वतंत्र पहचान की वकालत की। यह बात स्वागत योग्य है। लेकिन जब इसी विमर्श के साथ भारतीय सांस्कृतिक परंपराओं को संदेह की दृष्टि से प्रस्तुत किया जाता है, तब प्रश्न उठना स्वाभाविक है कि क्या युवाओं को अपनी जड़ों से जोड़ने के बजाय उनसे दूर करने का प्रयास किया जा रहा है? आज भारत का युवा अपनी पहचान को लेकर सजग है। वह आधुनिक भी होना चाहता है और भारतीय भी। वह विज्ञान और तकनीक में आगे बढ़ना चाहता है, लेकिन अपनी सभ्यता पर गर्व भी करना चाहता है।

उसे महिला-पुरुष समानता चाहिए, लेकिन इसके लिए उसे अपनी संस्कृति से घृणा करना स्वीकार्य नहीं है। राहुल गांधी का महिला-समानता का संदेश तनिक सुनने योग्य हो सकता था यदि वह हिंदू-मुस्लिम दोनों के समान संदर्भों में कहा जाता। किंतु, भारतीय संस्कृति को संदेह के घेरे में रखकर दिया गया संदेश स्वीकार्य नहीं हो सकता। भारतीय हिंदू संस्कृति इतनी कमजोर नहीं कि उसे आधुनिकता के लिए त्यागना पड़े, और आधुनिकता इतनी संकीर्ण नहीं कि वह भारतीयता के साथ चल न सके।राजनीति को समाज की वास्तविक समस्याओं का समाधान करना चाहिए, सांस्कृतिक आत्महीनता पैदा नहीं करनी चाहिए। भारत की संस्कृति पर प्रहार करके आधुनिकता नहीं आएगी; अपनी जड़ों को समझकर, विवेक से सुधार करके और आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़कर ही नया भारत बनेगा।

पूंजी प्रवाह से सुदृढ़ हुई भारतीय अर्थव्यवस्था

महेन्द्र तिवारी

भारत की अर्थव्यवस्था के लिए यह सप्ताह एक महत्वपूर्ण उपलब्धि लेकर आया है। भारतीय रिजर्व बैंक के ताजा आंकड़ों के अनुसार देश का विदेशी मुद्रा भंडार बढ़कर 716.9 अरब डॉलर पर पहुंच गया है, जो लगभग छह महीने का सर्वोच्च स्तर है। एक ही सप्ताह में इसमें लगभग 9.9 अरब डॉलर की वृद्धि दर्ज की गई है। यह केवल एक सांख्यिकीय उपलब्धि नहीं है, बल्कि वैश्विक आर्थिक अनिश्चितताओं के बीच भारत की वित्तीय मजबूती, निवेशकों के बढ़ते विश्वास और बाहरी भुगतान क्षमता का स्पष्ट संकेत भी है। लगातार सात सप्ताह से विदेशी मुद्रा भंडार में हो रही वृद्धि यह दर्शाती है कि भारतीय अर्थव्यवस्था बाहरी दबावों का सामना करने के लिए पहले की तुलना में कहीं अधिक सक्षम होती जा रही है।

विदेशी मुद्रा भंडार को सामान्य भाषा में समझें तो यह किसी राष्ट्र की वह वित्तीय पूंजी है जिसे वह विदेशी मुद्राओं, स्वर्ण, विशेष आहरण अधिकार और अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष में अपनी आरक्षित हिस्सेदारी के रूप में सुरक्षित रखता है। जिस प्रकार किसी परिवार के पास कठिन समय के लिए बचत होती है, उसी प्रकार किसी देश के लिए विदेशी मुद्रा भंडार आर्थिक संकट, युद्ध, प्राकृतिक आपदा, आयात भुगतान और मुद्रा स्थिरता के समय सुरक्षा कवच का कार्य करता है। यही कारण है कि विश्व के विकसित और उभरते हुए सभी देश अपने विदेशी मुद्रा भंडार को मजबूत रखने का प्रयास करते हैं।

भारत के भंडार में आई इस वृद्धि का सबसे बड़ा कारण लगातार बढ़ता विदेशी पूंजी प्रवाह है। पिछले कुछ महीनों में भारतीय रिजर्व बैंक ने ऐसी कई नीतिगत पहल कीं जिनका उद्देश्य देश में विदेशी मुद्रा का आगमन बढ़ाना था। सरकारी कंपनियों और बैंकों के विदेशी ऋणों के लिए विनिमय जोखिम को कम करने वाली सुविधाएं दी गईं तथा विदेशों से जमा जुटाने वाले बैंकों को विशेष प्रोत्साहन प्रदान किया गया। इन उपायों के परिणामस्वरूप बड़ी मात्रा में विदेशी मुद्रा भारत आई और उसका महत्वपूर्ण हिस्सा रिजर्व बैंक के भंडार में जुड़ गया।

विदेशी मुद्रा भंडार का सबसे बड़ा हिस्सा विदेशी मुद्रा परिसंपत्तियों का होता है। वर्तमान वृद्धि में भी लगभग 7.2 अरब डॉलर की बढ़ोतरी इसी हिस्से में हुई है। इसके अतिरिक्त स्वर्ण भंडार का मूल्य भी लगभग 2.7 अरब डॉलर बढ़ा है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोने की कीमतों में मजबूती का लाभ भारत को मिला है। दूसरी ओर विशेष आहरण अधिकार में मामूली परिवर्तन देखने को मिला, किंतु उसका समग्र प्रभाव नगण्य रहा। कुल मिलाकर यह वृद्धि संतुलित और व्यापक आधार वाली मानी जा रही है।यह प्रश्न स्वाभाविक है कि विदेशी मुद्रा भंडार बढ़ने से आम नागरिक को क्या लाभ होता है। इसका सबसे पहला प्रभाव रुपये की स्थिरता पर पड़ता है। जब किसी देश के पास पर्याप्त विदेशी मुद्रा होती है, तब उसका केंद्रीय बैंक आवश्यकता पड़ने पर बाजार में डॉलर बेचकर रुपये की अत्यधिक गिरावट को रोक सकता है। यदि विदेशी मुद्रा का भंडार कमजोर हो तो आयात महंगे हो जाते हैं, पेट्रोल और डीजल की कीमतों पर दबाव बढ़ता है तथा महंगाई तेजी से बढ़ सकती है। मजबूत भंडार इन जोखिमों को काफी हद तक नियंत्रित करने में सहायता करता है।

भारत विश्व के सबसे बड़े ऊर्जा आयातकों में शामिल है। कच्चा तेल, प्राकृतिक गैस, उर्वरक और अनेक औद्योगिक कच्चे माल के लिए विदेशी मुद्रा में भुगतान करना पड़ता है। यदि वैश्विक स्तर पर तेल की कीमतें अचानक बढ़ जाएं या अंतरराष्ट्रीय व्यापार में संकट उत्पन्न हो जाए, तब विदेशी मुद्रा भंडार देश को बिना घबराहट के आयात जारी रखने की क्षमता देता है। इसका सीधा लाभ उद्योगों, परिवहन, कृषि और अंततः उपभोक्ताओं तक पहुंचता है। इसलिए विदेशी मुद्रा भंडार केवल बैंक की तिजोरी में रखा धन नहीं, बल्कि आर्थिक गतिविधियों का मौन संरक्षक भी है।

वर्तमान उपलब्धि का एक दूसरा महत्वपूर्ण पक्ष निवेशकों का विश्वास है। जब विदेशी निवेशक किसी देश में निवेश करने का निर्णय लेते हैं, तब वे केवल बाजार के आकार को नहीं देखते, बल्कि उस देश की बाहरी वित्तीय स्थिति, मुद्रा की स्थिरता और भुगतान क्षमता का भी मूल्यांकन करते हैं। 716.9 अरब डॉलर का भंडार यह संदेश देता है कि भारत अपने अंतरराष्ट्रीय दायित्वों को पूरा करने में सक्षम है और अचानक आने वाले वैश्विक वित्तीय झटकों का सामना कर सकता है। यही विश्वास प्रत्यक्ष विदेशी निवेश और पूंजी बाजार में निवेश दोनों को प्रोत्साहित करता है।

हालांकि यह उपलब्धि महत्वपूर्ण है, फिर भी इसे सर्वकालिक रिकॉर्ड नहीं कहा जा सकता। इस वर्ष फरवरी में भारत का विदेशी मुद्रा भंडार लगभग 728.5 अरब डॉलर के ऐतिहासिक स्तर तक पहुंचा था। वर्तमान भंडार उससे कुछ कम है, किंतु छह महीने बाद दोबारा उस स्तर के निकट पहुंचना यह संकेत देता है कि भारतीय अर्थव्यवस्था ने अस्थायी उतार चढ़ाव से उबरकर फिर मजबूती हासिल की है। यदि पूंजी प्रवाह और निर्यात में सुधार की यह गति बनी रहती है, तो आने वाले समय में नया रिकॉर्ड बनना भी संभव है।

विश्व अर्थव्यवस्था इस समय अनेक चुनौतियों से घिरी हुई है। अमेरिका और कनाडा के बीच व्यापारिक शुल्क विवाद, पश्चिम एशिया में भू राजनीतिक तनाव, समुद्री मार्गों की सुरक्षा और वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला की अनिश्चितता ने अंतरराष्ट्रीय बाजारों को अस्थिर बनाया हुआ है। ऐसी परिस्थितियों में जिन देशों के पास मजबूत विदेशी मुद्रा भंडार है, वे अपेक्षाकृत सुरक्षित स्थिति में रहते हैं। भारत की यह उपलब्धि इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि उसने वैश्विक अस्थिरता के दौर में अपनी वित्तीय नींव को मजबूत बनाए रखा है।

भारतीय रिजर्व बैंक की भूमिका भी यहां उल्लेखनीय है। केंद्रीय बैंक केवल मुद्रा छापने वाली संस्था नहीं है, बल्कि वह विदेशी मुद्रा बाजार में संतुलन बनाए रखने का दायित्व भी निभाता है। जब अत्यधिक विदेशी पूंजी देश में आती है, तब रिजर्व बैंक उसका एक हिस्सा खरीदकर अपने भंडार में जोड़ लेता है ताकि रुपये का अत्यधिक मूल्यवृद्धि न हो। दूसरी ओर जब डॉलर की मांग बढ़ जाती है, तब वही भंडार बाजार में उपलब्ध कराया जाता है। इस संतुलित हस्तक्षेप से मुद्रा बाजार में अनावश्यक उतार चढ़ाव कम होता है और व्यापार जगत को स्थिर वातावरण मिलता है।

विदेशी मुद्रा भंडार का संबंध केवल वित्त मंत्रालय या रिजर्व बैंक तक सीमित नहीं है। इसका प्रभाव किसानों, उद्यमियों, निर्यातकों, विद्यार्थियों और विदेश यात्रा करने वाले नागरिकों तक पहुंचता है। यदि रुपया स्थिर रहता है तो विदेश में पढ़ाई का खर्च अपेक्षाकृत नियंत्रित रहता है, आयातित मशीनें कम महंगी होती हैं, उद्योगों की उत्पादन लागत संतुलित रहती है और निर्यातकों को भी विनिमय दर में अत्यधिक अस्थिरता का सामना नहीं करना पड़ता। इस प्रकार यह भंडार प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष दोनों रूपों में आर्थिक जीवन को प्रभावित करता है।

> आने वाले समय में भारत के सामने चुनौती केवल भंडार बढ़ाने की नहीं, बल्कि उसे टिकाऊ आधार पर बनाए रखने की होगी। इसके लिए निर्यात में वृद्धि, विनिर्माण क्षेत्र का विस्तार, सेवा क्षेत्र की प्रतिस्पर्धात्मकता, पर्यटन से विदेशी आय और दीर्घकालिक विदेशी निवेश को प्रोत्साहित करना आवश्यक होगा। केवल अल्पकालिक पूंजी प्रवाह पर निर्भर रहना पर्याप्त नहीं माना जा सकता। स्थायी आर्थिक शक्ति वही होती है जो उत्पादन, नवाचार और वैश्विक व्यापार में निरंतर बढ़त बनाए रखे। 716.9 अरब डॉलर का विदेशी मुद्रा भंडार भारत की आर्थिक यात्रा का एक महत्वपूर्ण पड़ाव है। यह उपलब्धि बताती है कि देश ने वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच अपनी बाहरी वित्तीय स्थिति को मजबूत किया है और निवेशकों के विश्वास को बनाए रखा है। मजबूत विदेशी मुद्रा भंडार किसी भी राष्ट्र के लिए आर्थिक स्वतंत्रता, मुद्रा स्थिरता और संकट से निपटने की क्षमता का प्रतीक होता है। यदि भारत इसी संतुलित नीति, विवेकपूर्ण वित्तीय प्रबंधन और उत्पादन आधारित विकास की दिशा में आगे बढ़ता रहा, तो यह भंडार केवल एक आंकड़ा नहीं रहेगा, बल्कि विकसित भारत की आर्थिक नींव का सशक्त स्तंभ सिद्ध होगा।

राशि फल

पं. देवव्रत शर्मा

मेष : आज आपमे आध्यात्मिक उन्नति होगी। धर्म के गूढ़ रहस्यों को जानने में रुचि लेंगे। मानसिक रूप से प्रसन्न रहने के वातावरण बनते रहेंगे। विपरितलिंगीय के प्रति उदासीनता दिखाएंगे।

वृषः आज का दिन थोड़ा उठा पटक वाला रहेगा। सेहत प्रातः काल से नरम रहेगी मन अकारण ही अशांत रहेगा। थकान मिटाने के लिए मनोरंजन के अवसर उपलब्ध हो सकेंगे।

मिथुनः आज का दिन विविध क्षेत्रों में विजय दिलाने वाला रहेगा आज आप जिस भी कार्य को करेंगे उसमे आरम्भ में थोड़ी झिझक रहेगी परन्तु अंतिम फल शुभ ही रहेगा।

कर्कः आज का दिन मिश्रित फलदायक रहेगा। सेहत में उतार-चढ़ाव आएंगे स्वास्थ्य नरम रहने पर भी कार्यो को प्रभावित नहीं होने देंगे। व्यवसायी बचत कर सकेंगे।

सिंहः आज के दिन आप अपना ध्यान आवश्यक कार्यो पर एकाग्र करने का प्रयास करें अन्यथा जहाँ लाभ होना है वहां हानि मिलेगी। मन अनर्गल कार्यो में अधिक भटकेगा।

कन्याः आज का दिन सावधानी से बिताने की सलाह है आज राह चलते लोग भी आपके व्यक्तित्त्व पर छींटाकशी करेंगे जिससे मानसिक स्थिति खराब रहेगी। धन संबंधित कार्य लटके रहेंगे।

तुलाः आज के दिन भाग दौड़ अधिक रहेगी परन्तु परिणाम आशा के विपरीत रहने से मन मे नकारात्मक विचार बनेंगे। आर्थिक कारणों से कोई कार्य अधूरा रहेगा अथवा मनोकामना पूर्ति नही कर सकेंगे।

वृश्चिकः आज आप अधिकांश समय आराम में बिताना पसंद करेंगे। स्वास्थ्य सम्बंधित शिकायत पेट सम्बंधित समस्या मुख्यतः रहेगी। आकस्मिक कार्य आने से यात्रा करनी पड़ सकती है।

धनुः आज के दिन प्रातः काल से ही मन मौज मस्ती की ओर आकर्षित रहेगा यात्रा प्रवास के योग भी बन रहे है ना चाहकर भी करनी पड़ सकती है।

मकरः आज के दिन भी आपको विविध कष्टो का सामना करना पड़ेगा दिनचर्या अस्त व्यस्त रहेगी। आप पूर्वाग्रह से ग्रसित रहेंगे। अपने जिद्दी स्वभाव के कारण आसपास का वातावरण अशान्त बनाएंगे।

कुंभः आज का दिन धन के साथ-साथ सुख शान्ति दायक भी रहेगा। व्यापारी वर्ग को लाभदायक सौदे मिलेंगे। भविष्य की योजनाओं पर भी धन का निवेश करेंगे साथ ही बचत भी कर पाएंगे।

मीनः आपको आज का दिन मिलाजुला फल देगा। आज का दिन लाभ दिला सकता है परन्तु क्रोध को वश में रखना जरूरी है।

QUIZ TIME

1) पहला ग्राफिकल यूजर इंटरफेस किसने बनाया?
2) बुद्ध के उपदेश मुख्यतः किस भाषा में दिए गए थे?
3) एस्तादो दा इंडिया नाम किसकी कंपनी भारत में जानी जाती थी?
4) 1890 में, कलकत्ता विश्वविद्यालय की पहली महिला स्नातक ने कॉंग्रेस अधिवेशन को संबोधित किया था। वह थी
5) भारत की पहली प्राइवेट-ब्रांडेड ट्रेन लखनऊ-दिल्ली का नया नाम क्या रखा जाएगा?



उत्तरमाला- (1) जेरॉक्स ऑल्टो (2) पाली (3) पुर्तगाली ईस्ट इंडिया कंपनी (4) कादंबिनी गांगुली (5) स्प्राइट तेजस एक्सप्रेस

★ —— RamaQuiz —— ★

कार्टून

दिनभर रूक -रूककर बारिश, जिले में सामान्य से 9.6 फीसदी अधिक बरसा पानी

बिलासपुर/नवप्रदेश। अलग-अलग मानसूनी सिस्टम बनने के कारण आज दिनभर रूक - रूककर बारिश होती रही में मानसून की सक्रियता अभी भी बनी हुई है। 24 अगस्त तक जिले में कुल 10,166.6 मिमी वर्षा दर्ज की गई है। पिछले 10 वर्षों के औसत के आधार पर इस अवधि में अपेक्षित 9,276.8 मिमी वर्षा की तुलना में जिले में अब तक 109.6 प्रतिशत बारिश हो चुकी है। यानी जिले में औसत से करीब 9.6 प्रतिशत अधिक वर्षा दर्ज की गई है। जिला वर्षा प्रतिवेदन के अनुसार सोमवार को जिले में एक दिन में कुल 232.1 मिमी वर्षा दर्ज हुई। जिले की औसत वर्षा 19.3 मिमी रही। बिलासपुर में 14.6 मिमी, बिल्हा में 92.0 मिमी, मस्तूरी में 20.6 मिमी, तखतपुर में 24.8 मिमी, कोटा में 3.2 मिमी, सीपत में 9.1 मिमी, बोदरी में 14.1 मिमी, बेलगहना में 2.3 मिमी, बेलतरा में 29.0 मिमी, रतनपुर में 3.2 मिमी, सकरी में 6.7 मिमी तथा पचपेड़ी में 12.5 मिमी बारिश दर्ज की गई। बिल्हा में सर्वाधिक एक दिन की बारिश सोमवार को तहसीलवार बारिश में बिल्हा 92.0 मिमी के साथ सबसे आगे रहा। इसके बाद बेलतरा में 29.0 मिमी, तखतपुर में 24.8 मिमी, मस्तूरी में 20.6 मिमी, बिलासपुर में 14.6 मिमी और बोदरी में 14.1 मिमी बारिश दर्ज की गई। कोटा और रतनपुर में 3.2-3.2 मिमी वर्षा हुई। सकरी में 1008.8 मिमी बारिश 1 जून से 24 अगस्त तक की संचयी वर्षा में सकरी 1008.8 मिमी के साथ सबसे आगे है। इसके बाद बिलासपुर में 1009.7 मिमी, रतनपुर में 888.9 मिमी, बिल्हा में 802.1 मिमी, मस्तूरी में 809.3 मिमी, तखतपुर में 906.6 मिमी, कोटा में 691.2 मिमी, सीपत में 758.1 मिमी, बोदरी में 901.4 मिमी, बेलगहना में 829.5 मिमी, बेलतरा में 835.7 मिमी तथा पचपेड़ी में 719.3 मिमी बारिश दर्ज की गई है। विगत 10 वर्षों के औसत से तुलना करें तो जिले में अब तक हुई बारिश सामान्य से अधिक है।

घोंघा जलाशय के वेस्ट वियर से 141.66 क्यूसेक पानी का बहाव

बिलासपुर/नवप्रदेश। लगातार बारिश के बीच घोंघा जलाशय का जलस्तर पूर्ण जलभराव स्तर से ऊपर पहुंच गया है। 24 अगस्त को जलाशय के वेस्ट वियर से 141.66 क्यूसेक पानी का बहाव दर्ज किया गया। जलाशय का वर्तमान जलस्तर 318.26 मीटर है, जबकि पूर्ण जलभराव स्तर (एफआरएल) 318.20 मीटर निर्धारित है।
जलाशय की एफआरएल पर लाइव क्षमता 30.07 मिलियन घन मीटर (एमसीयूएम) है, जबकि वर्तमान लाइव क्षमता 30.561 एमसीयूएम दर्ज की गई है। यह कुल क्षमता का 101.59 प्रतिशत है। पिछले 24 घंटे में जलाशय क्षेत्र में 3 मिमी बारिश दर्ज हुई है। वहीं 1 जून 2026 से अब तक कुल 1146 मिमी वर्षा दर्ज की जा चुकी है। जलाशय से पानी की निकासी वेस्ट वियर के माध्यम से की जा रही है। इस दौरान 141.66 क्यूसेक पानी बह रहा है। तुलना के तौर पर वर्ष 2024 में इसी अवधि में जलाशय की लाइव क्षमता 33.357 एमसीयूएम और वर्ष 2025 में 29.864 एमसीयूएम दर्ज की गई थी।

न्यूज गैलरी

समय-सीमा में कार्यों को पूर्ण करें : अरूण साव

बिलासपुर/नवप्रदेश। उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने मुंगेली जिले के विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारियों की बैठक लेकर विकास कार्यों और योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को सभी विकास कार्यों को निर्धारित समयावधि के भीतर गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने लंबे समय से लंबित कार्यों को प्राथमिकता के साथ जल्दी पूरा करने को कहा। उप मुख्यमंत्री साव ने निर्माण कार्यों में गुणवत्ता और समयबद्ध प्रगति को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए अधिकारियों से कहा कि इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कार्यों में लापरवाही बरतने वाले ठेकेदारों एवं संबंधित एजेंसियों को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। साव ने बैठक में शासन की प्राथमिकता के अनुरूप विकास कार्यों को गति देते हुए उनका लाभ नागरिकों तक समय पर पहुंचाना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को विकास कार्यों की निरंतर समीक्षा एवं स्थल निरीक्षण करते हुए प्रगति पर कड़ी नजर रखने को कहा। उन्होंने योजनाओं के क्रियान्वयन में लापरवाही और कार्यों की धीमी प्रगति पर संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध निलंबन की कार्रवाई की बात कही।

छेड़छाड़ के फरार आरोपी गिरफतार

बिलासपुर/नवप्रदेश। हिर्री थाना क्षेत्र में दर्ज गंभीर मामले में घटना दिनांक से फरार चल रहे आरोपी को हिर्री पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है। पुलिस ने आरोपी की तलाश मोबाइल टावर लोकेशन के आधार पर करते हुए उसे 23 अगस्त की शाम गिरफ्तार किया। मामला अपराध क्रमांक 223/2026, धारा 74, 351(3) बीएनएस से संबंधित है। घटना 3 अगस्त 2026 को दोपहर करीब 2 बजे कोपरा डेम के पास, थाना हिर्री क्षेत्र में हुई थी। पुलिस के अनुसार, थाना प्रभारी हिर्री निरीक्षक दामोदर प्रसाद मिश्रा के नेतृत्व में पुलिस टीम गठित कर आरोपी की तलाश शुरू की गई। लगातार पतासाजी के दौरान पुलिस टीम ने मोबाइल टावर लोकेशन के आधार पर आरोपी आशीष पात्रे (27 वर्ष), पिता धरम लाल पात्रे, निवासी पचबहरा (छिरहापारा), थाना तखतपुर, जिला बिलासपुर को 23 अगस्त 2026 को शाम करीब 7:45 बजे गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के बाद आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया। पुलिस की इस कार्रवाई से घटना के बाद से फरार आरोपी की तलाश को लेकर चल रही कार्रवाई को सफलता मिली है।

ऑनलाइन रिकॉर्ड में 864 भरे सिलेंडर, मौके पर मिले सिर्फ 452

बालाजी गैस एजेंसी पर खाद्य विभाग की बड़ी कार्रवाई 412 भरे सिलेंडर मिले कम, 939 सिलेंडर जब्त

बिलासपुर/नवप्रदेश। उपभोक्ताओं की लगातार शिकायतों के बाद जिला प्रशासन ने सोमवार को बालाजी गैस एजेंसी के संचालक कृष्ण कुमार सलारका के मगरपारा स्थित कार्यालय और महाराणा चौक स्थित गैस गोदाम में छापामार कार्रवाई की। राजस्व, खाद्य विभाग और आईओसीएल की संयुक्त टीम ने दोनों परिसरों में औचक जांच कर कुल 939 गैस सिलेंडर जब्त किए। इनमें 452 भरे और 487 खाली सिलेंडर शामिल हैं। जांच में ऑनलाइन स्टॉक और मौके पर उपलब्ध वास्तविक स्टॉक के बीच बड़ी विसंगति सामने आई। रिकॉर्ड में 864 भरे सिलेंडर दर्ज थे, लेकिन भौतिक सत्यापन में सिर्फ 452 ही मिले। यानी 412 भरे सिलेंडर कम पाए गए। कलेक्टर संजय अग्रवाल के निर्देश पर गठित जांच टीम ने सोमवार को दोनों परिसरों में स्टॉक का भौतिक सत्यापन किया। घरेलू और व्यावसायिक श्रेणी के सिलेंडरों का ऑनलाइन रिकॉर्ड से मिलान करने पर यह अंतर सामने आया। वहीं रिकॉर्ड में 473 खाली सिलेंडर दर्ज थे, जबकि मौके पर 487 खाली सिलेंडर मिले। इस तरह खाली सिलेंडरों की संख्या भी रिकॉर्ड से 14 अधिक पाई गई।

शिकायतों के बाद हरकत में आया प्रशासन

बालाजी गैस एजेंसी के खिलाफ उपभोक्ताओं से लगातार शिकायतें मिलने के बाद कलेक्टर ने राजस्व, खाद्य विभाग और आईओसीएल की संयुक्त टीम बनाकर जांच के निर्देश दिए थे। शिकायतों में बुकिंग के बाद भी सिलेंडर नहीं मिलने तथा ऑनलाइन डिलीवरी दिखाए जाने के बावजूद उपभोक्ताओं को वास्तविक रूप से सिलेंडर नहीं मिलने की बातें सामने आई थीं। कॉल सेंटर और सीएम हेल्पलाइन 1076 में भी एजेंसी के खिलाफ शिकायतें दर्ज होने की जानकारी जांच के दौरान सामने आई।

टीम में ये रहे शामिल

जांच टीम में तहसीलदार प्रकाश साहू, सहायक खाद्य अधिकारी अजय मौर्य, खाद्य निरीक्षक विनीता दास, वर्षा सिंह, मंगेश कांत, ललिता शर्मा, आशीष दीवान, वसुधा राजपूत तथा आईओसीएल के सेल्स ऑफिसर पंकज छेतिजा शामिल रहे।

मौके पर मौजूद उपभोक्ताओं के बयान भी दर्ज

जांच दल ने एजेंसी के दस्तावेजों और स्टॉक की जांच के साथ मौके पर मौजूद उपभोक्ताओं से भी एजेंसी की सेवाओं के संबंध में जानकारी ली। उनके कथन दर्ज किए गए। स्टॉक में गंभीर विसंगति मिलने के बाद मौके पर उपलब्ध सभी 452 भरे और 487 खाली, कुल 939 सिलेंडरों को जब्त कर लिया गया।

रिपोर्ट सात दिन

जांच दल एजेंसी से संबंधित अभिलेखों, स्टॉक और उपभोक्ता शिकायतों की विस्तृत जांच करेगा। इसके बाद सात दिवस के भीतर जांच प्रतिवेदन कलेक्टर को सौंपा जाएगा। प्रतिवेदन के आधार पर नियमों के तहत आगे की कार्रवाई की जाएगी।

भेष बदल कर गांजे की तस्करी, दो आरोपी गिरफ्तार

बिलासपुर/नवप्रदेश। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, बिलासपुर मंडल में नशीले पदार्थों की तस्करी के विरुद्ध रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) द्वारा चलाए जा रहे ऑपरेशन 'नारकोस' के तहत बड़ी कार्रवाई की गई। वरिष्ठ मंडल सुरक्षा आयुक्त श्री सौरव कुमार के नेतृत्व में गठित टास्क टीम ने निगौरा रेलवे स्टेशन पर भेष बदल कर गांजे की तस्करी कर रहे दो आरोपियों को पकड़ा। आरोपियों के कब्जे से कुल 15.540 किलोग्राम गांजा (जिसकी अनुमानित कीमत करीब 7.77 लाख रुपये है) बरामद किया गया दिनांक 24 अगस्त 2026 की रात करीब 1:15 बजे सहायक उप निरीक्षक अमरेंद्र सिंह के नेतृत्व में RPF टास्क टीम द्वारा निगौरा रेलवे स्टेशन के सर्कुलेटिंग एरिया में संदिग्ध व्यक्तियों एवं सामान की जांच की जा रही थी। इसी दौरान भेष बदले हुए दो व्यक्तियों की गतिविधियां संदिग्ध प्रतीत होने पर उन्हें रोककर पूछताछ की गई। उनके पास रखी कपड़ों की पोटलियों की तलाशी लेने पर बड़ी मात्रा में गांजा बरामद हुआ। पकड़े गए आरोपियों की पहचान हंसा नाथ (40 वर्ष), निवासी जिला संगरूर, पंजाब तथा मनता नाथ उर्फ लंबू (39 वर्ष), निवासी जिला संगरूर, पंजाब के रूप में हुई। तलाशी के दौरान हंसा नाथ के कब्जे से 7.280 किलोग्राम तथा मनता नाथ के कब्जे से 8.260 किलोग्राम गांजा बरामद किया गया। RPF द्वारा दोनों आरोपियों को बरामद गांजे सहित पुलिस थाना जैतहरी के सुपुर्द किया गया। पुलिस द्वारा अपराध क्रमांक 285/2026, धारा 8/20(ख) NDPS Act के तहत मामला दर्ज कर अग्रिम जांच की जा रही है। वर्ष 2026 में 550 किलोग्राम से अधिक गांजा जब्त नशीले पदार्थों की तस्करी के विरुद्ध बिलासपुर मंडल RPF द्वारा वर्ष 2026 में लगातार सघन एवं प्रभावी कार्रवाई की जा रही है। अब तक की कार्रवाई में कुल लगभग 550 किलोग्राम गांजा जब्त किया जा चुका है।

117 किलो मिठाई जब्त-नष्ट, तीन फर्मों पर गिरी गाज

खाद्य सुरक्षा अभियान में खाद्य प्रशासन ने की 19 प्रतिष्ठानों की जांच

बिलासपुर/नवप्रदेश। मिलावटी और असुरक्षित खाद्य पदार्थों के खिलाफ चलाए गए सात दिवसीय 'बने खाबो, बने रहिबो 2.0' अभियान में खाद्य एवं औषधि प्रशासन ने जिले में बड़ी कार्रवाई की है। अभियान के दौरान 19 खाद्य प्रतिष्ठानों का निरीक्षण कर 15 विधिक और चार निगरानी नमूने लिए गए। विभिन्न दुकानों से 117 किलो मिठाई जब्त कर नष्ट कराई गई। अस्वास्थ्यकर और अस्वच्छ परिस्थितियों में खाद्य पदार्थ तैयार किए जाने पर प्रतिष्ठानों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुए लाइसेंस-पंजीयन निलंबित किए गए और संबंधित फर्मों को बंद कराया गया। कलेक्टर संजय अग्रवाल के मार्गदर्शन और खाद्य एवं औषधि प्रशासन छत्तीसगढ़ के नियंत्रक के निर्देश पर चले अभियान में मेसर्स पवन ट्रेडर्स, व्यापार विहार से 102 किलो श्री बर्फी-मिक्स जब्त की गई। वहीं मेसर्स श्रीराम स्वीट्स, नगपुरा, सिरगिट्टी में अस्वास्थ्यकर एवं अस्वच्छ परिस्थितियों में खाद्य पदार्थों का निर्माण पाए जाने पर फर्म का लाइसेंस तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया। इसी प्रतिष्ठान से करीब 15 किलो बर्फी नष्ट कराई गई। इसी तरह मेसर्स प्रबल फूड प्रोडक्ट, दुमानी, मस्तूरी का पंजीयन निलंबित कर प्रतिष्ठान को बंद कराया गया। इसके अलावा मेसर्स मद्रासी रेस्टोरेंट, बिलासपुर का लाइसेंस भी 14 अगस्त को अस्वास्थ्यकर परिस्थितियों में खाद्य पदार्थों का निर्माण पाए जाने पर निलंबित किया गया। अभियान के दौरान मेसर्स कमलेश जनरल स्टोर, रानीगांव से शिव गंगा नमकीन का नमूना लिया गया और भ्रामक दावे के आधार पर नोटिस जारी किया गया। विभाग की टीम ने खाद्य कारोबारियों को खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम, 2006 तथा संबंधित नियमों का पालन करने के निर्देश दिए। त्योहारों से पहले निगरानी और बढ़ेगी सिर्फ कार्रवाई ही नहीं, अभियान के दौरान आम लोगों को भी खाद्य सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया। नागरिकों से खाद्य सामग्री खरीदते समय लेबल की जानकारी पढ़ने, अत्यधिक रंगीन खाद्य पदार्थों से बचने तथा खाद्य सामग्री को स्वच्छ और सुरक्षित स्थान पर रखने की अपील की गई।

धर्म : भोलेनाथ के जलाभिषेक के लिए सुबह से लगी कतारें

सावन के अंतिम सोमवार को शिवालयों में उमड़ा आस्था का सैलाब

बिलासपुर/नवप्रदेश। सावन के अंतिम सोमवार को शहर से लेकर गांव तक भगवान शिव की भक्ति में पूरा अंचल डूबा रहा। सुबह होते ही शिवालयों के पट खुलते ही श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। श्रद्धालुओं ने विधि-विधान से भगवान भोलेनाथ का पूजा -अर्चना कर जलाभिषेक किया। प्रमुख शिव मंदिरों में दिनभर श्रद्धालुओं के पहुंचने का सिलसिला जारी रहा और मंदिर परिसर हर-हर महादेव, बम-बम भोले के जयघोष से गूंजते रहे। सावन के अंतिम सोमवार को भगवान शिव के दर्शन और जलाभिषेक के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु मंदिर पहुंचे। कई शिवालयों में सुबह से ही लंबी कतारें लग गई थीं। श्रद्धालुओं ने गंगाजल, दूध, दही, शहद सहित अन्य पूजन सामग्री से अभिषेक कर भगवान शिव से सुख-समृद्धि और परिवार की खुशहाली की कामना की। अंतिम सोमवार होने के कारण मंदिरों में विशेष पूजा-अर्चना और धार्मिक अनुष्ठानों का आयोजन भी हुआ।

ग्रामीण अंचलों के शिवालय भी रहे गुलजार

शहर के साथ ग्रामीण क्षेत्रों के शिव मंदिरों में भी श्रद्धालुओं की भारी भीड़ रही। गांवों में स्थित प्राचीन और प्रसिद्ध शिवालयों में सुबह से ही भक्तों का तांता लगा रहा। महिलाओं, युवाओं और बुजुर्गों ने भगवान शिव का जलाभिषेक कर सावन के अंतिम सोमवार का व्रत-पूजन पूरा किया। सावन के अंतिम सोमवार को पूजा सामग्री की दुकानों और बाजारों में भी चहल-पहल बढ़ी रही। भगवान शिव को अर्पित किए जाने वाले बेलपत्र, धतूरा और आंक के पत्तों की मांग विशेष रूप से रही।

सावन सोमवार को हर-हर महादेव से गूंजा राजकिशोर नगर

बिलासपुर/नवप्रदेश। श्रावण मास के अंतिम सोमवार को चंदन आवास, राजकिशोर नगर स्थित शिवालयों में श्रद्धा और भक्ति का अद्भुत नजारा देखने को मिला। सुबह से ही भगवान भोलेनाथ के दर्शन एवं जलाभिषेक के लिए श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लग गईं। हाथों में पूजा की थाल, बेलपत्र, पुष्प, दूध और जल लेकर पहुंचे भक्त अपनी बारी का इंतजार करते नजर आए। मंदिर परिसर पूरे दिन हर-हर महादेव और बोल बम के जयघोष से गूंजता रहा। श्रावण मास के अंतिम सोमवार को लेकर श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखने को मिला। सुबह होते ही चंदन आवास और आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में लोग शिव मंदिर पहुंचने लगे। महिलाओं और बच्चों के साथ बुजुर्ग तथा युवा भी भगवान शिव की आराधना के लिए मंदिर पहुंचे। भक्तों ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर शिवलिंग पर जल, दूध और पुष्प अर्पित किए।

सावन में बिखरी हरियाली की छटा, श्रीसांई शक्ति महिला समूह का हरियाली मिलन बना यादगार

गरियाबंद/नवप्रदेश। सावन के अंतिम रविवार को गरियाबंद के बिजली ऑफिस स्थित गार्डन में श्री सांई शक्ति महिला समूह की ओर से हरियाली मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सावन की विदाई से पहले आयोजित इस कार्यक्रम में महिलाओं ने उत्साह और उमंग के साथ हिस्सा लिया। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं ने सावन से जुड़ी पारंपरिक गतिविधियों और मनोरंजक कार्यक्रमों का आनंद लिया। हरे रंग के परिधानों में सजी महिलाओं ने सावन की हरियाली और उत्सव के माहौल को और खास बना दिया। इस दौरान आपसी मेल-जोल, हंसी-खुशी और गीत-संगीत के बीच महिलाओं ने एक-दूसरे के साथ समय बिताया। समूह की महिलाओं ने बताया कि हरियाली मिलन का उद्देश्य महिलाओं को आपस में जोड़ना, पारंपरिक पर्व और सावन की संस्कृति को जीवंत रखना तथा आपसी भाईचारे और सौहार्द को बढ़ावा देना है। कार्यक्रम में शामिल महिलाओं ने इसे यादगार बनाने के लिए उत्साहपूर्वक सहभागिता की।

हरियाली मिलन महिलाओं को एक साथ जोड़ने और अपनी परंपराओं को जीवंत रखने का सुंदर अवसर है : निर्मला साहू सांई शक्ति महिला समूह की निर्मला साहू ने कहा कि सावन का महीना हमारी संस्कृति, परंपराओं और प्रकृति से जुड़ा हुआ है। हरियाली मिलन के आयोजन के माध्यम से महिलाओं को एक साथ बैठने, आपसी विचार साझा करने और खुशियां बांटने का अवसर मिलता है। आज की व्यस्त जीवनशैली

में इस तरह के आयोजन महिलाओं के बीच आपसी मेल-जोल और भाईचारे को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कहा कि सावन के अंतिम रविवार को आयोजित इस कार्यक्रम में सभी महिलाओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की और गीत-संगीत व मनोरंजन के साथ इस खास दिन को यादगार बनाया। भविष्य में भी इसी तरह के सामाजिक और सांस्कृतिक आयोजन आयोजित किए जाते रहेंगे।

रंजीता पटेल टिकेश्वरी राठौर मेनका ठाकुर ने कहा कि सावन के अंतिम रविवार को हरियाली मिलन का आयोजन सभी महिलाओं के लिए बेहद खास और आनंददायक रहा। सावन की हरियाली, हरे परिधानों और महिलाओं की उत्साहपूर्ण सहभागिता ने पूरे कार्यक्रम को खुशनुमा बना दिया। उन्होंने कहा कि ऐसे कार्यक्रम केवल मनोरंजन तक सीमित नहीं होते, बल्कि महिलाओं को एक-दूसरे से जुड़ने, अपनी परंपराओं और संस्कृति को करीब से महसूस करने का अवसर भी देते हैं। कार्यक्रम में निर्मला साहू, रंजीता पटेल, टिकेश्वरी राठौर, मेनका ठाकुर, दीपिका सिन्हा, कविता पैकरा और पूर्णिमा कंवर सहित समूह की महिलाएं उपस्थित रहीं।

10 लीटर महुआ शराब जब्त, आरोपी गिरफ्तार

महासमुंद/नवप्रदेश। बसना पुलिस ने बिलाईगढ़ मार्ग स्थित ग्राम पिरदा के पास कार्रवाई करते हुए एक व्यक्ति के कब्जे से 10 लीटर हाथ भट्ठी महुआ शराब बरामद की है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है।

पुलिस के अनुसार ग्राम बरनाईदादर निवासी वृंदावन दास (45) को पिरदा के पास संदिग्ध परिस्थितियों में पकड़ा गया। तलाशी लेने पर उसके कब्जे से 10 लीटर हाथ भट्ठी महुआ शराब बरामद हुई। आरोपी के विरुद्ध धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत अपराध दर्ज कर कार्रवाई की गई।

9 लीटर शराब जब्त, युवक पर आबकारी एक्ट में कार्रवाई

महासमुंद/नवप्रदेश। सरायपाली पुलिस ने अवैध शराब के खिलाफ कार्रवाई करते हुए बाजारपारा स्थित सब्जी मंडी के पीछे से एक युवक के कब्जे से 9 लीटर शराब बरामद की है। जब्त शराब की कीमत करीब 1,800 रुपये बताई गई है। पुलिस के अनुसार वार्ड-11 निवासी मनीष सारथी (30) के कब्जे से शराब बरामद की गई। आरोपी के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई की गई है।

सिगरेट पिलाने की बात पर विवाद, चाकू और टंगिया से हमला

महासमुंद/नवप्रदेश। सिगरेट पिलाने की बात को लेकर शुरू हुआ विवाद मारपीट और जानलेवा हमले तक पहुंच गया। कोतवाली थाना क्षेत्र के नयापारा में दो पक्षों के बीच हुए विवाद में चाकू और टंगिया से हमला करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर चार लोगों के खिलाफ अपराध दर्ज किया है।

शिकायत के मुताबिक, उसी दिन शाम करीब 4 बजे सुखदेव साहू और उसके पिता बिसंभर साहू वेंकट के घर के सामने पहुंचे और फिर गाली-गलौज करते हुए मारपीट करने लगे। इस दौरान वेंकट के दोस्त सज्जू खान और राकेश चौहान बीच-बचाव करने पहुंचे। आरोप है कि सुखदेव ने चाकू से और बिसंभर ने टंगिया से दोनों पर हमला कर दिया। मारपीट में वेंकट के बाएं हाथ की उंगली, दाहिनी कोहनी और कमर में चोटें आईं। वहीं सज्जू खान के सीने और गर्दन तथा राकेश चौहान के हाथ सहित शरीर के अन्य हिस्सों में चोटें आई हैं। पुलिस ने मामले में धारा 109(1), 296 और 3(5) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।

फोटो-1- अंग्रेजी शराब के साथ आरोपी

मुर्गा दुकान की आड़ में बिक रही थी अंग्रेजी शराब, 43 पौव्वा जब्त

महासमुंद/नवप्रदेश। सांकरा पुलिस ने अवैध शराब के खिलाफ कार्रवाई करते हुए एक मुर्गा दुकान से बड़ी मात्रा में अंग्रेजी शराब बरामद की है। पुलिस ने दुकान से 8 पीएम व्हिस्की के 43 पव्वे और एक मोबाइल जब्त किया है। पुलिस के अनुसार गबौद निवासी चिंतामणि साहू (35) के कब्जे से 43 नग 8 पीएम व्हिस्की बरामद हुई। जब्त शराब की कीमत करीब 8,600 रुपये बताई गई है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर कार्रवाई की है।

आदिवासी हल्बा समाज नगरी में युवा प्रकोष्ठ की बैठक

नगरी/नवप्रदेश। आदिवासी हल्बा समाज उपगढ़ नगरी में युवा प्रकोष्ठ का बैठक रखा गया था जिसमें इस कार्यक्रम के युक्ति का चुनाव किया गया सर्वप्रथम मां दंतेश्वरी भीमराव अंबेडकर गैंद सिंह नायक पूजा अर्चना के पश्चात कार्यक्रम आरंभ हुआ अध्यक्षता युवा प्रभाग उपगढ़ नगरी के अध्यक्ष नवीन गौर केंद्रीय युवा प्रभाग अध्यक्ष श्रीधन सोम उपगढ़ नगरी कर्मचारी सचिव यतींद्र गौर युवा प्रभाग उपाध्यक्ष हुलास चिंण्डा सहसचिव खेमचंद पुजारी गढ़ सिहावा मीडिया प्रभारी वक्त विकास शांडिल्य नवनिर्वाचित .उपाध्यक्ष कु निक्की कश्यप कु श्वेता कश्यप अंजलि पुजारी सचिव कु मेघा देव . तथा सामाजिक उत्थान शिक्षा समाज विकास के लिए चर्चा किया गया शिक्षा और समाज के इतिहास नवीन गौर ने समाज को संगठित एवं आगे बढ़ाने के लिए युवा युक्ति समाज के प्रति योगदान तीन आवश्यक है श्रीधन सोम संवैधानिक अधिकार एवं आदिवासी अधिकार के बारे में जानकारी दिया।

आस्था: 'बोल बम' और 'हर-हर महादेव' के जयकारों से शिवमय हुआ सिरपुर

सिरपुर में आस्था का सैलाब: 20 हजार से अधिक कांवरियों ने किया गंधेश्वर महादेव का जलाभिषेक

मंदिर से बस स्टैंड तक लगी श्रद्धालुओं की लंबी कतार

महासमुंद/नवप्रदेश। सावन के आखिरी सोमवार को ऐतिहासिक एवं धार्मिक नगरी सिरपुर में आस्था का जनसैलाब उमड़ पड़ा। श्री गंधेश्वर महादेव मंदिर में भगवान भोलेनाथ के जलाभिषेक के लिए जिलेभर से हजारों कांवरिए और श्रद्धालु पहुंचे। सुबह से ही मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की भीड़ बढ़ती गई और देखते ही देखते जलाभिषेक के लिए लगी कतार मंदिर परिसर से निकलकर सिरपुर बस स्टैंड तक पहुंच गई। घंटों कतार में खड़े श्रद्धालु अपनी बारी का इंतजार करते रहे। इस दौरान 'बोल बम' और 'हर-हर महादेव' के जयकारों से पूरा सिरपुर शिवमय नजर आया।

मंदिर ट्रस्ट के सदस्यों के अनुसार, सावन के अंतिम सोमवार को 18 से 20 हजार से अधिक कांवरिए गंगाजल और पवित्र जल लेकर श्री गंधेश्वर महादेव के दरबार पहुंचे। इनमें बच्चों से लेकर बुजुर्ग तक हर

आयु वर्ग के श्रद्धालु शामिल रहे, लेकिन युवाओं की संख्या विशेष रूप से अधिक रही। श्रद्धालुओं ने लंबी कतार में खड़े होकर भगवान गंधेश्वर महादेव का जलाभिषेक किया और सुख-समृद्धि की कामना की।

शनिवार से ही शुरू हो गया था कांवरियों का सिरपुर पहुंचना

चौथे और अंतिम सावन सोमवार के जलाभिषेक को लेकर जिले के विभिन्न क्षेत्रों से कांवरियों का सिरपुर पहुंचना शनिवार से ही शुरू हो गया था। जिला मुख्यालय से लगे बम्हनी के पवित्र कुंड से ही करीब 12 हजार से अधिक कांवरिए पवित्र जल लेकर सिरपुर के लिए रवाना हुए। कांवरियों के जत्थे रास्तेभर 'बोल बम' और 'हर-हर महादेव' के जयकारे लगाते हुए आगे बढ़े। इससे पूरे मार्ग में भक्तिमय माहौल बना रहा।

महानदी में स्नान के बाद मंदिर की ओर बढ़े कांवरिए

सोमवार तड़के कांवरिए महानदी में स्नान करने के बाद कांवड़ में पवित्र जल लेकर श्री गंधेश्वर महादेव मंदिर की ओर रवाना हुए। बड़ी संख्या में कांवरियों के एक साथ पहुंचने से मंदिर परिसर में पैर रखने तक की जगह नहीं बची। श्रद्धालुओं की लंबी कतार के बावजूद भक्तों में उत्साह और उमंग बनी रही।

सेनकपाट के पास जाम, सिरपुर में भंडारे की रही व्यवस्था

हजारों श्रद्धालुओं के पहुंचने से आवागमन पर भी असर पड़ा। जानकारी के अनुसार सेनकपाट के पास जाम की स्थिति बनी रही। वहीं सिरपुर में अमर-अरूण चंद्राकर, महाकाल ग्रुप और महामाया ग्रुप की ओर से कांवरियों एवं श्रद्धालुओं के लिए भंडारे का आयोजन किया गया। दिनभर श्रद्धालुओं की सेवा और धार्मिक गतिविधियों से सिरपुर का माहौल पूरी तरह भक्तिमय बना रहा।

रास्तेभर सेवा में जुटीं समितियां, जगह-जगह भंडारे

कांवरियों की सुविधा और सेवा के लिए रास्ते में विभिन्न समितियों एवं श्रद्धालुओं द्वारा जगह-जगह भोजन-प्रसादी, पेयजल और अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं की गई थीं। कई स्थानों पर भजन संध्या का भी आयोजन किया गया। श्रद्धालुओं ने कांवरियों का स्वागत कर उन्हें प्रसादी और पानी उपलब्ध कराया।

कुरूद में बदहाली देख साय सरकार व क्षेत्रीय विधायक पर बरसीं तारिणी

दी आंदोलन की चेतावनी

कुरूद/नवप्रदेश। जिला कांग्रेस कमेटी धमतरी की अध्यक्ष तारिणी चंद्राकर के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कुरूद विधानसभा क्षेत्र के कुरूद नगर और ग्राम भोथली स्थित शासकीय स्कूलों का औचक निरीक्षण किया। स्कूलों में पसरी बदहाली, जर्जर भवनों और बुनियादी सुविधाओं के घोर अभाव को देखकर कांग्रेस नेताओं ने प्रदेश की विष्णुदेव साय सरकार और स्थानीय विधायक के खिलाफ कड़ा मोर्चा खोल दिया।

निरीक्षण के दौरान स्कूलों की भयावह तस्वीरें सामने आईं: खस्ताहाल भवन: स्कूल भवनों की दीवारों पर चौड़ी दरारें पड़ चुकी हैं और बारिश में छतों से लगातार पानी टपकता है, जिससे कभी भी बड़ा हादसा होने का अंदेशा बना रहता है।

मूलभूत सुविधाओं का अभाव: छात्र-छात्राओं के लिए न तो स्वच्छ पेयजल का समुचित प्रबंध है और न ही सुचारू शौचालय की सुविधा।

प्रभावित होती पढ़ाई व सुरक्षा: जर्जर और असुरक्षित वातावरण के चलते बच्चों की पढ़ाई और जान-माल दोनों पर संकट बना हुआ है।

दावों की खुली पोल, बच्चों का भविष्य दांव पर÷ : तारिणी चंद्राकर : जिला कांग्रेस अध्यक्ष तारिणी चंद्राकर ने तीखा हमला बोलते हुए कहा कि जिन मासूम बच्चों को देश और प्रदेश का भविष्य कहा जाता है, उन्हें मौत के साए में जर्जर छतों के नीचे पढ़ने को मजबूर किया जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार की बड़ी-बड़ी घोषणाओं और जमीनी हकीकत में जमीन-आसमान का अंतर है। स्थानीय विधायक को आड़े हाथों लेते हुए उन्होंने कहा कि क्षेत्र के जनप्रतिनिधि की उदासीनता के कारण नौनिहालों का भविष्य अंधकारमय हो रहा है।

लल्ला सोनवानी मामले में एक और गिरफ्तारी आरोपी सुनील सोनवानी भेजा गया जेल

घटना में प्रयुक्त बुलेट बाइक भी जब्त

नवापारा राजिम/नवप्रदेश। राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम (रासुका) के आरोपी लल्ला सोनवानी को पुलिस अभिरक्षा से छुड़ाने के प्रयास के मामले में रायपुर ग्रामीण पुलिस ने एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है। थाना गोबरा नवापारा में दर्ज अपराध की विवेचना के दौरान पुलिस ने आरोपी सुनील सोनवानी को गिरफ्तार कर घटना में प्रयुक्त उसकी बुलेट बाइक को भी जब्त कर लिया है। आरोपियों के खिलाफ बीएनएस की धारा 115(2), 126(2), 132, 221, 296, 351(2) एवं 61 सहित अन्य धाराओं के तहत कार्रवाई की जा रही है।

पुलिस के अनुसार, इस मामले में रासुका के आरोपी लल्ला

सोनवानी, उसकी मां और दो पत्नियां सहित अब तक 10 से अधिक आरोपियों की गिरफ्तारी हो चुकी है। पुलिस द्वारा मामले की जांच की जा रही थी। इस दौरान प्राप्त साक्ष्यों और अन्य तथ्यों के आधार पर आरोपी सुनील सोनवानी की भूमिका सामने आई। आरोपी की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम लगातार संभावित ठिकानों पर तलाश कर रही थी। पुलिस टीम ने घेराबंदी कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के कब्जे एवं घटना में प्रयुक्त बुलेट बाइक क्रमांक सीजी 04 सीएच 8713 को भी जब्त किया गया है।

क्या है पूरा मामला

उल्लेखनीय है कि लल्ला सोनवानी के खिलाफ राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम के तहत कार्रवाई के बाद पुलिस उसे गिरफ्तार कर रायपुर जेल ले जा रही थी। इस दौरान उसके परिजनों और समर्थकों पर पुलिस के साथ विवाद, शासकीय कार्य में बाधा पहुंचाने तथा पुलिस अभिरक्षा से आरोपी को छुड़ाने का प्रयास करने के आरोप लगे थे। पुलिस के अनुसार, मामले में आरोपियों द्वारा पुलिस टीम का पीछा कर वाहन रोकने, पुलिसकर्मियों के साथ झूमाझटकी और मारपीट करने के साथ ही गिरफ्तार आरोपी को छुड़ाने का प्रयास किया गया था। घटना के बाद पुलिस ने मामले में शामिल लोगों की पहचान कर लगातार कार्रवाई शुरू की।

नल-जल मिशन की पाइपलाइन के लिए खोदी सीसी सड़क, करीब 2 माह बाद भी मरम्मत नहीं

सोनामगर में सड़क की खुदाई से ग्रामीण परेशान, भारी वाहनों की आवाजाही के बीच दुर्घटना की आशंका

नगरी/नवप्रदेश। विकासखंड नगरी अंतर्गत ग्राम छिपली पारा के सोनामगर में नल-जल मिशन के तहत पाइपलाइन विस्तार कार्य के दौरान सीसी सड़क की खुदाई किए जाने के बाद करीब एक माह से अधिक समय बीतने के बावजूद सड़क की मरम्मत नहीं होने का मामला सामने आया है। ग्रामीणों के अनुसार पाइपलाइन बिछाने के लिए ठेकेदार द्वारा अच्छी स्थिति वाली सीसी सड़क को खोदा गया था। कार्य पूरा होने के बाद गड्ढे की मरम्मत जल्द कराने की बात कही गई थी, लेकिन अब तक सड़क को पूर्व स्थिति में नहीं लाया गया है।

ग्रामीणों का कहना है कि सड़क पर बने गड्ढे के कारण आवागमन में परेशानी हो रही है। छिपलीपारा सोनामगर में वेयरहाउस होने के कारण यहां भारी वाहनों की आवाजाही भी लगातार बनी रहती है। ऐसे में सड़क की खुदाई वाले हिस्से से दुर्घटना की आशंका बनी हुई है। ग्रामीणों के अनुसार रात के समय आने-जाने वाले लोगों को विशेष परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि समस्या की जानकारी संबंधित विभाग के अधिकारियों को भी दी जा चुकी है। उनका कहना है कि अधिकारियों की ओर से जल्द मरम्मत कराने का आश्वासन दिया गया, लेकिन अब तक मौके पर कार्य शुरू नहीं हुआ है। ग्रामीणों ने संबंधित विभाग से स्थल का निरीक्षण कर जल्द से जल्द सड़क की मरम्मत कराने की मांग की है।

ग्रामीणों का कहना है कि विकास कार्यों के दौरान सड़कों की खुदाई आवश्यक होने पर कार्य पूर्ण होने के बाद उन्हें समय पर दुरुस्त किया जाना चाहिए, ताकि आम लोगों को परेशानी न हो। उन्होंने प्रशासन से मामले में संबंधित एजेंसी को आवश्यक निर्देश देने की मांग की है।

नशे में पत्नी का गला दबाया, पति पर जुर्म दर्ज

महासमुंद/नवप्रदेश। तुमगांव थाना क्षेत्र के अछरीडीह में घरेलू विवाद के दौरान पति द्वारा पत्नी का गला दबाने का मामला सामने आया है। घटना के बाद आरोपी पति ने खुद डायल-112 पर फोन कर पत्नी की हत्या करने की बात कही। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ हत्या के प्रयास से संबंधित धारा के तहत अपराध दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार 21 अगस्त को डायल-112 में एक व्यक्ति ने फोन कर अपना नाम अछरीडीह निवासी रंजित चेलक बताया और पत्नी की हत्या करने की बात कही।

सूचना पर डायल-112 की टीम मौके पर पहुंची तो कुमारी उर्फ जागेश्वरी यादव (23) घर में बेहोशी की हालत में मिली। उसका पति रंजित चेलक (30) अत्यधिक नशे में था। दोनों को तत्काल सीएचसी तुमगांव ले जाया गया। पुलिस पूछताछ में रंजित ने बताया कि उसका पत्नी के साथ आए दिन विवाद होता था।

सरकारी नौकरी दिलाने के नाम पर 44.42 लाख की ठगी का आरोप

अभनपुर में झाड़-फूंक के बहाने दुष्कर्म

अभनपुर/नवप्रदेश। अभनपुर क्षेत्र में झाड़-फूंक और इलाज के नाम पर महिला का भरोसा जीतकर उसके साथ दुष्कर्म करने तथा सरकारी नौकरी लगवाने का झांसा देकर लाखों रुपये की ठगी करने का मामला सामने आया है। पीड़िता की शिकायत पर अभनपुर पुलिस ने मध्यप्रदेश के सागर जिले निवासी आरोपी आशाराम चौधरी के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पीड़िता के अनुसार, वर्ष 2019 में वह लगातार सिरदर्द की समस्या से परेशान थी। इसी दौरान उसकी पहचान मध्यप्रदेश के सागर निवासी आशाराम चौधरी से हुई। आरोपी झाड़-फूंक के माध्यम से बीमारी ठीक करने का दावा करता था। महिला का आरोप है कि इसी दौरान आरोपी ने उसकी परिस्थितियों और विश्वास का फायदा उठाया।

सरकारी नौकरी लगवाने का दिया झांसा

पीड़िता के अनुसार, उस समय एक सरकारी पद की परीक्षा देने की तैयारी कर रही थी। आरोप है कि आरोपी ने उसे सरकारी नौकरी लगवाने का भरोसा दिलाया और दावा किया कि वह संबंधित पद पर नौकरी लगवा सकता है। महिला के अनुसार, आरोपी ने इसी भरोसे का फायदा उठाकर उसके साथ दुष्कर्म किया। इसके अलावा सरकारी नौकरी लगवाने के नाम पर अलग-अलग समय में उससे कुल 44 लाख 42 हजार रुपये ले लिए।

न नौकरी मिली, न लौटाए रुपये

पीड़िता का आरोप है कि रकम लेने के बाद आरोपी लगातार रुपये वापस करने और नौकरी लगवाने का आश्वासन देता रहा। इसी कारण उसने तत्काल पुलिस में शिकायत दर्ज नहीं कराई और लंबे समय तक आरोपी के वादे पर भरोसा करती रही। लेकिन समय बीतने के बाद भी न तो महिला को नौकरी मिली और न ही आरोपी ने रकम वापस की। इसके बाद पीड़िता ने अभनपुर थाना पहुंचकर मामले की शिकायत दर्ज कराई।

आरोपी की तलाश में जुटी पुलिस

पुलिस के अनुसार, आरोपी मध्यप्रदेश के सागर जिले का निवासी है। शिकायत के आधार पर उसके खिलाफ संबंधित कानूनी धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है। पुलिस अब आरोपी की तलाश कर रही है। पुलिस का कहना है कि जांच में सामने आने वाले तथ्यों और साक्ष्यों के आधार पर वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

ओडिशा से महाराष्ट्र गांजा ले जा रहे दो अंतरराज्यीय तस्कर गिरफ्तार, 15.720 किलो गांजा, बाइक व दो मोबाइल जब्त

महासमुंद/नवप्रदेश। सिंघोड़ा पुलिस ने एनएच-53 पर ग्राम गनियारीपाली के पास कार्रवाई करते हुए महाराष्ट्र के दो अंतरराज्यीय गांजा तस्करों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से 15.720 किलो गांजा, जिसकी अनुमानित कीमत 7.86 लाख रुपए है, के अलावा तस्करी में प्रयुक्त बाइक और दो मोबाइल फोन जब्त किए गए हैं। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा 20(बी)(द्वद्व)(ष्ट) के तहत कार्रवाई की है।

पुलिस के अनुसार, मुखबिर से सूचना मिली थी कि काले रंग की यूनिकॉर्न मोटरसाइकिल क्रमांक एमएच 27 डीएम 0691 में दो व्यक्ति पीठू बैग में गांजा लेकर ओडिशा से छत्तीसगढ़ की ओर आ रहे हैं। सूचना मिलते ही सिंघोड़ा पुलिस टीम ने एनएच-53 पर ग्राम गनियारीपाली के पास घेराबंदी कर वाहनों की जांच शुरू

कर दी। कुछ देर बाद मुखबिर के बताए हुलिए और नंबर वाली मोटरसाइकिल वहां पहुंची। पुलिस ने बाइक को रोककर उसमें सवार दोनों युवकों से पूछताछ की। बाइक चालक ने अपना नाम कलीम शेख (33) निवासी पेठरघुनाथपुर, थाना मंगरूल दस्तगीर, जिला अमरावती (महाराष्ट्र) बताया, जबकि पीछे बैठे युवक की पहचान राजेश धुनधरे (24) के रूप में हुई।

पुलिस ने दोनों के पीठू बैग की तलाशी ली तो उसमें गांजा बरामद हुआ। तौल करने पर गांजे का वजन 15.720 किलो निकला, जिसकी बाजार कीमत करीब 7 लाख 86 हजार रुपए बताई गई है। पुलिस ने गांजा के साथ मोटरसाइकिल और दो मोबाइल फोन भी जब्त किए।

पूछताछ में आरोपियों ने पुलिस को बताया कि वे गांजा ओडिशा के बिनका, जिला सोनपुर से महाराष्ट्र के अमरावती ले जा रहे थे। पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है। फिलहाल पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर गांजा तस्करी के नेटवर्क और इस कारोबार से जुड़े अन्य लोगों के संबंध में जानकारी जुटा रही है।

कोमाखान में 37.4 किलो गांजा के साथ 3 तस्कर गिरफ्तार

महासमुंद/नवप्रदेश। कोमाखान पुलिस ने मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए कोमाखान रेलवे स्टेशन के पास 37.400 किलो गांजा के साथ ओडिशा और राजस्थान के तीन अंतरराज्यीय तस्करों को गिरफ्तार किया है। जब्त गांजे की कीमत करीब 18 लाख 70 हजार रुपए बताई गई है। आरोपियों के कब्जे से तीन मोबाइल फोन भी बरामद किए गए हैं। पुलिस ने कुल 18 लाख 95 हजार रुपए की संपत्ति जब्त की है। पुलिस के अनुसार, मुखबिर से सूचना मिली थी कि रेलवे स्टेशन के पास तीन संदिग्ध व्यक्ति गांजा लेकर ट्रेन का इंतजार कर रहे हैं। सूचना को गंभीरता से लेते हुए पुलिस टीम ने तत्काल घेराबंदी कर तीनों संदिग्धों को पकड़ लिया। तलाशी लेने पर उनके पास से 37.400 किलो गांजा बरामद हुआ। पूछताछ में आरोपियों ने गांजा भवानीपटना (ओडिशा) से कोटा (राजस्थान) ले जाने की बात पुलिस को बताई। पुलिस के मुताबिक, आरोपी गांजा को राजस्थान ले जाकर बिक्री करने की तैयारी में थे। मामले में आरोपियों की भूमिका और तस्करी के नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों के संबंध में भी पूछताछ की जा रही है।

न्यूज गैलरी

सचिव बसवराजु ने कौशल विकास एवं रोजगार विभागों की गतिविधियों की समीक्षा की

कवर्धा/नवप्रदेश। कौशल विकास, तकनीकी शिक्षा एवं रोजगार विभाग के सचिव डॉ. बसवराजु एस ने आज आईटीआई, सीजीआईटी, कौशल विकास एवं रोजगार विभाग के अधिकारियों की बैठक लेकर जिले में संचालित योजनाओं एवं गतिविधियों की समीक्षा की। बैठक में कलेक्टर तुलिका प्रजापति एवं जिला पंचायत सीईओ अभिषेक अग्रवाल उपस्थित रहे। सचिव बसवराजु ने शैक्षणिक संस्थाओं के लिए आवश्यक भवन निर्माण हेतु उपयुक्त भूमि का चिन्हांकन कर आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने आईटीआई में प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना की प्रगति की जानकारी लेते हुए अधिक से अधिक युवाओं को इंटर्नशिप के अवसर उपलब्ध कराने पर जोर दिया। उन्होंने पिपरिया में आईटीआई के लिए चिन्हांकित स्थल की समीक्षा करते हुए विद्यार्थियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए बेहतर एवं उपयुक्त स्थान उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। रोजगार विभाग की गतिविधियों और जिले में उपलब्ध रोजगार के अवसरों की जानकारी लेते हुए सचिव ने कहा कि युवाओं को उनकी योग्यता एवं कौशल के अनुरूप अधिक से अधिक रोजगार उपलब्ध कराना विभाग की प्राथमिकता होनी चाहिए।

राष्ट्रीय नेत्रदान पखवाड़ा आज

कवर्धा/नवप्रदेश। कबीरधाम जिले में 25 से 8 सितम्बर तक 41वां राष्ट्रीय नेत्रदान पखवाड़ा मनाया जाएगा। इस दौरान लोगों को नेत्रदान के महत्व के प्रति जागरूक करने और मरणोपरांत नेत्रदान का संकल्प लेने के लिए प्रेरित किया जाएगा। जिला नोडल अधिकारी डॉ. क्षमा चोपड़ा ने बताया कि एक व्यक्ति की मृत्यु के बाद उसकी आंखों से प्राप्त कॉर्निया दो जरूरतमंद लोगों को दृष्टि दे सकता है। चश्मा लगाने वाले, मधुमेह एवं उच्च रक्तचाप से पीड़ित तथा मोतियाबिंद का ऑपरेशन करा चुके लोग भी नेत्रदान कर सकते हैं। सीएमएचओ डॉ. डी.के. तुरे ने जिलेवासियों से नेत्रदान का संकल्प लेने की अपील करते हुए कहा कि नेत्रदान के माध्यम से किसी के जीवन में नई रोशनी लाई जा सकती है।

अभ्यर्थियों को डराने-धमकाने का खेल बंद करें गृह मंत्री शर्मा : जायसवाल

■ 1600 रिक्त पदों पर भर्ती पूरी करने की मांग, कांग्रेस ने आंदोलनरत युवाओं के समर्थन का किया ऐलान

कवर्धा/नवप्रदेश। पुलिस आरक्षक भर्ती के 1600 रिक्त पदों को भरने की मांग को लेकर प्रदेशभर के अभ्यर्थियों का आंदोलन जारी है। गृह मंत्री विजय शर्मा के गृह जिले कवर्धा में चल रहे इस आंदोलन को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी कबीरधाम के अध्यक्ष नवीन जायसवाल ने सरकार पर निशाना साधते हुए अभ्यर्थियों को डराने-धमकाने का खेल बंद करने की मांग की है।

नवीन जायसवाल ने कहा कि गृह मंत्री अभ्यर्थियों से बातचीत कर चुके हैं, लेकिन बातचीत के बाद भी यदि आंदोलनरत युवाओं पर दबाव बनाने या उन्हें हतोत्साहित करने का प्रयास किया जा रहा है, तो यह दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने कहा कि अभ्यर्थी किसी एहसान की मांग नहीं कर रहे हैं, बल्कि अपनी मेहनत और योग्यता के आधार पर अपने अधिकार की मांग कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि जिन युवाओं ने पूरी मेहनत और तैयारी के साथ पुलिस भर्ती परीक्षा दी है, उनके भविष्य के साथ खिलवाड़ नहीं किया जाना चाहिए। अभ्यर्थियों या उनके परिवारों पर किसी प्रकार का दबाव बनाया गया तो कांग्रेस उनके साथ खड़ी रहेगी।

नवीन जायसवाल ने गृह मंत्री पर निशाना साधते हुए कहा कि गृह मंत्री की जिम्मेदारी युवाओं की समस्याओं का समाधान करना है, न कि उनकी आवाज दबाना। उन्होंने 2020 के उस कथित बयान का भी हवाला दिया, जिसमें विजय शर्मा के विपक्ष में रहते हुए अनिश्चितकालीन आंदोलन की बात कहने का दावा किया गया था। जायसवाल ने कहा कि सत्ता में आने के बाद युवाओं के आंदोलन के प्रति रवैया बदलना उचित नहीं है।

उन्होंने बताया कि पुलिस भर्ती में 5967 पद स्वीकृत हैं, जिनमें से 4367 पदों की सूची जारी की गई है और लगभग 1600 पद अब भी रिक्त हैं। अभ्यर्थियों की मांग है कि नियमानुसार इन पदों पर भर्ती कर प्रक्रिया पूरी की जाए। उन्होंने कहा कि यह कोई गैरकानूनी मांग नहीं है, इसलिए सरकार को इस पर स्पष्ट निर्णय लेना चाहिए।

जायसवाल ने सरकार से मांग की कि केवल बातचीत और मौखिक आश्वासन देने के बजाय 1600 रिक्त पदों की भर्ती को लेकर लिखित एवं समयबद्ध निर्णय लिया जाए। उन्होंने कहा कि युवाओं के भविष्य से जुड़े इस विषय का समाधान राजनीतिक बयानबाजी से नहीं, बल्कि ठोस निर्णय से होना चाहिए।

उन्होंने चेतावनी दी कि यदि किसी अभ्यर्थी को डराने-धमकाने या उसके परिवार को परेशान करने का प्रयास किया गया तो कांग्रेस इसका विरोध करेगी। उन्होंने गृह मंत्री से अभ्यर्थियों को डराने के बजाय उनकी मांग का समाधान करने और न्यायपूर्ण तरीके से भर्ती प्रक्रिया पूरी करने की अपील की।

पूर्व सांसद अभिषेक के साथ महापौर मधुसूदन ने चल रहे विकास कार्यों का किया निरीक्षण

राजनांदगांव/नवप्रदेश। नगर निगम महापौर मधुसूदन यादव ने पूर्व सांसद अभिषेक सिंह के साथ शहर में चल रहे विभिन्न विकास एवं निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने गौरव पथ स्थित निर्माणाधीन नालंदा परिसर, नाला निर्माण तथा पूर्व मंत्री स्व. लीलाराम भोजवानी की स्मृति में बनाए जा रहे स्मृति द्वार का जायजा लेकर अधिकारियों को कार्यों में गति लाने और निर्धारित समय सीमा में निर्माण पूर्ण करने के निर्देश दिए। गौरव पथ में निर्माणाधीन नालंदा परिसर का निरीक्षण करते हुए महापौर यादव ने तकनीकी अधिकारियों से निर्माण की प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने बताया कि शासन की जनकल्याणकारी योजना के तहत विद्यार्थियों की सुविधा के लिए 500 सीटर नालंदा परिसर का निर्माण किया जा रहा है। परिसर में क्लास रूम, रीडिंग जोन, पुस्तकालय एवं कैंटीन जैसी सुविधाएं उपलब्ध होंगी। इसके अलावा पार्किंग, पानी निकासी के लिए नाली और बाउंड्रीवाल का भी निर्माण किया जा रहा है। आयुक्त जीआर मरकाम ने बताया कि प्रथम तल पर स्लैब कास्टिंग का कार्य चल रहा है, जबकि भूतल पर पार्टिशन के लिए ईंट जोड़ाई का कार्य प्रगति पर है। महापौर ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि निर्माण कार्य में तेजी लाने के साथ भवन से जुड़े अन्य कार्य भी समानांतर रूप से पूरे किए जाएं तथा कार्य की नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित की जाए।

पूर्व सांसद सिंह ने कहा कि नालंदा परिसर विद्यार्थियों के भविष्य को संवारने की दिशा में शासन की महत्वपूर्ण पहल है। उन्होंने कहा कि इसका निर्माण शासन की मंशा के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण तरीके से किया जाए।

महतारी वंदन योजना के 30 माह पूर्ण, आज मिलेगी 31वीं किस्त

■ मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय रक्षाबंधन पर मातृशक्ति को देंगे सौगात

बालोद/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में महतारी वंदन योजना ने सफ्लतापूर्वक 30 माह पूरे कर लिए हैं। इसी क्रम में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय मंगलवार 25 अगस्त को डौण्डीलोहारा के लाल रघुवीर सिंह स्टेडियम में आयोजित कार्यक्रम में योजना की 31वीं किस्त की राशि का अंतरण करेंगे।

अब तक योजना के तहत हितग्राहियों के खातों में करीब 19 हजार 444 करोड़ रुपये की राशि का भुगतान किया जा चुका है। 31वीं किस्त रक्षाबंधन के अवसर पर प्रदेश की मातृशक्ति के लिए विशेष सौगात होगी।

जिन हितग्राहियों की ई-केवाईसी अब तक नहीं हुई है, उन्हें 31 अगस्त 2026 तक आंगनबाड़ी कार्यकर्ता या पर्यवेक्षक से संपर्क कर ई-केवाईसी कराने की अपील की गई है, ताकि योजना की राशि का भुगतान निर्बाध रूप से जारी रह सके।

मृत हितग्राहियों की जानकारी भी संबंधित आंगनबाड़ी कार्यकर्ता अथवा योजना के पोर्टल के माध्यम से देने की अपील की गई है।

न्यायालय नजूल जांच अधिकारी दुर्ग (छ.ग.)
ईश्तहार

रा.प्र.क्र. 202602103800002 /15/अ-20(3)/ वर्ष 2025-26

आवेदक दोम्मट विक्टर आ. डी.एल. पाल निवासी आमदी नगर हुडको भिलाई द्वारा इस आशय का आवेदन प्रस्तुत किया है कि आमदी नगर हुडको भिलाई में स्थित खसरा नं. 1/2 2/2 का दु. प्लाट नं. एम.आई.जी. 1/760 क्षेत्रफल 150 वर्गमीटर भूमि धारक श्रीमति डी. सुवरनम्मा पति स्व. डी.एल. पाल निवासी आमदी नगर हुडको भिलाई के नाम पर नजूल अभिलेख में दर्ज है। धारक श्रीमति डी. सुवरनम्मा पति स्व. डी.एल.पाल की मृत्यु दिनांक 01.02.2023 को हो चुकी है। मृतक धारक के वारिसान उनके पुत्र-पुत्री दोम्मट विक्टर, दोम्मट विलसन, डी.थियो फिलिस, बड़े ग्रेस मणि, दोम्मट ब्लेसी रानी पिस. डी.एल.पाल है। आवेदक द्वारा प्रश्नाधीन भूखण्ड से मृतक धारक का नाम विलोपित कर उनके वारिसानों के नाम पर फौती नामान्तरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसका प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतएव एतद् द्वारा सर्व साधारण एवं आम जनता को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति/संस्था को दावा या आपत्ति हो, तो प्रकरण की सुनवाई दिनांक 10.09.2026 को या इसके पूर्व इस न्यायालय में स्वतः या किसी व्यक्ति अथवा अधिवक्ता के द्वारा जिस भू-खंड संबंधी जानकारी हो आवश्यक अभिलेख प्रस्तुत किया जावे अथवा करवाया जावे। नियत तिथि पश्चात प्राप्त आक्षेप/आपत्ति पर कोई कार्यवाही नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 20.08.2026 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पद मुद्रा से प्रकाशन हेतु जारी किया जाता है।

मुहर

नजूल जांच अधिकारी
दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नजूल जांच अधिकारी दुर्ग (छ.ग.)
ईश्तहार

रा.प्र.क्र./अ-20(3)/वर्ष 2025-26

आवेदिका विनीता सैनी पति राजेश सैनी निवासी आमदी नगर हुडको भिलाई द्वारा इस आशय का आवेदन प्रस्तुत किया है कि आमदी नगर हुडको स्थित नजूल भूमि ख.नं 1/2.2/2 भूखंड कं.एम.आई.जी. 2/437 क्षेत्रफल 192 वर्गमीटर भूमि धारक जी.व्ही. सुब्बाराव आ. स्व. एस. वेंकटराव के नाम पर नजूल अभिलेख में दर्ज है। धारक जी.व्ही. सुब्बाराव के तरफ से आम मुख्तयार डॉ. पी.एस.ए. शर्मा द्वारा उक्त भूखण्ड पंजीकृत बैनामा दिनांक 15.01.2015 द्वारा आवेदक के पक्ष में विकय पत्र निष्पादित किया है। केता क्रं.1 सरोज गुप्ता पति स्व. डॉ. के.आर. गुप्ता की मृत्यु दिनांक 13.08.2020 को हो चुकी है। उनके वारिसान विनीता सैनी है, अन्य कोई वारिसान नहीं है। आवेदक द्वारा उक्त विकय पत्र के आधार पर प्रश्नाधीन भूखंड से धारक का नाम विलोपित कर स्वयं का नाम दर्ज किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। जिसका प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतएव एतद् द्वारा सर्व साधारण एवं आम जनता को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति/संस्था को दावा या आपत्ति हो, तो प्रकरण की सुनवाई दिनांक 09.09.2026 को या इसके पूर्व इस न्यायालय में स्वतः या किसी व्यक्ति अथवा अधिवक्ता के द्वारा जिस भू-खंड संबंधी जानकारी हो आवश्यक अभिलेख प्रस्तुत किया जावे अथवा करवाया जावे। नियत तिथि पश्चात प्राप्त आक्षेप/आपत्ति पर कोई कार्यवाही नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 14.08.2026 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पद मुद्रा से प्रकाशन हेतु जारी किया जाता है।

मुहर

नजूल जांच अधिकारी
दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र.202608100700075 /अ-06अ/वर्ष 2025-26

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है आवेदक अभिषेक चौहान पिता अभय चंद चौहान निवासी 20/ए, स्ट्रीट नं. 01, सेक्टर-01 भिलाई तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम बोरसी, प.ह. न. 39, तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नं. 333/300 रकबा 0.0112 हे./1210.50 वर्गफीट भूमि जो कि आवेदक के नाम पर वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज है। किन्तु वर्तमान ऑनलाईन राजस्व अभिलेख में आवेदक के पिता का नाम अभय चंद चौहान के स्थान पर अजय चंद चौहान दर्ज हो गया है। जो कि त्रुटिपूर्ण है। आवेदक द्वारा प्रस्तुत रजिस्ट्री बैनामा एवं अन्य दस्तावेजों के आधार पर वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज ÷अभिषेक चौहान पिता अजय चंद चौहान÷ को सुधार कर ÷अभिषेक चौहान पिता अभय चंद चौहान÷ का नाम दर्ज कर रिकार्ड शुद्ध किये जाने बाबत् आवेदन पत्र संबंधित दस्तावेजों को संलग्न कर इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 31.08.2026 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 14.08.2026 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर

तहसीलदार
दुर्ग (छ.ग.)

आम-सूचना

भारतीय भागीदारी अधिनियम, 1932 की धारा 62 (1) के अंतर्गत एतद्वारा सूचना दी जाती है। फर्म व्ही. एस. प्रोडक्शन पंजीयन क्रमांक 222202485821 पंजीयन दिनांक 04.01.2024 का गठन निम्नानुसार परिवर्तित्त कर दिया गया है। बहिर्गामी भागीदार का नाम और पूर्ण पता तथा उसकी भागीदारी समाप्ति का दिनांक 31.07.2026। 1, भुनेश्वर लाल मनवार आत्मज श्री कुज बिहारी मनवार उम्र 63 वर्ष निवासी मकान नं. 261 दीपक नगर सड़क नं. 3 दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.) पिन कोड़ नं. 491001, 2. रवि कुमार शर्मा आत्मज श्री राम खिलावन शर्मा उम्र 62 वर्ष निवासी प्लाट नं. 24 वार्ड नं. 51 सड़क नं. 1 नरसिंह, विहार, कातुलबोर्ड जिला दुर्ग (छ.ग.) 491001। फर्म व्ही. एस. प्रोडक्शन पंजीयन क्रमांक 222202485821 पंजीयन दिनांक 04. 01. 2024 को प्रभावी दिनांक 31. 07. 2026 से विघटित कर दिया गया है।

शपथकर्ता
1. भुनेश्वर लाल मनवार
2. रवि कुमार शर्मा

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
मामले की श्रेणी-राजस्व
ईश्तहार

संदर्भः जिला दुर्ग तहसील-दुर्ग प.ह.न. 00040 कसारीडीह ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण- आर.डी. 202526430104100162

तहसील दुर्ग के प.ह.न. 00040 के अंतर्गत ग्राम कसारीडीह के वर्तमान भूमिस्वामी दिनेश पाटिल पिता/पति स्व. सुरेश पाटिला पता न्यू आदर्श नगर दुर्ग के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 768/645(0.0150) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/ क्रेता दिनेश कुमार पाटिल पिता/पति स्व. सुरेश पाटिल पता आदर्श नगर मोहित टेडर्स के पास वार्ड 53 दुर्ग के नाम पर पंजीयन/फ़ौती होने के उपरांत नामांतरण/अभिलेख दुरुस्ती/खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 31.08.2026 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय तहसीलदार दुर्ग पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पुर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/ अधिवक्ता/ आममुख्तयार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 17.08.2026 को जारी किया जाता है।

मुहर

तहसीलदार
दुर्ग (छ.ग.)

आम-सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा विवाह के पूर्व नाम ऋचा पाण्डेय (RICHA PANDEY) पिता श्री राजकुमार पाण्डेय (RAJKUMAR PANDEY) था जो मेरे विवाह के पश्चात् मेरा नाम श्रीमती ऋचा पटनायक (SMT. RICHA PATNAIK) पति निशांत पटनायक (SHRI NISHANT PATNAIK) हो गया है। उपरोक्त दोनों नाम ऋचा पाण्डेय (RICHA PANDEY) एवं श्रीमती ऋचा पटनायक (SMT. RICHA PATNAIK) दोनों एक ही व्यक्ति का नाम है जो कि मैं स्वयं हूँ तथा आगे से मुझे ऋचा पाण्डेय (RICHA PANDEY) नाम से जाना, पहचाना एवं पुकारा जावे।

शपथकर्ती
श्रीमती ऋचा पटनायक
पति निशांत पटनायक

नाम/परिवर्तन

मैं पवन कुमार जाट पिता गोपी राम जाट, उम्र - 39 वर्ष, (पुराना नाम जिसे बदला जाना है) निवासी मकान नं. 01, वार्ड नं. 5, लेजवारा, बेमेतरा, तहसील बेरला, जिला बेमेतरा, (छ.ग.) ने अपना नाम पवन कुमार जाट पिता गोपी राम जाट (पुराना नाम) से बदलकर पवन कुमार भाल पिता गोपी राम भाल (नया नाम) रख लिया है।

शपथकर्ता
पवन कुमार जाट
पिता गोपी राम जाट
निवासी मकान नं. 01 वार्ड नं. 5,
लेजवारा बेमेतरा, तहसील बेरला
जिला बेमेतरा, (छ.ग.)

नाम/परिवर्तन

मैं रितेश कुमार साहु पिता संतराम साहु उम्र 39 वर्ष पता हाउस न 362 शंकर नगर छावनी भिलाई तह व जिला-दुर्ग (छ.ग.) 490026 का निवासी हूँ। मेरे पुत्र का वर्तमान नाम सौराब साहु (SOURAB SAHU) का भविष्य मे नाम सौरभ साहु (SAURABH SAHU) रखाना चाहता हूँ तथा उक्त नाम सौराब साहु (SOURAB SAHU) का अंगीकार करना चाहता हूँ। यह कि मेरे पुत्र का नाम सौराब साहु (SOURAB SAHU) के स्थान पर सौरभ साहु (SAURABH SAHU) के नाम पर पुकारा जावे व जाना जावे व पहचाना जावे यदि भविष्य मे इस संबंध में किसी भी प्रकार का विवाद उत्पन्न होता है तो उसकी सारी जिम्मेदारी मेरी होगी।

शपथकर्ता
रितेश कुमार साहु
पिता संतराम साहु
पता हाउस न 362 शंकर
नगर छावनी भिलाई
तह व जिला-दुर्ग (छ.ग.)

नाम/परिवर्तन

मैं लीना उके (LEENA UKEY) (पुराना नाम, जिसे बदला जाना है) पति राकेश एस बम्बार्डे (RAKESH S BAMBARDE) उम्र 48 वर्ष, निवासी- वार्ड नं. 16, गली नं. 7, अपना किराना स्टोर के पास, जयंती नगर दुर्ग, तह. व जिला-दुर्ग (छ.ग.) जिसे अब तक लीना उके (LEENA UKEY) पति राकेश एस बम्बार्डे (RAKESH S BAMBARDE) (पुराना नाम) ने अपना नाम बदल कर लीना राकेश बम्बार्डे (LEENA RAKESH BAMBARD) पति राकेश एस बम्बार्डे (RAKESH S BAMBARDE) (नया नाम) रख लिया है।

शपथकर्ती
लीना उके पति राकेश एस बम्बार्डे
निवासी- वार्ड नं. 16, गली नं. 7,
अपना किराना स्टोर के पास, जयंती
नगर दुर्ग, तह. व जिला-दुर्ग (छ.ग.)

नाम/परिवर्तन

मैं मनीषा यादव (MANEESHA YADAV) पिता जेठू राम यादव (पुराना नाम, जिसे बदला जाना है) शहर 267, सिरसाखुर्द, जेओरा सिरसा दुर्ग तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.) 491001 से अपना नाम मनीषा यादव (MANEESHA YADAV) (पुराना नाम) से बदल ममता बाई यादव (MAMTA BAI YADAV) (नया नाम) रख लिया है।

शपथकर्ती
मनीषा यादव पिता जेठूराम यादव
शहर 267, सिरसाखुर्द, जेओरा सिरसा
दुर्ग तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.)

नाम/परिवर्तन

मै. स्नेहा पिता श्री श्रीनिवास राव निवासी वार्ड नं. 16 कर्मचारी नगर दुर्ग तह. व जिला दुर्ग छ.ग. की हूं, जो निम्न बयान शपथपूर्वक पेश करता हूं। यह कि मैं उपरोक्त पते पर निवास करता हूँ। यह कि मेरे समस्त दस्तावेज आधार कार्ड क्रमांक 2692 2468 4899 मे मेरा नाम स्नेहा पिता श्री एन. श्रीनिवास राव दर्ज है जो कि सही व सत्य है। यह कि मेरे कक्षा 10.12 वीं अंक सूची में मेरे पिता का नाम श्रीनिवास माता का नाम रमा दर्ज है। यह कि मेरा पिता का नाम एन. श्रीनिवास राव श्रीनिवास राव माता का नाम रमा एवं रमा राव ये दोनो नाम मेरे पिता माता का ही नाम है। यह कि अब मेरा नाम स्नेहा पिता श्री श्रीनिवास राव. के नाम जाने व पहचाने एवं समस्त मस्तावेज इस नाम दर्ज करवाने हेतु यह शपथ पत्र प्रस्तुत है। अत: यह शपथ पत्र श्रीमान सक्षम अधिकारी महोदय के समक्ष प्रस्तुत है।

शपथकर्ती
स्नेहा पिता श्री श्रीनिवास राव
निवासी वार्ड नं. 16 कर्मचारी नगर
दुर्ग तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार बोरी जिला दुर्ग (छ.ग.)
ईश्तहार

रा.प्र.क्र.202608102700014 /अ-06/वर्ष 2025-26

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदक थानेश्वर प्रसाद देशमुख आत्मज स्व. खुमान सिंह देशमुख, जाति कुर्मी, निवासी ग्राम बोरीबुजुर्ग, तहसील बोरी, जिला दुर्ग (छ.ग.) द्वारा इस न्यायालय के समक्ष आवेदन प्रस्तुत किया गया है कि ग्राम बोरीबुजुर्ग, प.ह.नं.-04, तहसील बोरी स्थित भूमि खसरा नंबर 466/2, 489/2 रकबा क्रमशः 0.04, 0.01 है. आवेदक के बड़े पिता जी घनश्याम देशमुख आत्मज मयाराम देशमुख के नाम पर भूमिस्वामी हक में दर्ज है, उक्त भूमि के भूमिस्वामी की मृत्यु दिनांक 04.06.2024 को होने पर पारिवारिक व्यवस्था के तहत फौती नामांतरण पश्चात् आपसी सहमति पत्र दिनांक 17.04.2026 के अनुसार 1. थानेश्वर प्रसाद देशमुख, 2. चेतन कुमार देशमुख दोनो पिता स्व. खुमान सिंह देशमुख एवं 3. ललिता देशमुख पति स्व. खुमान सिंह देशमुख का नाम दर्ज किये जाने हेतु आवेदन पत्र, बी-1, मृत्यु प्रमाण व अन्य दस्तावेज की छायाप्रति संलग्न कर निवेदन किया गया है, जोकि इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः उक्त वादभूमि को आवेदक 1. थानेश्वर प्रसाद देशमुख, 2. चेतन कुमार देशमुख दोनो पिता स्व. खुमान सिंह देशमुख एवं 3. ललिता देशमुख पति स्व. खुमान सिंह देशमुख के नाम पर दर्ज जाने पर जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति या दावा हो तो वे स्वयं अथवा अपने मान्य अधिवक्तागण के साथ सुनवाई तिथि 15.09.2026 को या उसके पूर्व उपस्थित होकर अपना आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित समयावधि के पश्चात् प्राप्त आवेदन पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 20.08.2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुहर के साथ जारी किया गया।

मुहर

तहसीलदार
बोरी जिला दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
मामले की श्रेणी-राजस्व
ईश्तहार

संदर्भः जिला दुर्ग तहसील-दुर्ग प.ह.न. 00049 रिसाली ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण- आर.डी. 202526430104800212

तहसील दुर्ग के प.ह.न. 00049 के अंतर्गत ग्राम रिसाली के वर्तमान भूमिस्वामी कृष्णी चंद्राकर पिता/पति जे.आर. चंद्राकर पता 63/सी रुआबांधा सेक्टर भिलाई के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 535/23 (0.0100) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/ क्रेता ढाला चंद्राकर पिता/पति स्व. पूनाराम चंद्राकर पता मकान नं. 15 सड़क नं. 13 वार्ड 28 आशीष नगर रिसाली भिलाई के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण/अभिलेख दुरुस्ती/खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 28.08.2026 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय तहसीलदार दुर्ग पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पुर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/ अधिवक्ता/ आममुख्तयार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 12.08.2026 को जारी किया जाता है।

मुहर

तहसीलदार
दुर्ग (छ.ग.)

नाम/परिवर्तन

मै बिरेन्द्र वर्मा आ. पुनूराम, उम्र 36 वर्ष निवासी वार्ड नंबर 17, ग्राम नवागांव (पुरदा) थाना व तहसील बोरी जिला दुर्ग (छ.ग.) (माता/पिता/पालक का नाम) सुपुत्र करण (KARAN) पिता विरेन्द्र वर्मा (VIRENDRA VERMA) (पुराना नाम, जिसे बदला जाना है) शहर / ग्राम वार्ड नंबर 17, ग्राम नवागांव (पुरदा) थाना व तहसील बोरी जिला दुर्ग (छ.ग.) ने अपने नाबालिग सुपुत्र का नाम करण (KARAN) पिता विरेन्द्र वर्मा (VIRENDRA VERMA) (पुराना नाम) से बदल कर करण कुमार वर्मा (KARAN KUMAR VERMA) पिता बिरेन्द्र वर्मा (VIRENDRA VERMA) रख लिया है।

शपथकर्ता
बिरेन्द्र वर्मा आ. पुनूराम
निवासी- वार्ड नंबर 17
ग्राम नवागांव (पुरदा)
थाना व तहसील बोरी
जिला दुर्ग (छ.ग.)

नाम/परिवर्तन

मैं अनुराधा टंडन (ANURADHA TANDAN) पति श्री सरवन टंडन (पुराना नाम, जिसे बदला जाना है) शहर म.नंबर 103, 7, ककरेल तह.व जिला राजनांदगांव (छ.ग.) से अपना नाम अनुराधा टंडन (ANURADHA TANDAN) (पुराना नाम) से बदल अनुसुइया टंडन (ANUSUIYA TANDAN) (नया नाम) रख लिया है।

शपथकर्ती
अनुराधा टंडन पति श्री सरवन टंडन
शहर म.नंबर 103, 7, ककरेल
तह. व जिला राजनांदगांव (छ.ग.)

नाम/परिवर्तन

मैं यामिनी सिहारे (YAMINI SIHARE) पिता बी आर सिहारे (BR SIHARE) (पुराना नाम, जिसे बदला जाना है) शहर 27/ए, सड़क नंबर 29, सेक्टर 5, भिलाई नगर सिविक सेंटर भिलाई तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.) 490006 से अपना नाम यामिनी सिहारे (YAMINI SIHARE) पिता बी आर सिहारे (BR SIHARE) (पुराना नाम) से बदल यामिनी सिहारे (YAMINI SIHARE) पिता बिशेषर राम सिहारे (BISHESHER RAM SIHARE) (नया नाम) रख लिया है।

शपथकर्ती
यामिनी सिहारे पिता बी आर सिहारे
शहर 27/ए, सड़क नंबर 29,
सेक्टर 5, भिलाई नगर सिविक सेंटर
भिलाई तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.)

नाम/परिवर्तन

मैं सुलोचनी (SULOCHANI) (पुराना नाम, जिसे बदला जाना है) घ.प. गीता राम, निवासी- ग्राम नारायणपुर तह. कसडोल जिला बलौदाबाजार-भाठापारा (छ.ग.) ने अपना नाम सुलोचनी (SULOCHANI) (पुराना नाम) से बदल कर ननकुनियाबाई केंवट (NANKUNIYABAI KENVAT) (नया नाम) रख लिया है।

शपथकर्ती
सुलोचनी ध.प. गीता राम
निवासी- ग्राम नारायणपुर
तह. कसडोल जिला बलौदा
बाजार-भाठापारा (छ.ग.)

नाम/परिवर्तन

मै अजगर अली (AJGAR ALI) (पुराना नाम, जिसे बदला जाना है) सुपुत्र/सुपुत्री/पत्नि / पिता पिता शेख आयुन खान पता- डिपरा पारा दुर्ग, तहसील व जिला दुर्ग (छ.ग.) ने अपना नाम अजगर अली (AJGAR ALI) (पुराना नाम) से बदल कर शेख असगर (SHEIKH ASAGAR) (नया नाम) रख लिया है।

शपथकर्ता
अजगर अली
पिता शेख आयुन खान
पता- डिपरापारा दुर्ग
तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग-03 जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा

रा.प्र.क्र.202608103000032 /अ-06अ/ वर्ष 2025-26

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका दामिनी पिता दुलार सिंह साहू निवासी ग्राम मचान्दुर तहसील व जिला दुर्ग छ.ग. के द्वारा मौजा ग्राम मचान्दुर प.ह.न. 58 रा.नि.मं. उतई तहसील व जिला दुर्ग छ.ग. स्थित भूमि खसरा नंबर 264, 265 रकबा 0.3200, 1.2600 हे. कुल रकबा 1.5800 हे. भूमि राजस्व अभिलेख में आवेदिका एवं अन्य-02 के नाम पर शामिलात रूप से दर्ज है। वर्तमान में किसानो का किसान एग्रीटेक पोर्टल में शासन के निर्देशानुसार पंजीयन किया जा रहा है। परन्तु उक्त वर्णित भूमि में खातेदारो का नाम बी-1 में आवेदिका के मां का नाम नंबर-1 एवं आवेदिका व उनकी बहन का नाम नंबर-2 पर त्रुटिवश अंकित कर दिया गया है। जिसके कारण किसान एग्रीटेक पोर्टल में खाते मे दर्ज सभी नामों का पंजीयन नही हो पा रहा है। अतः उक्त भूमि के राजस्व अभिलेख में दर्ज नाम 1 दुर्गेश पति बे. दुलार 2 दामिनी 2 गीतांजलि पिता दुलार को सुधार कर 1 दुर्गेश साहू पति बे. दुलार सिंह साहू 2 दामिनी पिता स्व. दुलार सिंह साहू 3 गीतांजली पिता स्व. दुलार सिंह साहू जाति तेली राजस्व अभिलेख में दर्ज कर त्रुटिसुधार किये जाने हेतु आवेदन पेश किया गया है। जो कि प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत दिनांक 31/08/2026 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते हैं। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 19.08.2026 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर

नायब तहसीलदार
दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा

रा.प्र.क्र.202608103000021 /अ-06/वर्ष 2025-26

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक माखन लाल पिता सुकालू राम उम्र 60 वर्ष निवासी मचांदूर, तह. व जिला दुर्ग (छ. ग.) के द्वारा मौजा मचान्दूर प.ह.नं. 58 रा.नि.मं. उतई स्थित भूमि खसरा नं. 150, 468 रकबा कमश 0.35, 0.46 हे0 भूमि माखन लाल पिता सुकालू व अन्य सहखातेदारो के सामिलात नाम पर राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदक की की माता पांचोबाई पति सुकालू की मृत्यु दिनांक 28/10/2025 एवं भाई गोपाल पिता सुकालू की मृत्यु दिनांक 10/07/2017 हो चुकी है। मृत्यु पश्चात गोपाल पिता सुकालू के वारिसानः- हेमलता बंजारे (पत्नि), तृप्ति कुमारी (पुत्री) है। उक्त वर्णित भूमि से सहखातेदार पांचो बाई एवं गोपाल के मृत्य उपरांत नाम विलोपित कर विधिक वारिसान के नाम फौती/नामांतरण दर्ज कर शेष खातेदारो का नाम यथावत रखे जाने हेतु न्यायालय के समक्ष आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 31.08.2026 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 07.08.2026 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर

नायब तहसीलदार
दुर्ग (छ.ग.)

नाम/परिवर्तन

मैं शपथकर्ता ताहीर खान (TAHEER KHAN) पिता श्री इमाम खान (IMAM KHAN) उम्र 47 वर्ष, निवासी - मकान नं. 223, वार्ड नं. 09 मंचान्दुर पोस्ट मंचान्दुर पिन कोड - 491221 तह. दुर्ग जिला - दुर्ग (छ.ग.) का हूँ, जो निम्न कथन शपथ पूर्वक करता हूँ :- यह कि, मैं उपरोक्त दर्शित पते का स्थायी निवासी हूँ। यह कि, मेरे स्वंय का नाम ताहीर खान (TAHEER KHAN) है यह नाम मेरे मतदाता परिचय पत्र व राशन कार्ड में दर्ज हैं परन्तु मेरे स्वंय के आधार कार्ड में मेरा नाम त्रुटिवश ताहेर खान (TAHER KHAN) दर्ज हो गया हैं। यह कि, मैं अपने स्वंय के आधार कार्ड क्रमांक 4197 5794 5532 में दर्ज नाम ताहेर खान (TAHER KHAN) के स्थान पर नया नाम ताहीर खान (TAHEER KHAN) किये जाने के समर्थन में यह शपथ पत्र शासकीय गजट/राजपत्र में प्रकाशित किये जाने के संबंध में प्रस्तुत हैं।

शपथकर्ता
ताहीर खान पिता श्री इमाम खान
निवासी - मकान नं. 223, वार्ड नं.
09 मंचान्दुर पोस्ट मंचान्दुर
तह. दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

नाम/परिवर्तन

मैं प्रतिभा बाई (PRATIBHA BAI) (पुराना नाम, जिसे बदला जाना है) सुपुत्र/सुपुत्री/पत्नी सुरेश कुमार भुआर्य (SURESH KUMAR BHUARYA) गाँव / शहर-ग्राम- हाथीगोर्रा, टेकाढोड़ा, तहसील- डौंडी जिला-बालोद छत्तीसगढ़ ने अपना नाम-प्रतिभा बाई (PRATIBHA BAI) (पुराना नाम) से बदल कर प्रतिमा बाई (PRATIMA BAI) (नया नाम) रख लिया है।

शपथकर्ती
प्रतिभा बाई
पिता/पति सुरेश कुमार भुआर्य
गाँव/शहर ग्राम हाथीगोर्रा टेकाढोड़ा,
तहसील डौंडी जिला बालोद (छ.ग.)

नाम/परिवर्तन

मैं कौशल कुमार (KAUSHAL KUMAR) पिता विभीषण (VIBHISHAN) (पुराना नाम जिसे बदला जाना है) गाँव / शहर क्वा. नं-4/बी, स्टीट नं-15, सेक्टर-8 भिलाई तहसील व जिला दुर्ग छत्तीसगढ़ ने अपना नाम कौशल कुमार (KAUSHAL KUMAR) पिता विभीषण (VIBHISHAN) (पुराना नाम) से बदल कर कौशल कुमार बघेल (KAUSHAL KUMAR BAGHEL) पिता विभीषण (VIBHISHAN) (नया नाम) रख लिया है।

शपथकर्ता
कौशल कुमार पिता विभीषण
गाँव / शहर क्वा. नं-4/बी, स्टीट
नं-15, सेक्टर-8 भिलाई तहसील व
जिला दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा

रा.प्र.क्र.202608103000019 /अ-06/वर्ष 2025-26

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक माखन लाल पिता सुकालू राम उम्र 60 वर्ष निवासी मचांदूर, तह. व जिला दुर्ग (छ. ग.) के द्वारा मौजा मचान्दूर प.ह.नं. 58 रा.नि.मं. उतई स्थित भूमि खसरा नं. 152 रकबा कमश 0.5500 हे. भूमि माखन लाल पिता सुकालू व अन्य सहखातेदारो के सामिलात नाम पर राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदक की की माता पांचोबाई पति सुकालू की मृत्यु दिनांक 28/10/2025 एवं भाई गोपाल पिता सुकालू की मृत्यु दिनांक 10/07/2017 हो चुकी है। मृत्यु पश्चात गोपाल पिता सुकालू के वारिसानः- हेमलता बंजारे (पत्नि), तृप्ति कुमारी (पुत्री) है। उक्त वर्णित भूमि से सहखातेदार पांचो बाई एवं गोपाल के मृत्य उपरांत नाम विलोपित कर विधिक वारिसान के नाम फौती/नामांतरण दर्ज कर शेष खातेदारो का नाम यथावत रखे जाने हेतु न्यायालय के समक्ष आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 31.08.2026 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 07.08.2026 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर

नायब तहसीलदार
दुर्ग (छ.ग.)

सावन के आखिरी सोमवार को निकली बाबा महाकाल की भव्य शाही पालकी यात्रा

हजारों श्रद्धालु हुए शामिल, जयकारों से गूंजा शहर; यात्रा के दौरान पुलिस-यातायात व्यवस्था पर उठे सवाल

भाटापारा/नवप्रदेश। सावन के आखिरी सोमवार को नगर में आस्था और भक्ति का अद्भुत नजारा देखने को मिला। नगर के बाबा महाकाल मंदिर से भगवान भोलेनाथ की भव्य शाही पालकी यात्रा निकाली गई। यात्रा में हजारों की संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। हर-हर महादेव और बम-बम भोले के जयकारों से शहर का माहौल शिवमय हो गया। श्रद्धालुओं ने पालकी के दर्शन कर भगवान महाकाल का आशीर्वाद लिया और सुख-समृद्धि की कामना की।

सावन के अंतिम सोमवार के अवसर पर सुबह से ही बाबा महाकाल मंदिर में भक्तों की भीड़ उमड़ने लगी थी। विशेष पूजन-अभिषेक और श्रृंगार के बाद बाबा महाकाल को शाही पालकी में विराजमान कराया गया। इसके बाद विधिवत पूजा-अर्चना के साथ पालकी यात्रा प्रारंभ हुई। यात्रा में बड़ी संख्या में महिलाएं, पुरुष, युवा और बच्चे शामिल हुए। श्रद्धालु पूरे उत्साह के साथ भगवान शिव के जयकारे लगाते हुए आगे बढ़ रहे थे।

ढोल-नगाड़ों और जयकारों से गूंजा शहर

शाही पालकी यात्रा में ढोल-नगाड़ों और धार्मिक धुनों ने माहौल को भक्तिमय बना दिया। जगह-जगह श्रद्धालुओं ने पालकी का स्वागत किया। भगवान महाकाल के दर्शन के लिए सड़क के दोनों ओर बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे। कई स्थानों पर श्रद्धालुओं ने पुष्पवर्षा कर पालकी का स्वागत किया।

यात्रा में शामिल श्रद्धालुओं का उत्साह देखते ही बन रहा था। युवाओं की टोलियां भगवान शिव के जयकारे लगाते हुए चल रही थीं। वहीं महिलाओं और बच्चों ने भी पूरे उत्साह के साथ यात्रा में भाग लिया। सावन के अंतिम सोमवार पर निकली इस शाही पालकी यात्रा ने पूरे शहर को भक्तिमय वातावरण में रंग दिया।

शुरुआत में पुलिस और यातायात व्यवस्था नदारद, जाम में फंसे

धार्मिक आयोजनों में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ जुटती है, ऐसे में पुलिस और यातायात विभाग से पहले से रूट डायवर्जन, बैरिकेडिंग और जवानों की तैनाती की अपेक्षा रहती है। पालकी यात्रा के दौरान यातायात व्यवस्था को लेकर सामने आई अव्यवस्था ने प्रशासन की तैयारियों पर सवाल खड़े कर दिए।

न्यूज गैलरी

पंजीकृत महिला श्रमिकों से दीदी ई-रिक्शा सहायता हेतु आवेदन आमंत्रित

बलौदाबाजार/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ शासन श्रम विभाग के अंतर्गत छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मण्डल के तहत दीदी ई-रिक्शा सहायता योजनांतर्गत पंजीकृत महिला श्रमिक जिनका निरंतर 3 वर्ष पूर्व का जीवित पंजीयन हो उनसे आवेदन आमंत्रित किया गया है। ऐसे महिला पंजीकृत श्रमिकों को ई-रिक्शा दिये ये जाने के उद्देश्य से ऋयमूल राशि का 60 प्रतिशत् या अधिकतम राशि रू 1 लाख 50 हजार रू. जो भी कम हो अनुदान विभाग द्वारा दिए जाने का प्रावधान है। हितग्राही का पंजीयन कार्ड, बैंक से लोन प्राप्त करने संबंधी दस्तावेज, आधार कार्ड,ड्राईविंग लायसेंस एवं बैंक पास बुक की प्रति आवश्यक है।ऐसे पंजीकृत महिला श्रमिक जो विगत 03 वर्षो से मंडल अंतर्गत पंजीकृत हो वे प्रत्येक जनपद पंचायतों में स्थित श्रम संसाधन केन्द्रों, विभाग के श्रमेव जयते ऐप या श्रम कार्यालय के कक्ष ऋमांक 117 कलेक्टर परिसर तथा च्वॉइस सेन्टर के माध्यम से आवेदन प्रस्तुत कर सकते है ।

विशेष जिला मेडिकल बोर्ड का आयोजन आज

बलौदाबाजार/नवप्रदेश। जिला मेडिकल बोर्ड का आयोजन सप्ताह के प्रत्येक बुधवार को किया जाता है। इस सप्ताह के बुधवार को ईद-ए-मिलाद का सामान्य अवकाश होने के कारण विशेष मेडिकल बोर्ड का आयोजन 25अगस्त मंगलवार को किया जाएगा। इस विशेष जिला मेडिकल बोर्ड के आयोजन से शासकीय सेवा में चयनित अभियार्थियों का स्वास्थ्य प्रमाण पत्र एवं दिव्यांगजनो का दिव्यांग प्रमाण पत्र आसानी से बन सकें एवं उन्हे असुविधा का सामना न करना पडे। अगले सप्ताह जिला मेडिकल बोर्ड का आयोजन सप्ताह के प्रत्येक बुधवार से यथावत आयोजित किया जाएगा।

चिचोला से डोंगरगढ़ के लिए निकली कांवड़ यात्रा

छुरिया/नवप्रदेश। सावन सोमवार के पावन अवसर पर चिचोला राम मंदिर से 100 से अधिक कांवड़िए पवित्र जल लेकर डोंगरगढ़ स्थित श्री जटाशंकर महादेव मंदिर के लिए रवाना हुए। कांवड़ यात्रा में शामिल श्रद्धालुओं का जगह-जगह स्वागत किया गया। इस दौरान पूर्व जनपद सदस्य चुम्मन साहू ने कांवड़ियों का फूल-मालाओं एवं पुष्पवर्षा से स्वागत किया। उन्होंने श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए पानी की व्यवस्था भी की। स्वागत से कांवड़ियों में उत्साह देखने को मिला। चिचोला राम मंदिर से पवित्र जल लेकर निकले कांवड़िए डोंगरगढ़ पहुंचकर श्री जटाशंकर महादेव मंदिर में भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक करेंगे। यात्रा के दौरान हर-हर महादेव और बोल बम के जयकारों से वातावरण भक्तिमय बना रहा। इस अवसर पर चुम्मन साहू ने सभी कांवड़ियों को सावन सोमवार की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि भगवान भोलेनाथ सभी की मनोकामनाएं पूर्ण करें तथा क्षेत्र में सुख-शांति और समृद्धि बनाए रखें। कांवड़ यात्रा के स्वागत कार्यक्रम में चंद्रिका प्रसाद डडसेना, सरपंच चतुर पाल सिंह, एकनाथ सिन्हा, पूर्व सरपंच अतीश सिन्हा, गिरवर साहू, बेदराम ताम्रकार, अशोक वर्मा, देवेंद्र यादव, पीताम्बर सिन्हा, धिरपाल धनकर एवं टाकेश सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

रजत बंगानी के आज 25 उपवास भव्य मुनि से लिया आशीर्वाद

नवापारा राजिम/नवप्रदेश। स्थानीय श्वेताम्बर जैन श्री संघ को पुण्योदय से शासनोत्सव वर्षावास 2026 का अनुपम अवसर प्राप्त हुआ। श्री संघ को गच्छाधिपति पू. जिनचन्द्र सूरीजी म. सा. एवं पन्यास प्रवर तप चक्रवर्ती पू. वीरभद्र मुनि जी के यशस्वी सुशिष्य पूज्य भव्य मुनि जी एवं पू. सोमभद्र मुनि जी का पावन सानिध्य धर्म आराधना हेतु मिला है। प्रतिदिन प्रातः 9 बजे से जिनवाणी के अंतर्गत उपमिती भव प्रपंचा ग्रंथ का विवेचन पूज्य भव्य मुनि जी द्वारा हो रहा है। श्रावक श्राविकाओं को शासन के प्रति जागरूक कर रहे हैं उन्हें कर्तव्यों का बोध करा रहे हैं। स्वाध्याय, प्रवचन के साथ श्री संघ में तपस्याओं का क्रम भी चालू है। सर्व मंगल हेतु प्रतिदिन आयंबिल तप एवं चालीस दिवसीय श्री समवेत शिखर जिन तप की आराधना भी हो रही है। दीर्घ तपस्या के रूप में पीयूष सम्यक समर्पित तपस्वी रजत बंगानी (सुपुत्र स्मृतिशेष रमेश अनिता बंगानी) ने आज 25 उपवास का पच्चक्खाण पूज्य भव्य मुनि जी से लिया। तप संयम की अनूठी साधना, जीवन को दिव्यता की ओर ले जाने वाली तपस्या के तपाराधक रजत बंगानी की तपस्या की सकल श्री संघ ने सुखशाता पूछते हुए भूरि भूरि अनुमोदना की। रजत बंगानी की तपस्या आगे भी जारी है।

चाकू से वार कर चोट पहुंचाने वाला आरोपी गिरफ्तार

बलौदाबाजार/नवप्रदेश। पुरानी बस्ती में मारपीट करते हुए चाकू से वार कर चोंट पहुंचाने वाले आरोपी को थाना सिटी कोतवाली पुलिस द्वारा चाय की दुकान में पुरानी रंजिश को लेकर गाली-गलौज करते हुए जानलेवा हमला कर चाकूबाजी करने वाले आरोपी को त्वरित कार्यवाही करते हुए गिरफ्तार किया गया है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार कि प्रार्थी द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि पुरानी अनदेखी व बातचीत न करने की बात पर गुस्सा होकर आरोपी राजीव वर्मा उर्फ बड्डे द्वारा गंदी-गंदी गालियां देते हुए जान से मारने की धमकी दी गई तथा अपनी स्कूटी की डिक्की से धारदार चाकू निकालकर प्रार्थी पर हमला कर दिया, जिससे प्रार्थी के बाएं हाथ के कोहनी के पास चोट लगी। प्रार्थी की रिपोर्ट पर थाना सिटी कोतवाली में धारा 296, 115(2), 351(2), 318(1) बीएनएस एवं 25,27 आर्म्स एक्ट दर्ज कर विवेचना में लिया गया। पुलिस टीम द्वारा आरोपी को हिरासत में लेकर कड़ाई से पूछताछ करने पर आरोपी द्वारा जुर्म स्वीकार किया गया। आरोपी के मेमोरेंडम कथन के आधार पर घटना में प्रयुक्त धारदार चाकू एवं स्कूटी क्रमांक सीजी 04 एसयू 2423 विधिवत जप्त कर कब्जे में लिया गया है।

पेमेन्ट शिक्षा विभाग का काम किसी और विभाग का था... स्कूल शिक्षा मंत्री

शासन के मूल पद नीति से राज्य के 2500 से अधिक स्कूलों में शिक्षकों की कमी दूर की गई : गजेंद्र यादव

■ 10600 से अधिक शिक्षक गैरशिक्षणीय विभाग मे कार्यरत थे

भाटापारा/नवप्रदेश। स्थानीय सरस्वती शिशु मंदिर में आयोजित कार्यक्रम में प्रदेश के स्कूल शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव, पूर्व विधायक शिवरतन शर्मा, नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा, राकेश तिवारी सहित अन्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम के पश्चात पत्रकार वार्ता आयोजित की गई। पत्रकारों के सवालों का जवाब देते हुए स्कूल शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव ने कहा कि शासन द्वारा स्कूली शिक्षा को विकसित एवं मजबूत बनाने के उद्देश्य से शिक्षा विभाग के अंतर्गत विभिन्न विभागों में कार्यरत शिक्षकों को उनके मूल पद पर वापस लाया गया है।

मंत्री यादव ने कहा कि प्रदेश में 2500 से अधिक स्कूल शिक्षकों की कमी से जूझ रहे थे। ऐसे में गैर-शैक्षणिक विभागों में कार्यरत शिक्षकों को उनके मूल पद पर वापस लाकर स्कूलों में शिक्षकों की कमी को दूर करने का प्रयास किया गया है।

मंत्री ने कहा कि शिक्षकों के मूल पद पर लौटने से राज्य में शैक्षणिक व्यवस्था में सुधार हुआ है और विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का अवसर मिल रहा है। उन्होंने कहा कि इस प्रक्रिया के दौरान विभिन्न विभागों से शिक्षा विभाग को शिकायतें भी प्राप्त हुईं, लेकिन शासन ने बिना किसी दबाव के शिक्षकों को उनके मूल पद पर लाने की प्रक्रिया जारी रखी।

10,600 से अधिक शिक्षक गैर-शैक्षणिक विभागों में थे कार्यरत

स्कूल शिक्षा मंत्री ने बताया कि शिक्षा विभाग के ही 10,600 से अधिक शिक्षक गैर-शैक्षणिक कार्यों में कार्यरत थे, जबकि उनका वेतन शिक्षा विभाग से जारी होता था। इससे एक ओर शिक्षण संस्थानों को शिक्षकों की कमी का सामना करना पड़ रहा था, वहीं दूसरी ओर शैक्षणिक व्यवस्था भी प्रभावित हो रही थी। उन्होंने बताया कि गैर-शैक्षणिक विभागों में कार्यरत शिक्षकों में करीब 80 प्रतिशत लेक्चरर थे। शासन की मूल पद नीति के तहत इन्हें गैर-शैक्षणिक विभागों से हटाकर स्कूल शिक्षा विभाग में वापस लाया गया। इससे प्रदेश के 2500 से अधिक स्कूलों में शिक्षकों की कमी को दूर करने में मदद मिली है।

मूल पद नीति के विरोध में कांग्रेस विचारधारा से जुड़े शिक्षक शामिल थे : यादव

स्कूल शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव ने कहा कि गैर-शैक्षणिक विभागों से शिक्षकों को मूल पद पर वापस लाने की नीति के क्रियान्वयन के विरोध में कुछ शिक्षक शामिल थे। उन्होंने आरोप लगाया कि इनमें से कुछ शिक्षक कांग्रेस विचारधारा से जुड़े हुए थे। मंत्री ने कहा कि पाटन, सारंगढ़ सहित कुछ क्षेत्रों में किया गया विरोध सुनियोजित तरीके से किया गया था।

पत्रकार वार्ता में मंत्री से जिले के स्कूल शिक्षा विभाग के विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर पूर्णकालिक अधिकारियों की नियुक्ति नहीं होने को लेकर भी सवाल किया गया। पत्रकार ने पूछा कि जिला शिक्षा अधिकारी, विकासखंड शिक्षा अधिकारी (बीईओ), बीआरसी सहित कई पदों पर विभाग का काम प्रभारी अधिकारियों के भरोसे क्यों चलाया जा रहा है?

अवैध नल कनेक्शन एवं जलकर बकायेदारों पर सख्त कार्रवाई

तीन टूल्लूपंप जब्त

भाटापारा/नवप्रदेश। नगर पालिका परिषद भाटापारा द्वारा शहर में जलकर की बकाया राशि वसूली एवं अवैध नल कनेक्शनधारियों के खिलाफ ताबड़तोड़ कार्यवाही की जा रही है। मुख्य नगर पालिका अधिकारी (ष्टरूह्र) श्री शिवकुमार यादव के सख्त निर्देशों के परिपालन में राजस्व प्रभारी श्री देवकुमार बंजारे के नेतृत्व में नगर पालिका की विशेष टीम गठित कर यह अभियान चलाया गया।

कार्यवाही के दौरान टीम ने बकायेदारों के घर-घर जाकर जलकर वसूली एवं अवैध रूप से लगाए गए नल कनेक्शनों की जांच की। नियमों का उल्लंघन करने और लंबे समय से जलकर का भुगतान न करने पर संबंधित उपभोक्ताओं के खिलाफ नल कनेक्शन विच्छेद (कट काटने) तथा टूल्लू पंप जब्ती की कार्यवाही की गई।

जिन व्यक्तियों पर कार्यवाही की गई एवं टूल्लू पंप जब्त किए गए: रघुनाथ ध्रुव, विश्राम ध्रुव मोहन ध्रुव मुख्य नगर पालिका अधिकारी शिवकुमार यादव ने स्पष्ट किया है कि यह अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा।

उन्होंने शहरवासियों से अपील की है कि जिन नागरिकों का जलकर बकाया है, वे शीघ्र अति शीघ्र नगर पालिका कार्यालय में जमा कर रसीद प्राप्त करें तथा जिन लोगों ने अवैध रूप से नल कनेक्शन लिया है या डायरेक्ट टूल्लू पंप लगाकर पानी खींच रहे हैं, वे उसे नियमित कराएं। अन्यथा आगे भी इसी तरह कनेक्शन काटने और जब्ती की कड़ी कार्यवाही की जाएगी।

अंतिम सोमवार को शिवालयों में उमड़ा आस्था का सैलाब

कांवरियों की टोली से गूंजा क्षेत्र

नवापारा-राजिम/नवप्रदेश। सावन के अंतिम सोमवार को शिवालयों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। त्रिवेणी संगम के बीच स्थित श्री कुलेश्वरनाथ महादेव मंदिर में बड़ी संख्या में श्रद्धालु भगवान शिव के दर्शन और जलाभिषेक के लिए पहुंचे। मंदिर परिसर में सुबह से ही भक्तों की लंबी कतारें देखने को मिलीं।

वहीं सड़कों पर भी कांवरियों की टोलियां नजर आईं। गाजे-बाजे और डीजे की धुन पर कांवरिए भगवान भोलेनाथ के जयकारे लगाते हुए जल लेकर श्री कुलेश्वरनाथ महादेव के दर्शन के लिए पहुंचे। कांवरियों और श्रद्धालुओं के जयघोष से पूरा क्षेत्र भक्तिमय हो गया।

श्रद्धालुओं ने कुलेश्वरनाथ महादेव का जलाभिषेक कर विधि-विधान से पूजा-अर्चना की और सुख-समृद्धि की कामना की। सावन के अंतिम सोमवार के अवसर पर मंदिर और आसपास के क्षेत्रों में आस्था, भक्ति और उत्साह का अद्भुत नजारा देखने को मिला।

लक्ष्मण झूला में खचाखच भीड़ : सावन के अंतिम सोमवार को लक्ष्मण झूला क्षेत्र में भी श्रद्धालुओं की भारी भीड़ रही। सुबह से ही बड़ी संख्या में लोग पहुंचते रहे, जिससे पूरा क्षेत्र भक्तों से खचाखच नजर आया। हर ओर बोल बम और हर-हर महादेव के जयकारों से वातावरण शिवमय बना रहा।

सशिमं केवल विद्यालय नहीं, संस्कार और राष्ट्र निर्माण की प्रयोगशाला है : शिवरतन

भाटापारा/नवप्रदेश। सरस्वती शिक्षा संस्थान, रायपुर छत्तीसगढ़ की वार्षिक क्रीड़ा योजना के अंतर्गत शनिवार को नगर के प्रतिष्ठित सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, सूरजपुरा रोड, भाटापारा में क्षेत्रीय एवं प्रांतीय स्तर की खेलकूद प्रतियोगिता (जूडो / कुराश / कराते / ताइक्वांडो) का भव्य एवं गरिमामय उद्घाटन समारोह संपन्न हुआ।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में वरिष्ठ भाजपा नेता छत्तीसगढ़ शिवरतन शर्मा सम्मिलित हुए। कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ माँ सरस्वती, भारत माता और विद्या भारती के प्रेरणा पुरुष परम पूज्य ओम जी के तैलचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन कर किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के भैया-बहनों द्वारा स्वागत गीत एवं मार्शल आर्ट की मनमोहक प्रस्तुति दी गई। इस प्रतियोगिता में संभाग के विभिन्न जिलों से आए हुए खिलाड़ी छात्र-छात्राएं भाग ले रहे हैं, जो आगामी दो दिनों तक अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे।

श्री महासती महारानी मेला महोत्सव में आज भजन संध्या

भाटापारा/नवप्रदेश। श्री महासती मंदिर का 74वां वार्षिकोत्सव एवं श्री महासती महारानी मेला महोत्सव 23 से 25 अगस्त 2026 तक श्रद्धा और भक्तिभाव के साथ मनाया जा रहा है। महोत्सव के दूसरे दिन 24 अगस्त को मंदिर परिसर में दिनभर विभिन्न धार्मिक एवं आध्यात्मिक कार्यक्रम आयोजित होंगे। वहीं रात 8 बजे से ग्वालियर से आ रहे प्रसिद्ध भजन प्रवाहक मनोज शर्मा 'पागल' की भजन प्रस्तुति मुख्य आकर्षण रहेगी। भजन कार्यक्रम प्रभु इच्छा तक जारी रहेगा। महोत्सव के तहत सुबह 9 बजे पंचमुखी सुंदरकांड समिति द्वारा सुंदरकांड पाठ किया जाएगा। इसके बाद दोपहर 12 बजे मुख्य गर्भगृह में छप्पन भोग अर्पित कर महाआरती की जाएगी। दोपहर 2 बजे से रामराज्याभिषेक का आयोजन होगा। इसमें चित्रकूट के पंडित सनत कुमार मिश्र, लखनऊ के पंडित अजय जी महाराज सहित बिंदु सत्संग मंडल एवं श्याम मित्र मंडल भाटापारा की सहभागिता रहेगी।

त्रुटिरहित व पारदर्शितापूर्ण सर्वे तय समय पर पूरा करने दिये निर्देश

बलौदाबाजार/नवप्रदेश। किसानों द्वारा लागए गए खरीफ फसल व रकबे की शुद्धता हेतु जिले में डिजिटल क्रॉप सर्वे का कार्य किया जा रहा है। कलेक्टर कुलदीप शर्मा सोमवार को ग्राम पनगांव के एक किसान के खेत पहुंचकर डिजिटल क्रॉप सर्वे कार्य का निरीक्षण किया और स्वयं मोबाइल से क्रॉप सर्वे का सत्यापन किया।

इस दौरान उन्होंने भूमिस्वामी किसान सनोज सिंह से खसरा नंबर 1369/48 जमीन मे लगे फसल और गिरदावरी के सम्बन्ध मे पूछ ताछ की। राज्य शासन द्वारा धान के बदले अन्य फसल पर आदान सहायता राशि की भी जानकारी दी। उन्होंने पटवारी से गांव मे कुल खसरे एवं अब तक की गई सत्यापन की जानकारी ली। धीमे प्रगति पर नाराजगी व्यक्त करते हुए तय समय पर सभी खसरो क सत्यापन पूर्ण कराने एवं शुद्धता पूर्वक गिरदावरी कराने के निर्देश दिये।

कलेक्टर श्री शर्मा ने सर्वेयर को निर्देशित करते हुए कहा कि सभी खसरों का शुद्धतापूर्ण सर्वे किया जाए और बीच मे कोई खसरा न छूटे। इस बार डिजिटल क्रॉप सर्वे हेतु आंकड़ों को सटीकता और विश्वनीयता बनाए रखने हेतु एआई का प्रयोग किया गया है जिसमें सर्वेयरों के फेस आधारित ई- केवायसी कार्य किया जाना ताकि फर्जी सर्वेयरों को रोका जा सके।एंगल बेस्ड कवरेज सिस्टम विकसित किया गया है ताकि गलत प्लॉट में सर्वे न किया जा सके।सर्वे के दौरान प्लॉट का धुँधला फोटो या अस्पष्ट फोटो ऐप द्वारा स्वीकार नहीं किया जा सकेगा ताकि पटवारी को अनुमोदन के समय फसल की स्पष्ट फोटो अवलोकन के लिए प्रदर्शित हो। यदि संभव हो तो सर्वेयर द्वारा संबंधित कृषक की फोटो भी लेने के निर्देश प्रशिक्षण में दिये गये है ताकि कृषक सर्वे कार्य के प्रति जागरूक हो तथा अपने खेत की गिरदावरी कार्य से संतुष्ट हो।

पेज 1 का शेष...

पीडब्ल्यूडी में पारदर्शिता...

की मंजूरी दी गई है। सी-डैक, पुणे द्वारा विकसित इस प्रणाली को पहले लोक निर्माण विभाग में लागू किया जाएगा, जिसके बाद अन्य निर्माण एवं अधोसंरचना विभागों में भी इसका विस्तार किया जाएगा। राज्य कैबिनेट का यह निर्णय उप मुख्यमंत्री तथा लोक निर्माण मंत्री अरुण साव द्वारा विभाग में पारदर्शिता, गुणवत्ता एवं समयबद्धता पर लगातार दिए जा रहे जोर की परिणति है। लोक निर्माण विभाग में डिजिटल कार्य-संस्कृति की दिशा में राज्य शासन की यह महत्वपूर्ण पहल है। उप मुख्यमंत्री श्री साव लोक निर्माण विभाग में प्रत्येक स्तर पर उत्तरदायित्व सुनिश्चित करने निर्माण कार्यों की स्वीकृति से लेकर भुगतान तक की प्रक्रिया को कागजी औपचारिकताओं से मुक्त कर पूर्णतः ऑनलाइन एवं अभिलेख-आधारित करने लगातार जोर दे रहे थे। राज्य कैबिनेट की मोहर के बाद अब इसे अमलीजामा पहनाया जाएगा।श्री साव ने बताया कि लोक निर्माण विभाग द्वारा देश के विभिन्न राज्यों में प्रचलित कार्य एवं लेखा प्रबंधन प्रणालियों के तुलनात्मक अध्ययन तथा सी-डैक, पुणे द्वारा विकसित एवं अनेक राज्यों में सफलतापूर्वक संचालित 'वमिस' को छत्तीसगढ़ की आवश्यकताओं के अनुरूप सर्वाधिक उपयुक्त पाया गया।

बेमेतरा में गोवंश मौत पर...

मांग की, लेकिन मौके पर अपर कलेक्टर और एसडीएम ही पहुंचे। गौभक्तों ने आरोप लगाया कि हेमाबंद में गोवंशों की देखरेख में गंभीर लापरवाही बरती गई। उनका दावा है कि बड़ी संख्या में मवेशियों को पर्याप्त भोजन और पानी उपलब्ध नहीं कराया गया, जिसके चलते उनकी मौत हुई। प्रदर्शनकारियों ने लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों और अन्य जिम्मेदार लोगों के खिलाफ तत्काल अपराध दर्ज कर कठोर कार्रवाई की मांग की। प्रदर्शनकारियों का कहना था कि आरोपी ने गोवंश की हत्या कर खाल और हड्डी भी भेजा है। इस मामले की निष्पक्ष जांच की जाए। प्रदर्शन करने वालों विशेष रूप से आदेश सोनी, अजय शुक्ला, नरेश चंद्रवंशी, प्रिंस परमार, सित्ते जगलान, दयाराम जाखड़, दिलीप पटेल, मनमोहन ठाकुर, चिरंजीव वर्मा, गोलू कोशले सहित सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

कोरबा में कोबरा ने डसाग...

को पकड़कर अस्पताल लेकर पहुंचे। सांप की पहचान कोबरा के रूप में हुई, जिसके बाद रामदयाल का इलाज शुरू किया गया। रामदयाल ने बताया कि वह घर के अंदर झाड़ी साफकर रहा था। इसी दौरान जमीन में बने एक बिल के पास पहुंचने पर कोबरा अचानक बाहर आया और डस लिया। इसके बाद कोबरा वापस उसी बिल में घुस गया। डसने के बाद रामदयाल बिना देर किए अस्पताल पहुंचा। डॉक्टरों ने इलाज शुरू करने से पहले सांप की पहचान करने की बात कही। अस्पताल से इसकी सूचना स्नेक कैचर टीम को दी गई। सूचना मिलने पर स्नेक कैचर टीम मौके पर पहुंची। इधर रेस्क्यू किए गए कोबरा को सुरक्षित जंगल में छोड़ा गया। बरसात के मौसम में सांप-बिच्छू के बिलों से बाहर निकलने की घटनाएं बढ़ जाती हैं।

कॉकरोच जनता पार्टी का...

था। सीजेपी नेता आशुतोष रांका और सौरव दास ने 25 जुलाई को केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा के साथ मुलाकात की थी। इसमें 3 मांगों पर सहमति बनी थी। सीजेपी नेता आशुतोष रांका और सौरव दास ने 25 जुलाई को केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा के साथ मुलाकात की थी। इसमें 3 मांगों पर सहमति बनी थी।

थानों के सीसीटीवी हर समय...

लापरवाही के कारण इलेक्ट्रॉनिक सबूत नष्ट नहीं होना चाहिए। अगर ऐसा होता है तो संबंधित अधिकारियों की जवाबदेही तय कर कार्रवाई की जाए। सुप्रीम कोर्ट के दिशा-निर्देशों के अनुसार कम से कम 18 महीने तक फुटेज सुरक्षित रखना जरूरी है।

भाजपा नेत्री ने युवक को...

शिकायत की थी। शनिवार को तुषार की दुकान पर काम करने वाला करिया उर्फ मनोज नजर आया। तुषार ने मनोज पर चोरी का संदेह जताते हुए उससे पूछताछ की और उसके साथी मोन्टी धीवर से भी मनोज के बारे में जानकारी ली। मनोज वर्तमान में रेहाना बेगम की फूल दुकान में काम करता है।

श्रमिक परिवारों के बच्चों को...

खेल, कला तथा सह-शैक्षणिक गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित कर उनका उत्साह बढ़ाया। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न श्रमिक कल्याण योजनाओं के अंतर्गत 1 लाख 45 हजार 841 श्रमिकों को 39 करोड़ 67 लाख रुपये से अधिक की सहायता राशि डीबीटी के माध्यम से सीधे उनके बैंक खातों में अंतरित की गई। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि श्रमिक परिवारों के बच्चों को आज व्यवस्थित यूनिफॉर्म में, आत्मविश्वास के साथ अंग्रेजी में संवाद करते और शिक्षा के साथ खेल तथा अन्य गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते देखकर अत्यंत प्रसन्नता हो रही है। इन बच्चों का आत्मविश्वास इस बात का प्रमाण है कि उचित अवसर और अच्छी शिक्षा मिले तो कोई भी परिस्थिति प्रतिभा को आगे बढ़ने से नहीं रोक सकती। उन्होंने कहा कि अटल उत्कृष्ट शिक्षा योजना की शुरुआत पिछले वर्ष 100 बच्चों के साथ की गई थी।

जोजरी नदी प्रदूषण मामले में सुप्रीम कोर्ट का सख्त आदेश

■ तट के 100 मीटर के दायरे में 'नो-कंस्ट्रक्शन'

जोधपुर। पश्चिमी राजस्थान की जोजरी, बांडी और लूणी नदियों में बढ़ते प्रदूषण पर कड़ा रुख अपनाते हुए सर्वोच्च अदालत ने बड़ा अंतरिम आदेश जारी किया है। अदालत ने तीनों नदियों के बेसिन क्षेत्रों में नदी किनारे से 100 मीटर के दायरे में किसी भी तरह के निर्माण या विकास कार्य पर पूरी तरह रोक लगा दी है। इसके साथ ही मौजूदा बाढ़ रेखा या नदी प्रवाह क्षेत्र के दोनों तरफ 500 मीटर के दायरे में प्रदूषण फैलाने वाली औद्योगिक गतिविधियों और संदूषण पैदा करने वाले उद्योगों के संचालन की अनुमति नहीं होगी। यह सख्त कदम नदी तंत्र को अतिरिक्त सुरक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से उठाया गया है। न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ ने सुनवाई के दौरान स्पष्ट किया कि वैज्ञानिक तरीके से उच्च बाढ़ रेखा तथा आवश्यक पारिस्थितिक बफर जोन के सीमांकन तक यह अंतरिम व्यवस्था प्रभावी रहेगी। इस मामले की अगली सुनवाई 22 सितंबर को निर्धारित की गई है। अदालत ने नदी तंत्र को बचाने के लिए पूर्व में दिए गए निर्देशों पर तत्काल अमल सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है।

अंतरिम आदेश और समिति के अधिकार

सर्वोच्च अदालत ने सुनवाई में स्पष्ट किया कि राज्य सरकार द्वारा गठित एकीकृत समन्वय समूह केवल विभिन्न विभागों के बीच बेहतर तालमेल बनाने वाली आंतरिक व्यवस्था है। यह व्यवस्था उच्च स्तरीय पारिस्थितिकी निगरानी समिति के अधिकार क्षेत्र में किसी भी प्रकार का हस्तक्षेप नहीं करेगी। अदालत ने कहा कि समिति के अध्यक्ष सर्वोच्च अदालत के फैसलों को प्रभावी और तेजी से लागू कराने के लिए अपने स्तर पर आवश्यक निर्देश तथा आदेश जारी करने में पूरी तरह सक्षम होंगे। समिति को पूर्व में दी गई सभी शक्तियां और कार्रवाई के अधिकार पूरी तरह लागू रहेंगे।

सीबीआई जांच वाली याचिका पर केंद्र-झारखंड सरकार को नोटिस

रांची/नवप्रदेश। झारखंड संयुक्त सिविल सेवा प्रारंभिक परीक्षा में कथित अनियमितताओं की केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) से स्वतंत्र और समयबद्ध जांच कराने की मांग वाली याचिका पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। अदालत ने केंद्र और झारखंड सरकार को नोटिस जारी किया है। शीर्ष अदालत के इस कदम से अब केंद्र और झारखंड सरकार को मामले में अपना पक्ष रखना होगा। मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) जस्टिस सूर्यकांत, जस्टिस जॉयमाल्या बागची और जस्टिस वी. मोहना की पीठ सामाजिक कार्यकर्ता हरिशरण देवगन की याचिका पर सुनवाई की। याचिका में 19 अप्रैल 2026 को आयोजित 14वीं जेपीएससी सिविल सेवा प्रारंभिक परीक्षा में कथित गड़बड़ियों की स्वतंत्र, निष्पक्ष और व्यापक जांच कराने के साथ परीक्षा रद्द कर दोबारा परीक्षा आयोजित करने की मांग की गई है। याचिका दो जुलाई को प्रारंभिक परीक्षा का परिणाम जारी होने के बाद सामने आए विवाद के बीच दाखिल की गई है। याचिकाकर्ता के मुताबिक, एक सफ्ल उम्मीदवार की हस्त्र उत्तर पुस्तिका की कार्बन कॉपी वायरल होने के बाद परीक्षा के मूल्यांकन को लेकर सवाल उठे। याचिका में दावा किया गया है कि संबंधित उम्मीदवार ने प्रथम प्रश्नपत्र में 100 में से केवल 48 सवालों के जवाब दिए थे, इसके बावजूद उसे सफ्ल घोषित किया गया।

परीक्षा से जुड़े रिकॉर्ड सुरक्षित रखने की मांग

याचिका में जेपीएससी, सरकारी अधिकारियों और परीक्षा प्रक्रिया से जुड़ी एजेंसियों, ठेकेदारों, सेवा प्रदाताओं और परीक्षा केंद्रों के कर्मचारियों को सभी भौतिक और इलेक्ट्रॉनिक रिकॉर्ड सुरक्षित रखने का निर्देश देने की मांग की गई है। इनमें मूल हस्र्ड्डशीट, कार्बन कॉपी, प्रश्नपत्र, उत्तर कुंजी, उपस्थिति पत्रक, बायोमेट्रिक रिकॉर्ड, ष्टष्टञ्ज फुटेज, प्रेषण रजिस्टर, परीक्षा केंद्र रिपोर्ट, स्कैनिंग रिकॉर्ड, मूल्यांकन और परिणाम संबंधी डेटा शामिल हैं।

अदालत की निगरानी में नई परीक्षा कराने की मांग

याचिकाकर्ता ने सुप्रीम कोर्ट से सुरक्षा उपायों के साथ नई प्रारंभिक परीक्षा कराने का निर्देश देने की भी मांग की है। वहीं, झारखंड हाईकोर्ट ने 20 अगस्त को राज्य सरकार के उस आदेश पर रोक लगा दी थी, जिसमें 11वीं से 13वीं JPSC परीक्षाओं के जरिए भर्ती किए गए सरकारी कर्मचारियों की नियुक्तियां रद्द की गई थीं। इससे पहले 18 अगस्त को झारखंड सरकार ने कथित अनियमितताओं को लेकर जारी विरोध के बीच 11वीं से 13वीं छ्वक्क्स्ष् परीक्षाओं समेत 22 भर्ती परीक्षाओं को रद्द करने की अधिसूचना जारी की थी। नियुक्त अधिकारियों की ओर से इस फैसले को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई के दौरान हाईकोर्ट ने यह आदेश दिया था।

सीएम योगी का अजय राय पर तंज

अंदर दर्शन, बाहर आकर मछली की दावत और फिर राम-राम

रायबरेली/ए.। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सोमवार को रायबरेली पहुंचे। यहां उन्होंने जिले को 879 करोड़ की परियोजनाओं की सौगात दी। इस मौके पर वह राहुल गांधी पर जमकर बरसे। कहा कि कांग्रेस पार्टी राम मंदिर का विरोध करती रही है। उसे गिरगिट की तरह रंग बदलने वाला बताया। सीएम ने कहा कि कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय हनुमानगढ़ी में दर्शन करने जाते हैं। बाहर आकर मछली की दावत उड़ाते हैं। फिर, राम-राम चिल्लाते हैं। अरे अयोध्या के बाहर खा लेते, जो खाना था। बेशर्मी की भी एक सीमा होती है, इनके सामने गिरगिट भी शरमा जाता है। इस मौके पर सीएम ने कहा कि जो समाज अपने पूर्वजों को विस्मृत कर देता है, उसका कोई भविष्य नहीं होता। भारत की परंपरा और आदर्शों को भुलाकर देश के खिलाफ षड्यंत्र करने का कुछ लोगों ने ठेका ले लिया है। मंगल पांडेय, नाना साहब, तात्या टोपे और रानी लक्ष्मीबाई ने जिस स्वतंत्रता संग्राम की ज्वाला को आगे बढ़ाया, उसी लड़ाई का नेतृत्व रायबरेली क्षेत्र में राना बेनी माधव बख्श सिंह ने किया। यही वजह है कि वर्षों बाद भी लोग उन्हें याद करते हैं।

प्रदेश को माफिया प्रदेश बना दिया था: कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष के भाई की हत्या की गई थी। ये हत्यारों के खिलाफ बयान देने नहीं गए। दुर्दांत माफिया के सामने घुटने टेक दिए। वो तो हमारी सरकार आई, सरकार ने माफिया की भूसी निकाल दी। इन लोगों ने प्रदेश को माफिया प्रदेश बना दिया था। कांग्रेस और समाजवादी पार्टी का कहना है कि केवल उनके परिवार को ही सम्मान मिले। इन्होंने कभी भारत के क्रांतिकारियों और नायकों को सम्मान देने का कार्य नहीं किया।

एनएसए डोभाल पहुंचे बीजिंग, एलएसी पर शांति से सीमा विवाद तक होगी बात

बीजिंग/वार्ता। राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजीत डोभाल सोमवार को दो दिवसीय चीन दौरे पर बीजिंग पहुंच गए। वह भारत-चीन सीमा विवाद को लेकर विशेष प्रतिनिधियों की बातचीत के 25वें दौर में हिस्सा लेंगे। इस दौरान सीमा पर शांति और स्थिरता के साथ दोनों देशों के द्विपक्षीय संबंधों से जुड़े अहम मुद्दों पर चर्चा होगी। भारत-चीन के विदेश मंत्री और भारत-चीन सीमा मुद्दे पर चीन के विशेष प्रतिनिधि वांग यी के निमंत्रण पर बीजिंग पहुंचे हैं। विदेश मंत्रालय के मुताबिक, डोभाल और वांग यी मंगलवार को सीमा विवाद से जुड़े मुद्दों पर विशेष प्रतिनिधि स्तर की वार्ता करेंगे। अपने चीन दौरे के दौरान अजीत डोभाल चीन के उपराष्ट्रपति हान झेंग से भी मुलाकात करेंगे। यात्रा को भारत-चीन संबंधों में सीमा से जुड़े लंबित मुद्दों पर बातचीत आगे बढ़ाने के लिहाज से महत्वपूर्ण माना जा रहा है। इससे पहले 6 अगस्त को नई दिल्ली में भारत और चीन के बीच सीमा मामलों पर परामर्श एवं समन्वय के लिए बने कार्य तंत्र (ङ्खरूष्टष्ट) की 36वीं बैठक हुई थी। इसमें सीमा निर्धारण, सीमा प्रबंधन, विभिन्न समन्वय तंत्र और सीमा पार सहयोग से जुड़े मुद्दों पर चर्चा हुई। विदेश मंत्रालय के अनुसार, बैठक में वास्तविक नियंत्रण रेखा (रुश्ष्ट) की स्थिति की समीक्षा की गई।

तमिलनाडु में महिलाओं के लिए फ्री बस यात्रा के विस्तार और 3 मुफ्त सिलेंडर का ऐलान

चेन्नई/ए.। तमिलनाडु की राजनीति में अपनी सक्रियता बढ़ा रहे तमिलगा वेत्री कषगम (TVK) के प्रमुख और अभिनेता सी. जोसेफ विजय ने महिलाओं और किसानों के लिए कई बड़ी घोषणाएं की हैं। उन्होंने अपने प्रमुख चुनावी वादों को रेखांकित करते हुए महिलाओं के लिए मुफ्त बस यात्रा योजना का दायरा बढ़ाने और सालाना तीन मुफ्त रसोई गैस सिलेंडर देने का ऐलान किया है।

इसके अलावा, उन्होंने स्थानीय किसानों के भारी विरोध को देखते हुए विवादित परंदूर ग्रीनफील्ड हवाई अड्डा परियोजना को भी रद्द करने की बात कही है।

महिलाओं और परिवारों के लिए मुख्य घोषणाएं: विजय ने घोषणा की कि उनकी नीतियों के तहत राज्य की महिलाओं को परिवहन और घरेलू खर्च में सीधी राहत दी जाएगी।

बस यात्रा योजना का विस्तार: अब तक सीमित बसों में मिलने वाली निःशुल्क बस यात्रा की सुविधा को डीलक्स और एक्सप्रेस बस सेवाओं में भी लागू किया जाएगा।

मुफ्त रसोई गैस सिलेंडर: हर पात्र परिवार को साल में तीन मुफ्त एलपीजी सिलेंडर दिए जाएंगे। विजय ने स्पष्ट किया कि इसकी सब्सिडी राशि सीधे लाभार्थियों के बैंक खातों में जमा की जाएगी।

किसानों के विरोध के बाद परंदूर एयरपोर्ट प्रोजेक्ट रद्द करने का फैसला: चेन्नई के पास प्रस्तावित परंदूर ग्रीनफील्ड एयरपोर्ट परियोजना का स्थानीय किसान और ग्रामीण लंबे समय से विरोध कर रहे थे। किसानों का कहना था कि इस परियोजना से उनकी उपजाऊ कृषि भूमि और आवास छीन जाएंगे। विजय ने जनभावनाओं और किसानों की मांग का समर्थन करते हुए इस परियोजना को पूरी तरह रद्द करने की घोषणा की है।

न्यायालय तहसीलदार रायपुर जिला रायपुर (छ.ग.)

// ईश्तिहार //

क्रमांक/क/बी-121/2025-2026
रायपुर, दिनांक 13/08/2026
ग्राम - रायपुर खास
तहसील रायपुर, जिला रायपुर (छ.ग.)

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि आवेदक/आवेदक **मन्नू डोगरे, पिता - स्व.श्री अरूण डोगरे** द्वारा इस न्यायालय मृत्यु प्रमाण-पत्र बाबत् आवेदन पत्र पेश कर उल्लेख किया है, आवेदक के **भाई - स्व.श्री अविनाश डोगरे, पिता - स्व.श्री अरूण डोगरे** की मृत्यु दिनांक 18.02.2021 को **घर/** हॉस्पिटल आमापारा निगम कॉलोनी रायपुर में हो चुकी है। उनके मृत्यु उपरांत आवेदक द्वारा निवेदन किया गया है।

अतः आवेदक द्वारा प्रस्तुत मृत्यु प्रमाण-पत्र के संबंध में जिस किसी व्यक्ति को दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो वे नियत सुनवाई दिनांक 29/08/2026 तक स्वतः या अथवा वैध प्रतिनिधि के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत समयावधि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर न्यायालय द्वारा विचार नही किया जावेगा। आज दिनांक 13/08/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया है।

मुहर

तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी
रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर, (जोन क्र. - 4)
प्रेस क्लब, पानी टंकी के नीचे छोटापारा, रायपुर
Email ID - rmczone4@gmail.com

ईंश्तहार

नामंतरण प्र.क्र. **34763** दिनांक **24.08.2026**
वार्ड का नाम- **43- ब्राम्हणपारा वार्ड**

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड **43** स्थित भवन / भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई. डी. **RPR759C00376** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **SMT. JANKI BAI** पिता / पति श्री/श्रीमती **LATE. JAMNA DAS** के नाम से दर्ज है जिसको श्री/श्रीमती **जितेन्द्र कुमार शर्मा** पिता /पति श्री/श्रीमती **स्व. लक्ष्मण दत्त शर्मा** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार / **शपथपत्र, टैक्स रसीद, आधार कार्ड व अन्य दस्तावेज** / वंशानुक्रम / अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति / संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा / प्रस्तुत करे । निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा / आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी । जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा ।

" सूचना जारी करे "
(जोन कमिश्नर)
जोन (4)
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर, (जोन क्र. - 4)
प्रेस क्लब, पानी टंकी के नीचे छोटापारा, रायपुर
Email ID - rmczone4@gmail.com

ईंश्तहार

नामंतरण प्र.क्र. **34775** दिनांक **24.08.2026**
वार्ड का नाम- **57 - भगवती चरण शुक्ला वार्ड**

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड **57** स्थित भवन / भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई. डी. **RPR342F00389** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **LATA CHANDRAVANI** पिता / पति श्री/श्रीमती **BHAGCHAND CHANDRAVANI** के नाम से दर्ज है जिसको श्री/श्रीमती **मंजू सोनी** पिता /पति श्री/श्रीमती **अशोक कुमार सोनी** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार / **शपथपत्र, टैक्स रसीद, आधार कार्ड मलमा बिक्री व अन्य दस्तावेज** / वंशानुक्रम / अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति / संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा / प्रस्तुत करे । निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा / आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी । जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा ।

" सूचना जारी करे "
(जोन कमिश्नर)
जोन (4)
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

MUNICIPAL CORPORATION, RAIPUR

Gem Portel Tender Notice
Main Portal:http://Gem Portel (Govt. e-market place)
(1st Call)

NIT NO. 27(B)/RMC/ZONE 08/2026 **RAIPUR DATED- 21.08.2026**

Online bids are invited for the following works up to 15.09.2026 at 17:30 hours.

Sr. No.	System Tender No.	Name of work/ Description of work	Probable amount of contract (In Lacs)
1	GEM/2026/B/7949041	जोन क्रं.-08 अंतर्गत सामुदायिक भवनों एवं कार्यालय हेतु 12 सुरक्षा गार्ड अकुशल श्रमिक उपलब्ध कराये जाने का कार्य।	24,45,984.00

The details can be viewed and downloaded online directly from the Government of Chhattisgarh e-Procurement Portal **http://Gem Portel (Govt. e-market place) 21.08.2026 17.30 Hours** (IST) on wards.

For more details on the tender and bidding process you may please visit the above-mentioned portal NIT Details and other documents.

NOTE :-
1. All eligible/interested contractors are mandated to get enrolled on e-Procurement portal.
2. Contractors can contact Help Desk for any clarification of their doubts regarding the process of Electronic Procurement System. **Help Desk at Toll Free No. 18004199140** or through Email ID **helpdesk.eproc@cgswan.gov.in**

घरो से निकलने वाले सूखा और गीला कचरे को सफाई मित्र (वाहन) को देवें।

ZONE COMMISSIONER
ZONE 08
MUNICIPAL CORPORATION RAIPUR (C.G.)

छत्तीसगढ़ शासन
महिला एवं बाल विकास विभाग
मंत्रालय
महानदी भवन, नवा रायपुर, अटल नगर, छ.ग.

मिनी माता सम्मान (महिला उत्थान) वर्ष 2026
प्रविष्टियों के आमंत्रण हेतु सूचना

छत्तीसगढ़ शासन द्वारा महिलाओं, विशेष रूप से अनुसूचित जाति /जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक महिलाओं के उत्थान हेतु उत्कृष्ट कार्य करने वाली राज्य की महिला /अशासकीय संस्थाओं को प्रतिवर्ष **'मिनी माता सम्मान (महिला उत्थान)'** प्रदान किया जाता है। इसके तहत एक महिला/संस्था को 2 (दो) लाख रूपये की राशि तथा प्रशस्ति पट्टिका सम्मान के रूप में प्रदान की जाती है। इस सम्मान हेतु वर्ष 2026 के लिए प्रविष्टियाँ आमंत्रित है। प्रविष्टियाँ निम्नलिखित अपेक्षाओं की पूर्ति करते हुए प्रस्तुत की जावे-

1. महिला / संस्था का पूर्ण परिचय।
2. महिलाओं के उत्थान के लिए किये गये सेवा कार्यों की सप्रमाण विस्तृत जानकारी। यह प्रमाण पत्र भी संलग्न करना होगा कि उपलब्धियाँ वास्तविक तथ्यों पर आधारित है।
3. यदि कोई अन्य पुरस्कार प्राप्त किया हो तो उसका विवरण।
4. उत्कृष्ट सेवा कार्य के सम्बन्ध में कोई प्रतिवेदन प्रकाशित हुआ हो तो उसका विवरण एवं प्रकाशित प्रतिवेदन की छायाप्रतियाँ।
5. महिलाओं के उत्थान के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के सम्बन्ध में प्रख्यात पत्र-पत्रिकाओं तथा संस्थाओं द्वारा की गई टिप्पणियों की छायाप्रतियाँ / सत्य प्रतिलिपियाँ।
6. अन्य सुसंगत दस्तावेज जो आवश्यक हो।
7. चयन होने की स्थिति में पुरस्कार प्राप्ति के सम्बन्ध में आवेदक की लिखित सहमति।

यह सम्मान किसी भी महिला / संस्था को केवल एक बार ही प्राप्त हो सकेगा। विगत वर्ष में निर्धारित मापदण्डों की पूर्ति करने वाली ऐसी महिलाएँ / संस्थाएँ जिन्हे यह सम्मान विगत वर्ष प्राप्त नहीं हुआ है। इस वर्ष पुनः प्रविष्टियाँ प्रस्तुत कर सकेगी। शासकीय संस्थाएँ / अर्द्धशासकीय संस्थाएँ / शासकीय सेवक इस सम्मान के लिए पात्र नहीं होंगें।

प्रविष्टियाँ सम्बन्धित जिला कार्यालय, महिला एवं बाल विकास विभाग को दिनांक **25 सितम्बर 2026** तक प्रस्तुत की जा सकेगी। प्रविष्टि सीलबन्द लिफाफे में प्रस्तुत की जावे एवं लिफाफे के ऊपर **'मिनी माता सम्मान (महिला उत्थान)' वर्ष 2026** अंकित किया जावे।

निर्धारित तिथि के पश्चात् प्राप्त प्रविष्टियों पर विचार नहीं किया जावेगा ।

(डॉ. रेणुका श्रीवास्तव)
उप सचिव
छत्तीसगढ़ शासन
महिला एवं बाल विकास विभाग

जी-262702927/3

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर, (जोन क्र. - 8)
मोहबा बाजार, रायपुर
Email ID - rmczone8@gmail.com

ईंश्तहार

नामंतरण प्र.क्र. **34690** दिनांक **21.08.2026**
वार्ड का नाम- **70- संत रविदास वार्ड**

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड **70** स्थित भवन / भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई. डी. **RPR568J0563B** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **PARAS RAM DEWANGAN** पिता / पति श्री/ श्रीमती **PREM NATH DEWANGAN** के नाम से दर्ज है जिसको श्री/श्रीमती **SUNITA KOTHARE** पिता /पति श्री/श्रीमती **W/O SHRI CHANDRAKANT KOTHARE** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार / **पंजीकृत विक्रय विलेख** / वंशानुक्रम / अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति / संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है, प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा / प्रस्तुत करे । निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा / आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी । जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा ।

" सूचना जारी करे "
श्रीमती राजेश्वरी पटेल
(जोन कमिश्नर)
जोन (8)
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

छत्तीसगढ़ शासन, जल संसाधन विभाग
कार्यालय मुख्य अभियंता महानदी गोदावरी कछार, रायपुर (छ.ग.)
ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना
eProcurement Portal:https://eproc.cgstate.gov.in
(प्रथम आमंत्रण)

सिस्टम निविदा क्रमांक 198147/ निविदा सूचना क्रमांक 03/वलेलि/2026-27, कवर्धा, दिनांक 24.08.2026

निम्नलिखित कार्यों के लिए दिनांक 15.09.2026 समय 17:30 तक ऑनलाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है :

कार्य का नाम : कबीरधाम जिले के विकासखण्ड सहसपुर लोहारा की सुतियापाट जलाशय मध्यम परियोजना के अंतर्गत बांयी तट नहर के आर.डी. 0 मीटर से आर.डी. 3150 मीटर तक मिट्टी कार्य के साथ आर.सी.सी. ओपन चैनल का निर्माण, 06 नग व्ही.आर.बी. एवं 09 नग फाल तथा कोलाबा पाईप लगाने सहित निर्माण कार्य।

अनुमानित लागत : रूपये 282.72 लाख

अन्य विवरण एवं विस्तृत निविदा छत्तीसगढ़ शासन की ई-प्रोक्योरमेंट वेब साइट **https://eproc.cgstate.gov.in** पर **दिनांक 31.08.2026 समय 17:31** बजे से देखे तथा डाउनलोड किये जा सकते हैं।

नोट : निविदा में भाग लेने हेतु ठेकेदारों को ई-प्रोक्योरमेंट वेबसाईट **https://eproc.cgstate.gov.in** पर नामांकित / पंजीयन तथा लोक निर्माण विभाग की एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत ठेकेदार को उपयुक्त श्रेणी में पंजीयन कराना अनिवार्य है।

कार्यपालन अभियंता
जल संसाधन संभाग, कवर्धा, जिला-कबीरधाम (छ.ग.)
कृते, मुख्य अभियंता, महानदी गोदावरी कछार
जल संसाधन विभाग, रायपुर, (छ.ग.)

जी-262702943/7

छत्तीसगढ़ शासन जल संसाधन विभाग
कार्यालय कार्यपालन अभियंता, खारंग जल संसाधन संभाग, बिलासपुर
जिला - बिलासपुर (छ.ग.)
eProcurement Portal:https://eproc.cgstate.gov.in
(प्रथम आमंत्रण)

निविदा सूचना क्र. 07/व.ले.लि./2026-27 **दिनांक. 21.08.2026**

निम्नलिखित कार्यो के लिए दिनांक 15.09.2026, 17:30 तक ऑन लाईन निविदाए आमंत्रित की जाती है

कार्य का नाम - पोंडी सरवानी जलाशय के नहर सीमेंट कांक्रीट लाईनिंग एवं रिमॉडलिंग कार्य।
निविदा सिस्टम क्रं. 198053, अनुमानित लागत - रू. 246.90 लाख (जी.एस.टी. छोडकर)
(निविदा की अनुमानित लागत एस.ओ.आर. दिनांक 01.05.2025 एवं संशोधित 08.08.2025 के आधार पर)

अन्य विवरण एवं विस्तृत निविदा छत्तीसगढ़ शासन की ई-प्रोक्योरमेंट वेब साइट https://eproc.cgstate.gov.in पर दिनांक **31.08.2026** समय 17.31 बजे से देखे तथा डाउनलोड किये जा सकते है।

नोट :1. निविदा में भाग लेने हेतु ठेकेदारों को ई-प्रोक्योरमेंट वेबसाईट https://eproc.cgstate.gov.in पर नामांकित / पंजीयन तथा लोक निर्माण विभाग की एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत ठेकेदार को उपयुक्त श्रेणी में पंजीयन कराना अनिवार्य हैं।
2. निविदाकार को इस निविदा में वर्ष 2025 में जारी किए गये Pre Bid Qualification certificate (Valid up to 30.09.2026) का उपयोग अनिवार्य है।
3. निविदाकार द्वारा अपने वित्तीय प्रस्ताव में जी.एस.टी. छोड़कर निविदा भरा जाना है।

कार्यपालन अभियंता
खारंग जल संसाधन संभाग बिलासपुर (छ.ग.)

जी- 262702915/6

केनरा बैंक Canara Bank

वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण एवं प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के नियम 8(6) के अन्तर्गत अचल संपत्तियों की बिक्री हेतु विक्रय सूचना

ई-नीलामी दिनांक 29/09/2026

स्थायी संपत्तियों की बिक्री हेतु ई-नीलामी सूचना

आम जनता को साधारणतः एवं निम्न वर्णित अचल संपत्तियों के ऋणियों एवं जमानतदारों को विशेषतः सूचित किया जाता है कि निम्न वर्णित संपत्तियाँ **केनरा बैंक (सुरक्षित लेनदार)** के पास बंधक है तथा बैंक के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा नीचे वर्णित संपत्तियों का उसके **सांकेतिक/भौतिक कब्जा** ले लिया गया है। निम्न वर्णित संपत्तियों का विक्रय दिनांक **29/09/2026** को **12.30** बजे से दोपहर **2.30** बजे तक **केनरा बैंक सुरक्षित लेनदार** के बकाया राशि को वसूल करने हेतु **"जैसा है जहां है, जो है जैसा है"** एवं **"जो कुछ भी है"** के आधार पर किया जा रहा है।

संपत्ति निरीक्षण की तिथि: 25/09/2026, ईएमडी जमा तिथि: 28/09/2026 एवं ई-नीलामी की तिथि: 29/09/2026

ऋणी/गारंटर का नाम एवं पता	संपत्ति का विवरण एवं संपत्ति मालिक का नाम	मांग सूचना दिनांक / कब्जा सूचना दिनांक / बकाया राशि	आरक्षित मूल्य / धरोहर राशि / बिड बढ़ाने की राशि	शाखा सम्पर्क नं.
1) मेसर्स आरना पेपर प्रोडक्ट्स, भाटापारा मोहल्ला, पुड्डा कंपाउंड, देवपुरी, रायपुर (छ.ग.)- 492001 2) श्री धर्मपाल सिंह 3) श्री गौरव सिंह पुत्र धर्मपाल सिंह 4) श्री सौरभ कुमार सिंह पुत्र धर्मपाल सिंह, सभी का पता: एफ-7, शिवाजी पार्क, विधानसभा रोड, सड्डू, रायपुर (छ.ग.) - 492001, 5) श्रीमती ज्योति सिंह, एल आई जी- 100/7, हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, अवंती विहार, रायपुर (छ.ग.)- 492006.	श्री सौरभ कुमार सिंह के नाम पर फ्लैट नं.- 183, चतुर्थ तल, ब्लॉक नं. 8, छ.ग. हाउसिंग बोर्ड खम्हारडीह, शंकर नगर, रायपुर तहसील एवं जिला- रायपुर (छ.ग.) क्षेत्रफल: 50.41 वर्गमी. (542.41 वर्गफुट) में स्थित आवासीय भूमि एवं भवन के समस्त भाग तथा अंश। चौहद्दी: दक्षिण में- फ्लैट नं. एलआईजी-184, उत्तर में- ओटीएस, पश्चिम में- पैसेज, पूर्व में- ब्लॉक नं. 9.	20/09/2022 / 05/12/2022 / ₹ 49,17,427.81 02/12/2025 पर + भविष्य का ब्याज और लागत,खर्च आदि	₹ 10,57,000/- / ₹ 1,05,700/- / ₹ 10,000/-	Property No. - 01 Raipur Main Branch (Mo. 7880150204)
श्री सूरज दास, बसंत मार्वल गली, शिव मंदिर, लक्ष्मी रायपुर, छत्तीसगढ़-492001.	खसरा नं. 1590/39, प.ह.नं. 81, मौजा- बोरियाकला, बोरियाकला शासकीय हाई स्कूल के पास, तहसील एवं जिला रायपुर, छत्तीसगढ़- 492001. क्षेत्रफल - 1400 वर्ग फीट में स्थित आवासीय प्लॉट के समस्त भाग तथा अंश। चौहद्दी: उत्तर- बोरियाकला शासकीय स्कूल की भूमि, दक्षिण- सड़क, पूर्व- कार्तिकेय चंदे की भूमि, पश्चिम- श्रीमती धनेश्वरी साहू की भूमि।	17/07/2025 / 09/10/2025 / ₹ 19,34,389.96 02/12/2025 पर + भविष्य का ब्याज और लागत,खर्च आदि	₹ 15,88,000/- / ₹ 1,58,800/- / ₹ 10,000/-	Property No. - 03 Raipur GE Road Branch (Mo. 8770592270)
1. मेसर्स महादेव की रसोई की मालिक श्रीमती कंचन देवांगन पति श्री ईश्वर देवांगन के माध्यम से। 2. श्री ईश्वर देवांगन पुत्र श्री झग्गर देवांगन (गारंटर एवं बंधककर्ता), दोनों का पता: मकान नं. 192, सरकारी स्कूल के पास, हटकेश्वर वार्ड, वार्ड नं. 01, तहसील व जिला- धमतरी, छत्तीसगढ़, पिनकोड- 493773.	शीर्षक धारक: श्री ईश्वर देवांगन पुत्र श्री झग्गर देवांगन, नया खसरा नं. 416/23 (पुराना खसरा नं. 416/9 (भाग), प.ह.नं. 49/15, ग्राम- हटकेश्वर, बी.एन. नं.532/546, मंडल- भोयली, ब्लॉक एवं तहसील- वोह, जिला- धमतरी, छत्तीसगढ़। क्षेत्रफल- 1508.00 वर्ग फुट में स्थित परिवर्तित भूमि का साम्यिक बंधक। चौहद्दी: उत्तर- विक्रेता की शेष भूमि, दक्षिण- श्री संतोष की खुली भूमि, पूर्व- सड़क, पश्चिम- खसरा नं. 384/2, 384/3.	05/05/2026 / 13/07/2026 / ₹ 19,49,289.32 05/05/2026 पर + भविष्य का ब्याज और लागत,खर्च आदि	₹ 23,40,000/- / ₹ 2,34,000/- / ₹ 10,000/-	Property No. - 03 Dhamtari Ghadi Chowk Branch (Mo. 7880109250)

ईएमडी जमा विवरण: आरक्षित मूल्य के 10% की ईएमडी राशि मेसर्स पीएसबी एलायंस प्राइवेट लिमिटेड (बैंकनेट) पोर्टल के ई-वॉलेट में सीधे या चालान बनाकर आरटीजीएस/एनईएफटी के माध्यम से ईएमडी जमा करने के लिए उक्त चालान में उल्लिखित खाता विवरण में 28/09/2026 को या उससे पहले जमा की जानी है।

ई-नीलामी की शर्तें- (1) नीलामी बैंक द्वारा अधिकृत सेवा प्रदाता की वेबसाइट **www.baanknet.com** माध्यम से आन लाईन ई-नीलामी की जावेगी। (1) संपत्ति का निरीक्षण दिनांक **25/09/2026** दोपहर **12.00** से सायं **3.00** बजे तक संबंधित **शाखा प्रबंधक** की पूर्व अनुमति से किया जा सकता है। (3) बिक्री की पुष्टि होने पर सफल खरीददार बिक्री मूल्य का **25** प्रतिशत जिसमें ईएमडी के लिए पहले भुगतान की गई रकम भी शामिल है तुरंत जमा करेंगे एवं शेष **75** प्रतिशत राशि का **15** दिन के अंदर भुगतान करेंगे। (4) अधिक जानकारी हेतु उपरोक्त संबंधित शाखा के प्राधिकृत अधिकारी से सम्पर्क करें अथवा सर्विस प्रदाता **M/s. PSB Alliance (baanknet), Helpline: Email ID- support.baanknet@psballiance.com** अथवा **Website: https://baanknet.com** पर संपर्क करें। (5) भविष्य में उत्पन्न होने वाले संपत्ति कर या सोसायटी रखरखाव से संबंधित सभी खर्च, जहां भी लागू हो, सफल बोलीदाता द्वारा वहन किए जाएंगे।

विवाद की किसी भी स्थिति में अंग्रेजी अखबार 'द हितवादा' दिनांक 25/08/2026 रायपुर में प्रकाशित विज्ञापन मान्य होगा।

दिनांक : 25.08.2026 स्थान: रायपुर (छ.ग.) प्राधिकृत अधिकारी, केनरा बैंक

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने किया 'जशपुरः एक परिचय' पुस्तक का विमोचन, बनेगा महत्वपूर्ण दस्तावेज

■ जशपुर की विशिष्ट पहचान और विकास यात्रा पर आधारित है पुस्तक

रायपुर। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने भारतीय लोक प्रशासन संस्थान दिल्ली द्वारा प्रकाशित पुस्तक 'जशपुरः एक परिचय' का आधिकारिक विमोचन किया है। यह पुस्तक जशपुर जिले के इतिहास, प्रशासनिक विकास, सुशासन, सामाजिक-आर्थिक बदलाव, जनजातीय संस्कृति, प्राकृतिक संपदा और विकास की संभावनाओं पर आधारित एक व्यापक अध्ययन दस्तावेज है।

शोधार्थियों और नीति-निर्माताओं के लिए उपयोगी

यह पुस्तक प्रशासकों, नीति-निर्माताओं, शोधकर्ताओं और विद्यार्थियों के लिए एक महत्वपूर्ण संदर्भ ग्रंथ सिद्ध होगी, जो जिले के अतीत और वर्तमान को समझने के साथ उज्ज्वल भविष्य की रूपरेखा तैयार करने में मदद करेगी।

स्वतंत्रता के बाद की प्रशासनिक यात्रा का संग्रह

इस पुस्तक में स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद से जशपुर की प्रशासनिक व्यवस्था में आए बदलावों के साथ-साथ वर्तमान प्रशासनिक संस्थाओं और कार्यप्रणाली का सूक्ष्म अध्ययन प्रस्तुत किया गया है। विमोचन अवसर पर आईआईपीए की छत्तीसगढ़ क्षेत्रीय शाखा रायपुर के चेयरमैन एवं भूतपूर्व मुख्य सचिव सुयोग्य कुमार मिश्रा, वाईस चेयरमैन एवं भूतपूर्व अपर मुख्य सचिव डॉ. इंदिरा मिश्रा, तथा वाईस चेयरमैन, भूतपूर्व मुख्य सचिव एवं वर्तमान राज्य निर्वाचन आयुक्त अजय सिंह प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

छोटानागपुर पठार के भू-भाग का हिस्सा होने के कारण यहाँ की भौगोलिक स्थिति, पहाड़, नदियां, जलप्रपात और जनजातीय जीवन इसे एक विशिष्ट पर्यटन गंतव्य के रूप में स्थापित करने की क्षमता रखते हैं।

आईआईपीए के राष्ट्रीय अभियान के तहत हुआ चयन

भारतीय लोक प्रशासन संस्थान, नई दिल्ली के राष्ट्रीय अभियान के तहत क्षेत्रीय शाखाओं को संबंधित राज्यों के कम से कम एक जिले का व्यापक अध्ययन करने का प्रोजेक्ट दिया गया था। इसी क्रम में छत्तीसगढ़ के 33 जिलों में से जशपुर का चयन उसकी विशिष्ट भौगोलिक, सामाजिक और सांस्कृतिक भिन्नता को ध्यान में रखते हुए किया गया। वर्ष 1998 में पृथक जिला बनने से पहले जशपुर रायगढ़ जिले की तहसील था, ऐसे में यह समग्र दस्तावेज जिले के समग्र विकास और शोध कार्यों के लिए एक मजबूत आधार प्रदान करेगा।

विकास और प्रकृति का अनूठा संगम

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने आईआईपीए की छत्तीसगढ़ क्षेत्रीय शाखा को इस अनूठे प्रकाशन के लिए बधाई देते हुए कहा कि जशपुर प्रकृति, संस्कृति और परंपराओं की समृद्ध विरासत के साथ विकास की अपार संभावनाओं वाला क्षेत्र है।

न्यूज गैलरी

महिलाओं ने मनाया सावन उत्सव यज्ञसिनी प्रधान बनी सावन क्वीन

रायपुर/नवप्रदेश। रायपुरा स्थित सामाजिक भवन में सोमवार को कोलता समाज महिला मंडल ने धूमधाम से सावन उत्सव मनाया। कार्यक्रम में महिलाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। सावन उत्सव में आयोजित प्रतियोगिता में यज्ञसिनी प्रधान को सावन क्वीन चुना गया। इस दौरान आयोजित कुर्सी दौड़ और क्विज प्रतियोगिता में महिलाओं ने उत्साह के साथ भाग लिया। कुर्सी दौड़ में कुसुम साहू प्रथम और सविता बारिक द्वितीय स्थान पर रही। इसी तरह क्विज स्पर्धा में रीना साहू प्रथम व कल्पलता साहू द्वितीय पर रही। कार्यक्रम में महिलाओं ने गीत-संगीत और नृत्य में भी अपनी प्रतिभा दिखाई। कार्यक्रम का संचालन प्रतिमा बारिक ने किया। कार्यक्रम में महिला मंडल की संरक्षिका प्रेमलता भोई, अध्यक्ष वंदना भोई, उपाध्यक्ष पुष्पांजलि बारिक, कुंती साहू, सचिव गायत्री साहू सहित बड़ी संख्या में समाज की महिलाएं उपस्थित रहीं।

महान क्रांतिकारी शिवराम हरि राजगुरु की जयंती पर वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने किया सादर नमन

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के वित्त मंत्री श्री ओपी चौधरी ने मां भारती के वीर सपूत एवं महान क्रांतिकारी शिवराम हरि राजगुरु जी की जयंती पर उन्हें सादर नमन करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की।वित्त मंत्री श्री चौधरी ने कहा कि राजगुरु जी ने देश की स्वतंत्रता के लिए अपना संपूर्ण जीवन समर्पित कर दिया। उनका साहस, राष्ट्रभक्ति और अदम्य बलिदान भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के इतिहास में सदैव स्वर्ण अक्षरों में अंकित रहेगा।उन्होंने कहा कि राजगुरु जी ने भगत सिंह और सुखदेव जैसे क्रांतिकारियों के साथ मिलकर ब्रिटिश शासन के विरुद्ध संघर्ष किया। देश की आजादी के लिए उनका सर्वोच्च बलिदान युवाओं में राष्ट्रभक्ति और देशसेवा की भावना जागृत करने वाला है।ओपी चौधरी ने कहा कि राजगुरु जी का जीवन हमें राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखते हुए साहस, त्याग और समर्पण के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने की प्रेरणा देता है। स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान के कारण ही आज हम स्वतंत्र भारत में सांस ले रहे हैं। वित्त मंत्री ने महान क्रांतिकारी शिवराम हरि राजगुरु जी की जयंती पर उन्हें नमन करते हुए कहा कि उनका त्याग और राष्ट्रप्रेम आने वाली पीढ़ियों को सदैव प्रेरित करता रहेगा।

मंदिर हसौद में लावारिस मिले 10 दिन के नवजात शिशु को डायल-112 टीम ने बचाया

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी के मंदिर हसौद थाना क्षेत्र से पुलिस की एक बेहद संवेदनशील और सराहनीय तस्वीर सामने आई है। यहाँ लावारिस हालत में मिले लगभग 10 दिन के नवजात शिशु को डायल-112 की टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए सुरक्षित अस्पताल पहुँचाया, जिससे समय पर उसका इलाज शुरू हो सका। प्राप्त जानकारी के अनुसार, 24 अगस्त 2026 को सुबह लगभग 06:37 बजे डायल-112 पुलिस टीम को सूचना मिली कि मंदिर हसौद थाना क्षेत्र के अंतर्गत मोनेट रोड स्थित चिरकुतहीन माता मंदिर के पास एक नवजात शिशु लावारिस अवस्था में पड़ा हुआ है। सूचना मिलते ही डायल-112 पुलिस टीम बिना देर किए तुरंत घटनास्थल पर पहुँची। पुलिस ने देखा कि करीब 10-दिन का एक नवजात शिशु लावारिस हालत में है, जिसे कोई अज्ञात व्यक्ति वहां छोड़कर चला गया था। पुलिसकर्मियों ने मानवीय संवेदनशीलता का परिचय देते हुए तुरंत सूझबूझ दिखाई और बच्चे को अपने वाहन से सुरक्षित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, मंदिर हसौद पहुँचाया। अस्पताल में डॉक्टरों द्वारा नवजात शिशु की तत्काल चिकित्सकीय जांच की गई और सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए उसे शिशु वार्ड में सुरक्षित भर्ती कराया गया।

छत्तीसगढ़ में मौसम का बदला मिजाज आईएमडी ने जारी किया आरेंज अलर्ट

■ 80 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से चल सकती हैं हवाएं

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों के लिए मौसम विभाग केंद्र रायपुर ने तात्कालिक मौसम चेतावनी जारी की है, जो आज 24 अगस्त 2026 को शाम 04:36 बजे जारी की गई है और शाम 07:36 बजे तक वैध है। मौसम विभाग के अनुसार राज्य के कई हिस्सों में तेज आंधी, मेघगर्जन, वज्रपात और भारी वर्षा की चेतावनी दी गई है।

प्रमुख चेतावनी और प्रभावित जिले

अति गंभीर आंधी-तूफान (60 से 80 किमी प्रति घंटे की रफ्तार): बलौदा बाजार, जांजगीर-चांपा, रायगढ़, बिलासपुर, कोरबा, जशपुर, गौरेला-पेन्ड्रा-मरवाही, सरगुजा, सूरजपुर और कोरिया जिलों के कुछ हिस्सों में तेज हवाओं के साथ भारी आंधी और वज्रपात की चेतावनी दी गई है।

मध्यम आंधी-तूफान (40 से 60 किमी प्रति घंटे की रफ्तार):

धमतरी, बालोद, राजनांदगांव, गरियाबंद, महासमुंद, रायपुर, दुर्ग, बेमेतरा, कबीरधाम, मुंगेली, बलरामपुर सहित उपर्युक्त जिलों में 40-60 किमी/घंटा की गति से हवाएं चलने और बारिश के आसार हैं।

हल्का आंधी-तूफान (30 से 40 किमी प्रति घंटे की रफ्तार):

सुकमा, बीजापुर, दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा, बस्तर, नारायणपुर, कोंडागांव और उत्तर बस्तर कांकेर क्षेत्रों में हल्की आंधी और बादलों की गर्जना के साथ बारिश की संभावना है।

अपेक्षित प्रभाव और सुरक्षा उपाय

मौसम विभाग ने चेतावनी दी है कि इस दौरान पेड़ों की बड़ी शाखाएं टूट सकती हैं, पुराने और कमजोर पेड़ उखड़ सकते हैं तथा कच्चे घरों, झोपड़ियों और कमजोर संरचनाओं को नुकसान पहुँच सकता है। साथ ही बड़े पेड़ों, बिजली के खंभों और टावरों पर बिजली गिरने का खतरा भी बना हुआ है।

प्रशासन और मौसम विभाग ने आम नागरिकों से अपील की है कि वे खराब मौसम के दौरान सुरक्षित इमारतों या मकानों के भीतर रहें और खिड़कियों से दूर रहें। खेती-किसानी के सभी कार्यों और बाहरी गतिविधियों को तुरंत निलंबित कर दिया जाए, मवेशियों को सुरक्षित स्थान पर रखा जाए तथा यात्रा के दौरान पेड़ों के नीचे शरण लेने से पूरी तरह बचा जाए।

महतारी वंदन योजना से देवेंद्र कुमारी के चेहरे पर खिली मुस्कान

■ राखी के त्योहार से पहले 'विष्णु भैया' का स्नेहिल उपहार

रायपुर/नवप्रदेश। प्रदेश की माताओं-बहनों के आर्थिक सशक्तिकरण और आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से संचालित महतारी वंदन योजना महिलाओं के जीवन में आर्थिक संबल, आत्मविश्वास और सम्मान का मजबूत आधार बन रही है। योजना के तहत प्रतिमाह मिलने वाली आर्थिक सहायता से महिलाएं अपनी व्यक्तिगत आवश्यकताओं को पूरा करने के साथ-साथ परिवार की जरूरतों में भी सहयोग कर रही हैं। विशेष अवसरों और त्योहारों से पहले मिलने वाली यह सहायता उनके लिए खुशी और राहत का माध्यम बन रही है।गौरेला विकासखंड के ग्राम मेढूका निवासी बहन देवेंद्र कुमारी के लिए महतारी वंदन योजना की 30वीं किस्त रक्षाबंधन के पावन अवसर पर विशेष खुशियां लेकर आई। त्योहार से पहले योजना की राशि उनके बैंक खाते में पहुंची, तो उनके चेहरे पर खुशी की मुस्कान खिल उठी। उन्होंने बताया कि 30वीं किस्त की राशि मिलने से रक्षाबंधन की तैयारियों में उन्हें काफी सहूलियत मिली है। वह इस राशि का उपयोग राखी और त्योहार से जुड़ी आवश्यक वस्तुओं की खरीदारी में करेंगी।

'विष्णु भैया' की पहल से बहनों को मिल रहा आर्थिक संबल

बहन देवेंद्र कुमारी ने कहा कि प्रदेश की महिलाएं मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय को स्नेहपूर्वक 'विष्णु भैया' कहती हैं। महतारी वंदन योजना के माध्यम से नियमित रूप से मिलने वाली आर्थिक सहायता उनके लिए भाई के स्नेह, विश्वास और सहयोग की तरह है। उन्होंने कहा कि रक्षाबंधन जैसे पवित्र पर्व से ठीक पहले खाते में राशि पहुंचना उनके लिए 'विष्णु भैया' के उपहार से कम नहीं है।उन्होंने बताया कि योजना की नियमित सहायता से अब महिलाएं अपनी छोटी-बड़ी जरूरतों को स्वयं पूरा करने में अधिक सक्षम हो रही हैं। पहले जिन आवश्यकताओं के लिए परिवार के अन्य सदस्यों पर निर्भर रहना पड़ता था, उन्हें अब महिलाएं अपने स्तर पर पूरा कर पा रही हैं।

विष्णु भैया की महतारी वंदन से बेटियों के सपनों को मिल रही उड़ान

रायपुर/नवप्रदेश। प्रदेश की महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने और उन्हें अपने परिवार के बेहतर भविष्य के लिए आर्थिक निर्णय लेने का अवसर देने वाली महतारी वंदन योजना ग्रामीण अंचल की महिलाओं के जीवन में सकारात्मक बदलाव ला रही है। योजना से मिलने वाली नियमित आर्थिक सहायता अब महिलाओं के लिए केवल घरेलू जरूरतों को पूरा करने का माध्यम नहीं, बल्कि बचत और भविष्य की बेहतर योजना का आधार भी बन रही है।

सरगुजा जिले के लखनपुर विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत खुटिया की निवासी श्रीमती उमा सिंह ने महतारी वंदन योजना से मिली आर्थिक सहायता को अपनी बिटिया के उज्ज्वल भविष्य से जोड़कर एक प्रेरणादायी पहल की है। उन्हें योजना के तहत हर माह मिलने वाली 1,000 रूपए की

राशि वे अपनी बेटी के नाम पर पोस्ट ऑफिस में जमा कर रही हैं। उनका उद्देश्य भविष्य में इस बचत का उपयोग बेटी की पढ़ाई-लिखाई और अन्य आवश्यकताओं के लिए करना है। उमा सिंह बताती हैं कि महतारी वंदन योजना के तहत हर माह मिलने वाली राशि उनके लिए आर्थिक सहारा है। उन्होंने इस राशि को तत्काल खर्च करने के बजाय अपनी बेटी के भविष्य के लिए सुरक्षित रखने का निर्णय लिया है। उनका मानना है कि नियमित रूप से की जा रही यह छोटी-सी बचत आने वाले समय में बेटी की शिक्षा के लिए महत्वपूर्ण आर्थिक सहयोग बनेगी।

स्वास्थ्य सेवाओं में वैज्ञानिक मूल्यांकन का बढ़ेगा दायरा

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता, प्रभावशीलता और संसाधनों के बेहतर उपयोग की दिशा में सोमवार को State-Level Health Technology Assessment (HTA) Sensitization Meeting का आयोजन संचालनालय स्वास्थ्य सेवाएं, नवा रायपुर के सभा कक्ष में किया गया। बैठक में स्वास्थ्य क्षेत्र में उपयोग की जा रही नई तकनीकों, दवाओं, चिकित्सा उपकरणों और स्वास्थ्य सेवाओं की लागत-प्रभावशीलता के वैज्ञानिक आकलन तथा इनके आधार पर स्वास्थ्य क्षेत्र की प्राथमिकताएं तय करने पर विशेषज्ञों ने मंथन किया। ICMR-NIHR, भुवनेश्वर द्वारा राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, छत्तीसगढ़ के सहयोग से आयोजित बैठक का उद्देश्य राज्य के अधिकारियों एवं स्वास्थ्य क्षेत्र से जुड़े विशेषज्ञों को Health Technology Assessment की अवधारणा, प्रक्रिया और उपयोगिता से परिचित कराना था।

चिंतावागु नदी बनी चुनौती तो नगर सेना बनी सहारा, बोट से ग्रामीणों को सुरक्षित कराया पार

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में उफनती चिंतावागु नदी के तेज बहाव और बढ़े हुए जलस्तर के बीच नगर सेना की बचाव टीम ने गुड्डीपाल गांव की एक बीमार महिला विमला अंगनपल्ली और उनके परिजनों को सुरक्षित नदी पार कराकर बीजापुर जिला अस्पताल पहुंचाया और जीवन बचाया।

अस्वस्थ ग्रामीणों को प्राथमिकता से पहुंचाया सुरक्षित

चिंतावागु नदी में तेज बहाव के बीच नगर सेना के जवानों ने पूरी सावधानी और सतर्कता के साथ बोट का संचालन किया। टीम ने विशेष रूप से अस्वस्थ व्यक्तियों को प्राथमिकता देते हुए उन्हें सुरक्षित नदी के दूसरे छोर तक पहुंचाया। इससे ग्रामीणों को आवश्यक स्वास्थ्य सेवाओं और उपचार तक पहुंचने में मदद मिली। नगर सेना के जवानों की तत्परता और सेवा भावना से बारिश के बीच ग्रामीणों को बड़ी राहत मिली। कठिन परिस्थितियों में जवानों ने सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए ग्रामीणों की मदद की। बारिश के मौसम में नदी-नालों का जलस्तर बढ़ने से दूरस्थ क्षेत्रों में आवागमन प्रभावित होता है।

नगर सेना की टीम ने बोट के माध्यम से ग्रामीणों को सुरक्षित नदी पार कराया

बीजापुर जिले में लगातार बारिश के कारण नदी-नालों का जलस्तर बढ़ गया है। ऐसे में ग्रामीण क्षेत्रों में आवागमन प्रभावित होने पर जिला प्रशासन और राहत-बचाव दल पूरी तत्परता से ग्रामीणों की मदद में जुटे हैं। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय की संवेदनशील पहल और वन एवं जिले के प्रभारी मंत्री श्री केदार कश्यप के मार्गदर्शन में प्रशासन द्वारा विषम परिस्थितियों में ग्रामीणों को सुरक्षित आवागमन और आवश्यक सहायता उपलब्ध कराने पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। इसी क्रम में तहसील बीजापुर के ग्राम चिन्नाकवाली के पास चिंतावागु नदी में पानी का बहाव बढ़ने से नदी पार करना ग्रामीणों के लिए मुश्किल हो गया।

छत्तीसगढ़ी माटी के कलाकारों को मिलेगा राष्ट्रीय मंच, 14 से 23 सितंबर तक सजेगा सांस्कृतिक महाकुंभ

रायपुर/नवप्रदेश। कला और संगीत की संस्कारधानी रायगढ़ में आगामी 14 से 23 सितंबर तक रामलीला मैदान में विश्वप्रसिद्ध 'चक्रधर समारोह 2026' का भव्य आयोजन किया जाएगा। दस दिनों तक चलने वाले इस सांस्कृतिक महाकुंभ में छत्तीसगढ़ की लोक एवं शास्त्रीय कला के साथ-साथ देश भर की विविध सांस्कृतिक विधाओं का अनूठा संगम देखने को मिलेगा। इस वर्ष समारोह में कुल 42 प्रस्तुतियां प्रस्तावित हैं, जिनमें से 24 प्रस्तुतियां अकेले रायगढ़ और छत्तीसगढ़ के स्थानीय कलाकारों की होंगी, जिससे प्रदेश की प्रतिभाओं को राष्ट्रीय स्तर का बड़ा मंच मिलेगा।

समारोह में स्थानीय कला और सांस्कृतिक विरासत को विशेष प्राथमिकता दी गई है: आयोजन की शुरुआत श्री वेदमणि महाराज के शिष्यों द्वारा पारंपरिक गणेश वंदना के साथ होगी। भूपेंद्र बरेठ एवं समूह, सुश्री विभूति शर्मा, वासंती वैष्णव एवं समूह और नृत्यांजलि (कथक बनारस घराना) द्वारा शास्त्रीय कथक की भावपूर्ण प्रस्तुतियां दी जाएंगी। राकेश शर्मा अपने सूफी गायन से आध्यात्मिक अनुभूति कराएंगे, वहीं सोनू गुप्ता एंड ग्रुप (लोक कला मंच) छत्तीसगढ़ी लोक संगीत की रंगारंग प्रस्तुति देंगे।

बस्तर से सरगुजा और बिलासपुर तक लोक संस्कृति का विस्तार

छत्तीसगढ़ के विभिन्न अंचलों की लोक संस्कृति को भी इस मंच पर व्यापक प्रतिनिधित्व मिला है: बस्तर अकैडमी ऑफडांस, आर्ट्स एंड लिटरेचर (बादल) के कलाकार बस्तर की लोक धरोहर और आदिवासी संस्कृति की जीवंत झलक पेश करेंगे। संगीत नाटक अकादमी के सदस्य भूपेंद्र साहू (गरियाबंद) छत्तीसगढ़ी लोक नृत्य प्रस्तुत करेंगे, जबकि तरुणा साहू (रायपुर) पंडवानी की विधा प्रस्तुत करेंगी। पायल साहू (दुर्ग), अनुराग शर्मा (रायपुर) और लहरगंगा पुनरिक साहू (बालोद) माटी की लोक संगीत परंपरा को जीवंत करेंगे। इंडियन आइडल फेम अमित साना (भिलाई) का सुगम गायन और इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय, खैरागढ़ के विद्यार्थियों की सामूहिक नृत्य प्रस्तुति भी विशेष आकर्षण होगी। इसके अलावा डॉ. लवली शर्मा (सितार वादन), दीक्षा रथ (सारंगढ़ - ओडिसी), श्वेता नायक (बिलासपुर - कुचिपुड़ी), अनुष्का सुल्तानिया (रायपुर) और शिव शक्ति कला संस्थान (बिलासपुर - कथक) अपनी कला का प्रदर्शन करेंगे।

पद्मश्री विभूतियों की प्रस्तुतियां रहेंगी मुख्य आकर्षण

चक्रधर समारोह के इस संस्करण में देश और प्रदेश के प्रतिष्ठित पद्मश्री सम्मान से अलंकृत कलाकारों की प्रस्तुतियां विशेष आकर्षण का केंद्र रहेंगीः पद्मश्री रामलाल बरेठः रायगढ़ कथक घराने की गौरवशाली परंपरा के ध्वजवाहक पद्मश्री रामलाल बरेठ के निर्देशन में विशेष कथक प्रस्तुति दी जाएगी। पद्मश्री डॉ. उषा बारलेः अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी कला का परचम लहराने वाली प्रसिद्ध पंडवानी गायिका डॉ. उषा बारले प्रस्तुति देंगी। पद्मश्री भारती बंधुः सूफी एवं कबीर गायन के चर्चित हस्ताक्षर भारती बंधु अपनी कला से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध करेंगे। पद्मश्री अनुज शर्माः छत्तीसगढ़ी लोक कला और संस्कृति के लोकप्रिय कलाकार अनुज शर्मा भी अपनी प्रस्तुति से समां बांधेंगे। पद्मश्री सुरेंद्र शर्माः विशेष काव्य संध्या के दौरान देश के वरिष्ठ हास्य कवि सुरेंद्र शर्मा और अन्य रचनाकार अपनी कविताओं से श्रोताओं को भाव-विभोर करेंगे।

सुशासन से बदली डल्ला की तस्वीर, ललिता बनीं महिला सशक्तिकरण की मिसाल

■ शासकीय योजनाओं का लाभ लेकर आत्मनिर्भरता की राह पर बढ़ रहीं महिलाएं

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले के सुदूर आदिवासी अंचल में स्थित ग्राम डल्ला में संकट के समय प्रशासन और संवेदनशील सुशासन ने त्वरित कार्रवाई करते हुए एक गर्भवती महिला विकट परिस्थितियों के बावजूद समय पर चिकित्सा और राहत पहुँचाकर सरकार ने दुर्गम क्षेत्रों में भी विकास और भरोसे की नई तस्वीर पेश की है।छत्तीसगढ़ सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अब सुदूर और कभी नक्सल प्रभावित रहे क्षेत्रों के लोगों तक भी पहुंच रहा है। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में बीजापुर जिले के उसूर तहसील अंतर्गत ग्राम डल्ला, येर्राबोरू इसका उदाहरण है। कभी चुनौतियों के कारण जहां शासकीय योजनाओं का लाभ लेना कठिन था, वहीं अब ग्रामीणों में जागरूकता बढ़ रही है और वे विकास की मुख्यधारा से जुड़ रहे हैं। इसी बदलाव की प्रेरक कहानी ग्राम डल्ला की महिला कुरसम ललिता, पति श्री रमेश की है। ललिता ने जागरूक होकर अपना आधार कार्ड बनवाया। यही आधार कार्ड आगे चलकर उनके लिए शासकीय योजनाओं का लाभ लेने का माध्यम बना।

दुर्ग जिला अस्पताल पहुंची डब्ल्यूएचओ की टीम: कहा- गर्भवती महिलाओं को सुनाएं बच्चे की धड़कन

■ नॉर्मल डिलीवरी बढ़ाने पर जोर, म्यूजिक-एक्सरसाइज के सुझाव

दुर्ग/नवप्रदेश। जिला अस्पताल दुर्ग में डबल्यूएचओ से जुड़ी स्वास्थ्य टीम ने मदर एंड चाइल्ड केयर यूनिट का निरीक्षण किया। टीम ने अस्पताल में नॉर्मल डिलीवरी की संख्या बढ़ाने और अनावश्यक सिजेरियन डिलीवरी कम करने पर जोर दिया। निरीक्षण के दौरान गायनेकोलॉजिस्ट और पीडियाट्रिशियन समेत स्वास्थ्यकर्मियों की बैठक लेकर उन्हें डिलीवरी की प्रक्रिया और महिलाओं को ज्यादा आरामदायक माहौल देने के तरीके बताए गए। साथ ही डॉप्लर की सुविधा शुरू करने की सलाह दी, जिससे मां अपने गर्भ में पल रहे बच्चे की धड़कन सुन सके।

दोपहर करीब 12 बजे टीम जिला अस्पताल पहुंची थी। टीम में दो सदस्य शामिल थे। डब्ल्यूएचओ के डॉ. अरुण कुमार सिंह ने अस्पताल का निरीक्षण किया। इस दौरान यूनिट की इंचार्ज डॉ. विनीता धुर्वे ने बताया कि टीम की ओर से एमसीएच और एसएनसीयू की व्यवस्थाओं को देखा गया। इसके बाद अस्पताल के अधिकारियों और डॉक्टरों के साथ बैठक हुई। इसमें नॉर्मल डिलीवरी को बढ़ावा देने के लिए जरूरी बदलावों पर चर्चा की गई।

डॉ. विनीता धुर्वे के मुताबिक वर्तमान में सिजेरियन डिलीवरी की संख्या बढ़ रही है और नॉर्मल डिलीवरी कम हो रही है। टीम ने इसी को ध्यान में रखते हुए अस्पताल के लेबर रूम के सेटअप और काम करने के तरीके में कुछ बदलाव करने के सुझाव दिए हैं। टीम ने बताया कि प्रसव के दौरान महिला को ज्यादा सहज और सुरक्षित महसूस कराने के लिए महिला के साथ उसके पसंद के व्यक्ति को बर्थ कम्पेनियन यानी जन्म सहयोगी के रूप में रखने का सुझाव दिया गया है। इससे महिला को मानसिक रूप से सहारा मिल सकेगा और वह प्रसव के दौरान ज्यादा कंफर्टेबल रह सकेगी।

महिला खुद भी मॉनिटर कर सकेगी बच्चे की धड़कन

डब्ल्यूएचओ की टीम ने अस्पताल के स्टाफको डॉप्लर के जरिए बच्चे की धड़कन जांचने की प्रक्रिया महिला को भी सिखाने का सुझाव दिया है। इससे महिला खुद भी बच्चे की धड़कन के बारे में जानकारी ले सकेगी और स्टाफको बता सकेगी। डॉप्लर एक छोटा उपकरण है, जिसकी मदद से गर्भ में पल रहे बच्चे के दिल की धड़कन सुनी और उसकी गति जानी जा सकती है। सामान्य तरीके से धड़कन सुनना संभव होने से पहले भी डॉप्लर से करीब 12 सप्ताह की गर्भावस्था में बच्चे की धड़कन का पता लगाया जा सकता है। इसका फायदा यह है कि जांच के दौरान मां को अपने बच्चे की धड़कन सुनने का अनुभव मिलता है और स्वास्थ्यकर्मी बच्चे की धड़कन की गति पर भी नजर रख सकते हैं। यह गर्भ में बच्चे की स्थिति की शुरुआती निगरानी में मददगार है।

प्लेसेंटा निकलने के बाद ऑक्सीटोसिन लगाने का सुझाव

प्रसव के बाद ऑक्सीटोसिन के इस्तेमाल को लेकर भी टीम ने स्टाफ को जानकारी दी। टीम ने सुझाव दिया कि डिलीवरी के बाद प्लेसेंटा निकलने के बाद ऑक्सीटोसिन दिया जाए। इसके अलावा प्रसव के दौरान महिलाओं को रिलैक्स रखने के लिए म्यूजिक चलाने का सुझाव भी दिया गया। टीम के मुताबिक, इससे महिला को आराम महसूस हो सकता है और प्रसव की प्रक्रिया में मदद मिल सकती है।

डब्ल्यूएचओ की टीम ने प्रसव के दौरान महिलाओं को उनकी सुविधा के अनुसार पोजीशन देने पर जोर दिया। डिलीवरी के लिए केवल एक तय व्यवस्था के बजाय महिला जिस पोजीशन में खुद को आरामदायक महसूस करे, उसी के अनुसार प्रसव कराने का सुझाव दिया।

एक घंटे चली बैठक

जिला अस्पताल पहुंचने के बाद सबसे पहले सिविल सर्जन डॉ. आशीष मिंज के साथ बैठक हुई। करीब एक घंटे चली बैठक में मरीजों की सुरक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़े कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा की गई। लेबर वार्ड के स्टाफ से सीधे बातचीत की।

न्यूज गैलरी

जामुल थाना परिसर में वृहद वृक्षारोपण, पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

भिलाईनगर/नवप्रदेश। नगर पालिक निगम भिलाई एवं बैंक ऑफ बड़ौदा के संयुक्त तत्वावधान में पर्यावरण संरक्षण और शहर को हरा-भरा बनाने के उद्देश्य से जामुल थाना परिसर में वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न प्रजातियों के पौधे रोपे गए और उनके संरक्षण का संकल्प लिया गया। वृक्षारोपण का उद्देश्य थाना परिसर में हरियाली बढ़ाने के साथ ही नागरिकों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करना रहा। इस अवसर पर उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने कहा कि बढ़ते प्रदूषण और पर्यावरणीय असंतुलन को देखते हुए अधिक से अधिक पौधे लगाना जरूरी है। निगम की ओर से नागरिकों से अपील की गई कि वे अपने घरों, संस्थानों एवं आसपास उपलब्ध स्थानों पर पौधे लगाएं तथा उनकी नियमित देखभाल करें। कार्यक्रम में जोन आयुक्त अमरनाथ दुबे, बैंक ऑफबड़ौदा उपक्षेत्रीय प्रमुख जयप्रकाश नारायण, अरविन्द शर्मा, प्रदीप सेन, उद्यान सह जनसंपर्क अधिकारी तिलेश्वर साहू, विनय प्रकाश, निखिल वासनिक उपस्थित रहे।

सरस्वती शिशु मंदिर ने निकाली कावड़ यात्रा

कुम्हारी/नवप्रदेश। सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, कुम्हारी में भक्ति, श्रद्धा एवं संस्कार से ओत-प्रोत कावड़ यात्रा का आयोजन किया गया। विद्यालय प्राचार्या मनीषा साहू एवं सहसचिव हरिदास वैष्णव एवं गणमान्य नागरिक ने सहभागिता कर भैया-बहनों का उत्साहवर्धन किया। कावड़ यात्रा में समस्त आचार्य दीदी एवं भैया-बहनों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। सभी ने श्रद्धापूर्वक कावड़ में जल लेकर भगवान भोलेनाथ का जयघोष करते हुए शिवलिंग पर जल अर्पित किया। इस अवसर पर विद्यार्थियों में भक्ति, संस्कार, अनुशासन एवं भारतीय संस्कृति के प्रति श्रद्धा की भावना का विकास हुआ।

पुण्य स्मृति में आज रक्तदान शिविर

दुर्ग/नवप्रदेश। ब्रह्माकुमारीज के समाजसेवा प्रभाग द्वारा पूर्व मुख्य प्रशासिका राजयोगिनी दादी प्रकाशमणि की 19वीं पुण्य स्मृति एवं विश्व बंधुत्व दिवस के अवसर पर 21 से 25 अगस्त तक देशव्यापी रक्तदान महाअभियान चलाया जा रहा है। अभियान में एक लाख यूनिट से अधिक रक्त एकत्र करने का लक्ष्य है। इसी क्रम में ब्रह्माकुमारीज दुर्ग द्वारा जिला चिकित्सालय के सहयोग से 25 अगस्त को सुबह 9 से शाम 6 बजे तक जिला चिकित्सालय दुर्ग में रक्तदान शिविर आयोजित किया जाएगा। ब्रह्माकुमारी रीटा दीदी ने नागरिकों से अधिक से अधिक संख्या में स्वैच्छिक रक्तदान कर मानव सेवा में योगदान देने की अपील की है। रक्तदान के इच्छुक व्यक्ति 91 75877 15133 पर संपर्क कर पंजीयन करा सकते हैं।

नेहरू नगर के जाने-माने चिकित्सक डॉ. एस. ए. रिजवी का निधन

भिलाई/नवप्रदेश। नेहरू नगर भिलाई के जाने-माने चिकित्सक डॉ. एस. ए. रिजवी साहब का सोमवार 24 अगस्त 2026 को इंतकाल हो गया। उनके निधन की खबर से परिवार, परिचितों और शुभचिंतकों में शोक की लहर है। परिजनों के अनुसार, मरहूम की मैय्यत नेहरू नगर स्थित उनके निवास से मगरिब की नमाज़ के बाद हैदरगंज कब्रिस्तान, कैंप-1 ले जाई जाएगी। नमाज़-ए-जनाज़ा सोमवार को बाद नमाज़-ए-मगरिब कैंप-1 कब्रिस्तान में अदा की गई।

तर्रीघाट हाई स्कूल पहुंचे शिक्षा मंत्री गजेन्द्र विद्यार्थियों से संवाद कर पढ़ाई पर दिया जोर

भिलाई/नवप्रदेश। स्कूल शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव आज दुर्ग जिले के पाटन विकासखंड अंतर्गत ग्राम तर्रीघाट स्थित शासकीय हाई एवं हायर सेकेंडरी स्कूल पहुँचे। उन्होंने विद्यालय परिसर का निरीक्षण कर शिक्षकों एवं विद्यार्थियों से संवाद किया तथा स्कूल में संचालित शैक्षणिक गतिविधियों, विद्यार्थियों की उपस्थिति, पाठ्यक्रम की प्रगति एवं विद्यालय की आवश्यकताओं की जानकारी लिए।

शिक्षा मंत्री यादव ने विद्यार्थियों से सीधे संवाद करते हुए उनकी पढ़ाई, रुचि और विद्यालय में उपलब्ध सुविधाओं के संबंध में जानकारी लिए। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों की मजबूत और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा ही उनके उज्ज्वल भविष्य की सबसे मजबूत नींव है। उन्होंने बच्चों को नियमित रूप से स्कूल आने, अनुशासन का पालन करने और मन लगाकर पढ़ाई करने के लिए प्रेरित किये। तर्रीघाट स्कूल में निरीक्षण के दौरान मंत्री गजेन्द्र यादव ने शिक्षकों से कहा कि बच्चों की शिक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए पूरी गंभीरता और जिम्मेदारी के साथ कार्य करें। उन्होंने प्रत्येक विद्यार्थी की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने, पाठ्यक्रम को समय पर पूरा करने तथा विद्यार्थियों की शैक्षणिक प्रगति पर निरंतर ध्यान देने के निर्देश दिए। उन्होंने शिक्षा के साथ-साथ खेलकूद, सांस्कृतिक एवं अन्य रचनात्मक गतिविधियों में विद्यार्थियों की भागीदारी बढ़ाने पर भी जोर दिया, ताकि बच्चों का सर्वांगीण विकास सुनिश्चित हो सके।

शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव से खुलकर संवाद किया और स्कूल से जुड़ी अपनी आवश्यकताओं एवं समस्याओं की जानकारी दी। विद्यार्थियों ने प्रार्थना स्थल पर डोमशेड निर्माण तथा विज्ञान कक्षा के लिए आवश्यक सामग्री उपलब्ध कराने की मांग रखी।

शिक्षा मंत्री ने बच्चों से उनके पसंदीदा विषय, पढ़ाई में आने वाली कठिनाइयों तथा भविष्य के लक्ष्य के बारे में भी बातचीत की। उन्होंने विद्यार्थियों को कहा कि वे अपने लक्ष्य निर्धारित कर निरंतर मेहनत करें और शिक्षकों द्वारा बताए गए मार्गदर्शन का पालन करें। बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि नियमित अध्ययन, अनुशासन और मेहनत के माध्यम से हर विद्यार्थी अपने सपनों को साकार कर सकते है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में प्रदेश सरकार शासकीय विद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण एवं सर्वसुलभ शिक्षा उपलब्ध कराने के लिए लगातार प्रभावी कदम उठा रही है। उन्होंने कहा स्कूल केवल पढ़ाई का स्थान नहीं, बल्कि बच्चों के व्यक्तित्व निर्माण और उनके सपनों को दिशा देने का महत्वपूर्ण केंद्र है।

फिनिश्ड प्लेट्स के रोड डिस्पैच का नया दैनिक रिकॉर्ड बनाया

भिलाई/नवप्रदेश। इस्पात संयंत्र के प्लेट मिल के डिस्पैच सेक्शन ने फिनिश्ड प्लेट्स के रोड डिस्पैच का नया दैनिक रिकॉर्ड स्थापित किया है। टीम ने एक दिन में 49 ट्रॉलियों के माध्यम से 1,526 टन फिनिश्ड प्लेट्स का रोड डिस्पैच कर यह उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की। इससे पूर्व 16 अगस्त 2026 को 40 ट्रॉलियों के माध्यम से 1,246 टन फिनिश्ड प्लेट्स डिस्पैच रिकॉर्ड दर्ज किया गया था। इस प्रकार पिछले रिकॉर्ड की तुलना में एक दिन में 9 अधिक ट्रॉलियों के माध्यम से 280 टन अधिक फिनिश्ड प्लेट्स का डिस्पैच किया गया। यह उपलब्धि प्लेट मिल के डिस्पैच सेक्शन, ऑपरेशन एवं लॉजिस्टिक्स टीम,ट्रांसपोर्टर, क्रेन एवं हैंडलिंग टीम सहित सुचारू और तेज प्रेषण प्रक्रिया में योगदान देने वाले सभी संबंधित विभागों एवं हितधारकों के बीच प्रभावी समन्वय, बेहतर योजना और सामूहिक प्रयासों का परिणाम है। सड़क मार्ग से प्रेषण में स्थापित यह नया दैनिक रिकॉर्ड प्लेट मिल, सेलङ्कबीएसपी के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है और प्रेषण दक्षता के क्षेत्र में एक नया मानदंड प्रस्तुत करता है। यह सामूहिक टीमवर्क, कार्यकुशलता और बेहतर प्रदर्शन का परिणाम है।

लोकांगन में उमड़ा स्नेह का सैलाब, 11 हजार से अधिक बहनों ने विधायक सेन को बांधा रक्षा सूत्र

भिलाई नगर/नवप्रदेश। रक्षाबंधन के अवसर पर वैशाली नगर विधानसभा में भाई-बहन के स्नेह की अनूठी तस्वीर देखने को मिली। वैशाली नगर स्थित लोकांगन परिसर में रविवार को 11 हजार से अधिक बहनें विधायक रिकेश सेन को रक्षासूत्र बांधने पहुंचीं। अल्प सूचना पर उमड़ी भीड़ से लोकांगन, गरबा ग्राउंड और आसपास का क्षेत्र कतारों से भर गया। सुबह से ही बहनों के पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया था। विधायक सेन दोपहर 1 बजे से शाम 6 बजे तक लगातार बहनों से रक्षासूत्र बंधवाते रहे। उन्होंने स्वयं व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए बहनों से मुलाकात की और कहा कि कोई भी बहन निराश होकर नहीं लौटेगी। उन्होंने बताया कि पार्षद से विधायक बनने तक क्षेत्र की बहनों ने उन्हें भाई का स्नेह दिया है और इस रिश्ते का मान रखना उनका दायित्व है। बहनों ने तिलक, आरती कर विधायक को राखी बांधी और उनके स्वस्थ एवं दीर्घायु जीवन की कामना की। कई बहनों ने विधायक की धर्मपत्नी डॉ. रिचा सेन को भी रक्षा सूत्र बांधा। विधायक सेन ने बहनों के स्नेह के प्रति आभार जताते हुए कहा कि नगर की हजारों बहनों का आशीर्वाद ही उनकी शक्ति है। उन्होंने कहा कि इसी विश्वास से वे क्षेत्र में जनोपयोगी योजनाओं के माध्यम से जनता की सेवा के लिए निरंतर प्रयासरत हैं।

विधायक ललित ने किया भूमिपूजन : शिवपारा स्टेशन मरोदा में सौ लाख से होगा विकास कार्य

रिसाली/नवप्रदेश। निगम क्षेत्र के श्रमिक बाहुल्य क्षेत्र शिवपारा, बीआरपी कॉलोनी, एचएससीएल कॉलोनी मरोदा क्षेत्र में 1.72 करोड़ से विकास कार्य होगा। विधायक ललित चंद्राकर ने नारियल तोड़कर कार्य को आरंभ कराया। उन्होंने इस अवसर पर कहा कि विकास के लिए सरकार के पास पर्याप्त राशि है। सुविधाओं के लिए खर्च करना सरकार की पहली प्राथमिकता है। विधायक चंद्राकर भूमिपूजन करने सबसे पहले वार्ड 17 शिवपारा स्टेशन मरोदा व एचएससीएल स्टेशन मरोदा व बीआरपी कॉलोनी पहुंचे। विधायक ने नागरिकों से कहा कि निगम क्षेत्र के अंतिम छोर पुरैना से भूमिपूजन करते आ रहे है। क्षेत्रीय पार्षद के प्रयास और नागरिकों के प्राथमिकता को देखते हुए विभिन्न विकास कार्य पूरा किया जा रहा है। भूमिपूजन में नेता प्रतिपक्ष शैलेन्द्र साहू, गजेन्द्री कोठारी, रेखा देवी, ममता सिन्हा, धर्मेन्द्र भगत, सारिका साहू, मंडल अध्यक्ष राजू जंघेल, अनुपम साहू समेत बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित थे।

इन वार्डों में होगा विकास कार्य

वार्ड 16 बीआरपी कॉलोनी में 25.55 लाख से नाली निर्माण, सड़क, सौंदर्यीकरण, वार्ड 17 शिवपारा स्टेशन मरोदा में 1.2 करोड़ से नाली, पुलिया, सड़क संधारण, सामुदायिक भवन, वार्ड 18 एचएससीएल शिवपारा में 45.36 लाख के कार्य होगें।

तीज से तरंगे तक : जीजाबाई महिला मंडल का तीज मिलन समारोह

भिलाई/नवप्रदेश। जीजाबाई महिला मंडल भिलाई नगर दुर्ग के तत्वावधान में गजानन मंदिर भवन, हुडको में 'तीज मिलन कार्यक्रम-2026' का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की थीम 'तीज से तरंगे तक' रही, जिसका उद्देश्य संस्कृति, परंपरा एवं महिला शक्ति को नई ऊर्जा के साथ आगे बढ़ाना था। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल की अध्यक्षा लीना वराठे ने की। मुख्य अतिथि महिला मंडल बैतूल की अध्यक्ष अरुणा पाटणकर तथा विशिष्ट अतिथि भाजपा जिला अध्यक्ष बैतूल सुनीता देशमुख रहीं। रायपुर, बिलासपुर, मुंगेली, जगदलपुर, राजहरा, कवर्धा सहित विभिन्न जिलों से अतिथियों ने शिरकत की। कार्यक्रम में तीज गीत, नृत्य एवं विभिन्न प्रतियोगिताओं के साथ रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां हुईं। कार्यकारिणी की ओर से 'चार युगों' और 'देशभक्ति' पर आधारित प्रस्तुतियों ने खूब तालियां बटोरीं। वर्षा गल्फ्टे ने 'तीज क्वीन' का खिताब जीता, जबकि वयोवृद्ध श्रेणी में मंगला भराड़े तीज क्वीन चुनी गईं। ग्रीन शॉट प्रतियोगिता में भारती धाड़से प्रथम, चंदा धाड़से द्वितीय एवं निशी धाड़से तृतीय रहीं। अध्यक्षा लीना वराठे ने कहा कि तीज महिलाओं की एकता और संस्कृति का प्रतीक है। हमारा उद्देश्य समाज को संस्कारयुक्त एवं देशभक्ति से ओत-प्रोत बनाना है। कार्यक्रम का संचालन नंदिनी देशमुख एवं गीतांजलि बोडखे ने किया। अंत में अतिथियों एवं प्रतिभागियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया.

सांसद बघेल ने की भगवान भोलेनाथ की पूजा-अर्चना

भिलाई/नवप्रदेश। श्रावण मास के चतुर्थ एवं अंतिम सोमवार के पावन अवसर पर सांसद विजय बघेल ने अपनी धर्मपत्नी रंजनी बघेल एवं पुत्रवधू पल्लवी बघेल के साथ सेक्टर-5 भिलाई स्थित श्री भद्रेश्वर महाकाल शिव मंदिर पहुंचकर भगवान भोलेनाथ की विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। पंडित विजय शंकर द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विधिवत पूजन कराया गया। सांसद बघेल एवं उनके परिवार ने भगवान भोलेनाथ का अभिषेक कर देश-प्रदेश की सुख-शांति, समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की। सांसद बघेल ने कहा कि श्रावण मास भगवान शिव की आराधना का पावन अवसर है। भगवान भोलेनाथ सभी पर अपनी कृपा बनाए रखें और प्रत्येक परिवार में सुख, शांति एवं समृद्धि का वास हो, यही हमारी प्रार्थना है।

साइबर सुरक्षा कार्यशाला : 11वीं एवं 12वीं के लगभग 400 विद्यार्थियों तथा 40 शिक्षक-शिक्षिकाएं हुई शामिल

विद्यार्थियों को ऑनलाइन धोखाधड़ी से बचाव के बताए उपाय

भिलाई/नवप्रदेश। सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के सीनियर सेकेंडरी स्कूल, सेक्टर-10 में विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को बढ़ते साइबर अपराधों और ऑनलाइन धोखाधड़ी से बचाव के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से साइबर सुरक्षा जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में कक्षा 11वीं एवं 12वीं के लगभग 400 विद्यार्थियों तथा 40 शिक्षक-शिक्षिकाओं ने सहभागिता की।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सीएसपी भिलाई निशांत पाठक उपस्थित रहे। वहीं इंस्पेक्टर डॉ. संकल्प राय ने विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को साइबर सुरक्षा से जुड़े महत्वपूर्ण पहलुओं की जानकारी दी। उन्होंने ऑनलाइन ठगी के विभिन्न तरीकों के बारे में बताते हुए डिजिटल प्लेटफॉर्म का उपयोग करते समय सतर्कता बरतने की अपील की।

वक्ताओं ने कहा कि अनजान लिंक, कॉल और संदेशों के माध्यम से साइबर अपराधी लोगों को ठगी का शिकार बना सकते हैं। विद्यार्थियों को संदिग्ध लिंक पर क्लिक न करने, ओटीपी, पासवर्ड, बैंक खाते से जुड़ी जानकारी किसी से साझा न करने तथा अनजान व्यक्तियों से ऑनलाइन संपर्क में सावधानी बरतने की सलाह दी गई। साथ ही सोशल मीडिया का सुरक्षित एवं जिम्मेदार उपयोग करने और मजबूत पासवर्ड रखने पर भी जोर दिया गया। कार्यशाला में बताया गया कि साइबर सुरक्षा केवल तकनीकी विषय नहीं, बल्कि प्रत्येक डिजिटल उपयोगकर्ता की व्यक्तिगत जिम्मेदारी है। विद्यार्थियों से आग्रह किया गया कि वे सुरक्षित डिजिटल आदतों को अपने दैनिक जीवन का हिस्सा बनाएं तथा साइबर सुरक्षा से जुड़ी जानकारी अपने परिवार और आसपास के लोगों तक भी पहुंचाएं।

विद्यालय की प्राचार्या सुमिता सरकार ने कहा कि बढ़ते डिजिटलीकरण के दौर में विद्यार्थियों को साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूक करना समय की आवश्यकता है। उन्होंने सभी विद्यार्थियों एवं शिक्षकों से सतर्क और जिम्मेदार डिजिटल व्यवहार अपनाने का आग्रह किया।

कार्यशाला के दौरान विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने व्यावहारिक उदाहरणों के माध्यम से साइबर फ्रॉड से बचाव के उपायों को समझा। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ व्याख्याता तरुण कुमार साहू ने किया। अंत में उप-प्राचार्या सविता तिवारी ने मुख्य अतिथि, वक्ताओं, शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं विद्यार्थियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

पोषण सप्ताह में विद्यार्थियों ने सीखा संतुलित आहार

नंदिनी अहिवारा/नवप्रदेश। विद्यार्थियों में स्वस्थ खान-पान की आदतों एवं पोषक तत्वों के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से डी.ए.वी. इस्पात पब्लिक स्कूल, नंदिनी नगर में 17 से 21 अगस्त 2026 तक पोषण सप्ताह का आयोजन किया गया। इस दौरान विभिन्न कक्षाओं के विद्यार्थियों ने प्रतिदिन अलग-अलग पोषक तत्वों से संबंधित खाद्य पदार्थों की आकर्षक एवं ज्ञानवर्धक प्रस्तुतियां दीं। कार्यक्रम के तहत विद्यार्थियों ने विटामिन एवं मिनरल्स युक्त खाद्य पदार्थ, वसायुक्त खाद्य पदार्थ, कार्बोहाइड्रेट युक्त खाद्य पदार्थ, प्रोटीन युक्त खाद्य पदार्थ तथा विद्यार्थियों ने संतुलित आहार पर प्रस्तुतियां दीं। विद्यार्थियों ने विभिन्न पौष्टिक खाद्य पदार्थों को रचनात्मक एवं आकर्षक ढंग से प्रस्तुत किया। गतिविधि के माध्यम से उन्हें पोषक तत्वों और उनके स्वास्थ्य में महत्व की जानकारी मिली। साथ ही उनके प्रस्तुतीकरण कौशल, आत्मविश्वास तथा अपनी बात को प्रभावी ढंग से रखने की क्षमता का भी विकास हुआ। शाला प्रभारी दिनेश कुमार जाधव ने विद्यार्थियों की प्रस्तुतियों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसी गतिविधियां बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए महत्वपूर्ण हैं। कार्यक्रम की सफलता में अभिभावकों के सहयोग के लिए आभार व्यक्त करते हुए माताओं की विशेष भागीदारी की सराहना की। उत्कृष्ट प्रस्तुति देने वाले विद्यार्थियों को 'न्यूट्री चैंप' बैज प्रदान कर सम्मानित किया गया। आयोजन से विद्यार्थियों में स्वास्थ्य, पोषण एवं संतुलित आहार के प्रति जागरूकता विकसित करने के साथ-साथ प्रभावी शिक्षण और रचनात्मक प्रस्तुति के गुणों को बढ़ावा मिला।

धार्मिक, आध्यात्मिक, सांस्कृतिक और शैक्षणिक गतिविधियों का केंद्र रही है शिव नगरी

सदियों पुराने गौरवशाली इतिहास को जीवंत करता सिरपुर

शाहिन कुरैशी

छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर से लगभग अस्सी किलोमीटर दूर महासमुन्द जिले में महानदी के सुरम्य तट पर स्थित एक छोटा सा कस्बा है सिरपुर...। जो कभी एक समृद्ध नगर था। पांचवीं से आठवीं शताब्दी तक दक्षिण कौशल की राजधानी था। उस समय इसे शिव की नगरी श्रीपुर के नाम से जाना जाता था। यह उस समय धार्मिक, आध्यात्मिक, सांस्कृतिक और शैक्षणिक गतिविधियों का विश्व प्रसिद्ध केन्द्र हुआ करता था। छठी शताब्दी में जब चीनी यात्री व्हेन सांग भारत आए थे और यहां लगभग पन्द्रह साल रहे थे, तब उन्होंने सिरपुर में भी काफी वक्त बिताया था और यहां के बौद्ध विहार का उल्लेख अपनी किताब में किया था। ऐसी ऐतिहासिक और पुरातात्विक नगरी सिरपुर का भ्रमण करने जब दैनिक नव प्रदेश परिवार के सदस्यों की टीम वहां पहुंची तो सभी को अलौकिक अनुभूति हुई। दैनिक नव प्रदेश के महासमुन्द जिला प्रतिनिधि जयदेव सिंह ने हमारी टीम के लिए गाइड की भूमिका निभाई। उनकी वजह से ही नव प्रदेश परिवार के सदस्यों ने दिनभर में काफी कुछ देखा। वरना सिरपुर को देखने-समझने के लिए तो एक सप्ताह का समय भी कम पड़ जाए।

आस्था का केंद्र गंधेश्वर मंदिर

सबसे पहले हम पहुंचे चित्रोत्पला गंगा (महानदी) के तट पर स्थित गंधेश्वर मंदिर। जो प्राचीनकाल से ही शिव भक्तों की आस्था का प्रमुख केन्द्र रहा है। जनश्रुति के अनुसार पांचवीं शताब्दी में बाणासुर ने गंधेश्वर मंदिर का निर्माण कराया था। ऐसी मान्यता है कि यहां आने वाले भक्तों की हर मनोकामना भोले भंडारी पूर्ण कर देते हैं। सावन का महीना चलने के कारण इस मंदिर में भक्तों का अपार सैलाब उमड़ा था। इसके बाद भी मंदिर प्रांगण में सबको असीम शांति मिली। यह प्राचीन मंदिर महानदी के तट पर स्थित है। इसके बावजूद सदियों बाद भी भारी बाढ़ आने पर भी मंदिर को कभी कोई क्षति नहीं पहुंची। सैकड़ों साल पूर्व आज भयानक भूकंप में भी यह मंदिर अक्षुण्ण रहा। इस मंदिर प्रांगण में भी बुद्ध सहित अन्य देवी-देवताओं की कुछ प्राचीन प्रतिमाएं रखी गई हैं। यहां प्रतिदिन गंगा आरती भी होती है, जिसमें बड़ी संख्या में भक्त जन शामिल होते हैं। मंदिर मार्ग पर दोनों ओर पूजन सामाग्री विक्रय करने वाली दर्जनों दुकानें हैं। उन्होंने बताया कि सिर्फसावन के महीने में ही नहीं बल्कि पूरे सालभर इस मंदिर में भक्तों का तांता लगा रहता है।

विभिन्न धर्मों का अनूठा संगम

कालांतर में समृद्ध नगर रहे सिरपुर में खुदाई के दौरान जो पुरातात्विक अवशेष मिले हैं। जिनको वहां स्थित संग्रहालय में सुरक्षित रखा गया है। उससे पता चलता है कि पांचवीं शताब्दी में सिरपुर हिंदू, बौद्ध, जैन और वैष्णव सहित अनेक धर्मों का अनूठा संगम था। सिरपुर में पर्यटकों की बढ़ती संख्या को देखते हुए उनकी सुविधा के लिए छत्तीसगढ़ पर्यटन मंडल ने रिसोर्ट बनाए हैं। प्राइवेट रिसोर्ट भी हैं। जहां लोग रुक सकते हैं सिरपुर के अलावा आसपास के अन्य मंदिरों व पर्यटन स्थलों में शहरों के कोलाहल से दूर सुकून के पल बीता सकते हैं।

कोडार डेम आकर्षण का केंद्र

महासमुंद जिला मुख्यालय से लगभग बीस किलोमीटर दूर स्थित कोडार डेम (शहीद वीर नारायण सिंह जलाशय) भी सिरपुर जाने वाले पर्यटकों के लिए आकर्षण का प्रमुख केन्द्र है। 1976 में महानदी की सहायक नदी कोडार नदी में इस विशाल डेम का निर्माण हुआ था। उस समय अर्जुन सिंह अविभाजित मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री थे और छत्तीसगढ़ के प्रथम मुख्यमंत्री अजीत जोगी रायपुर के कलेक्टर थे। इसे वन विभाग ने ईको टूरिज्म के रूप में विकसित किया है। यहां बोटिंग की भी सुविधा है और रात्रि में कैम्प करने वालों को टेंट हाउस की सुविधा भी प्रदान की जाती है। यहां भी प्रतिदिन बड़ी संख्या में पर्यटक आते हैं। पिकनिक के लिए यह एक आदर्श स्थल है।

अंगुली से खुला था स्लूज गेट

जब कोडार डेम का अविभाजित मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री अर्जुन सिंह ने लोकार्पण किया था, तब नहर में पानी छोड़ने के लिए उन्होंने अपनी अंगुली की हल्की सी जुंबिश से भारी भरकम स्लूज गेट खोला था। इस बारे में वहां स्लूज गेट लगाने वाले एसके स्टील इंडस्ट्री के संचालक वयोवृद्ध एसके चौहान ने नवप्रदेश को बताया कि डेम में उन्होंने ही स्लूज गेट लगाए थे। इलेक्ट्रिक और मैनुअल दोनों से खुलते और बंद होते थे। उनके अनुरोध पर ही अर्जुन सिंह ने अंगुली की हल्की सी जुंबिश से स्लूज गेट को खोला था।

ईंटों से निर्मित लक्ष्मण मंदिर

गंधेश्वर मंदिर से हम सब जब विश्व प्रसिद्ध लक्ष्मण मंदिर पहुंचे तो वहां सदियों पहले मंदिर की ईंटों पर उकेरी गई बारीक नक्काशी देखकर चमत्कृत रह गए। सातवीं शताब्दी में निर्मित यह लक्ष्मण मंदिर दुनिया का एकमात्र ऐसा मंदिर है जो लाल ईंटों से बना हुआ है और उन ईंटों पर की गई नक्काशी, कलात्मक आकृति तथा वास्तुकला सभी पर्यटकों को दांतों तले ऊंगली दबाने पर बाध्य कर देती हैं। इसे लक्ष्मण मंदिर कहा जाता है, लेकिन यह विष्णु मंदिर है, जिसमें विष्णुजी शेषनाग के साथ विराजमान हैं। शेषनाग को लक्ष्मण जी का अवतार माना गया है। इस वजह से विष्णुजी का यह मंदिर लक्ष्मण मंदिर के रुप में प्रसिद्ध हो गया है। मंदिर प्रांगण हरा भरा है। यहां भी सालभर सैलानियों और भक्तों का अपार जनसमूह उमड़ा रहता है। ईंटों से निर्मित यह अद्भुत मंदिर सदियों से बाढ़ और भूकंप की विभीषिका के बावजूद आज भी सही सलामत है। यह भी अपने आप में एक चमत्कार ही है।

उपर कोडार बांध नीचे पान की दुकान

कोडार डेम जाने वाले लोगों के लिए डेम के पास मुख्य सड़क पर स्थित एक पान की दुकान भी आकर्षण का केंद्र है। निरंतर सड़क ऊंची होने के कारण यह पान दुकान इतनी नीचे हो गई है कि इसके सामने ऊपर बैठकर ही आप पान या अन्य सामाग्री ले सकते हैं। पान दुकान के संचालक पुरूषोत्तम साहू ने बताया कि जब उन्होंने यह पान दुकान खोली थी तो यह आम दुकानों की तरह थी, लेकिन साल दर साल सड़क ऊंची उठती गई और अब दुकान की छत सड़क से डेढ़ दो फुट ऊंची रह गई है। वहीं एक छोटी सी होटल भी है। जहां धीरू चूल्हे पर लकड़ी जलाकर गरमागरम समोसा, भजिया, बड़ा और चाय बनाते हैं, जिसका स्वाद ही अलग है। चटनी भी लाजवाब है। हमारी टीम के कई सदस्यों ने वहां के नास्ते का छककर लुत्फ उठाया। आप अगर कोडार डेम जाएं तो उस छोटी सी होटल और सबसे छोटी पान दुकान का विजिट करना न भूलें।

सेना के सम्मान में राखी का धागा, पोस्टकार्ड पर विद्यार्थियों ने लिखे भावपूर्ण संदेश

रायपुर/नवप्रदेश। रक्षाबंधन के पावन अवसर पर नवा रायपुर अटल नगर के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, राखी में भारतीय सेना के जवानों के सम्मान और उनके प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने के लिए भावनात्मक एवं प्रेरणादायी कार्यक्रम आयोजित किया गया। ब्ै। ।तउल के सहयोग से आयोजित इस कार्यक्रम में भारतीय सेना के अधिकारियों, जूनियर कमीशंड अधिकारियों एवं अन्य रैंक सहित कुल 72 सैन्यकर्मियों ने सहभागिता की।

बहनों ने बांधी राखी, जवानों को दिया सम्मान और विश्वास का संदेश: कार्यक्रम के दौरान विद्यालय की छात्राओं ने सैन्यकर्मियों की कलाई पर राखी बांधकर उन्हें रक्षाबंधन की शुभकामनाएं दीं। छात्राओं ने देश की सीमाओं की रक्षा में दिन-रात समर्पित जवानों के प्रति सम्मान, स्नेह और आभार व्यक्त किया। राखी के इस पवित्र धागे ने सैनिकों और विद्यार्थियों के बीच भावनात्मक जुड़ाव को और मजबूत किया।

नवा रायपुर के पोस्टकार्ड पर देश के रक्षकों के नाम लिखी भावनाएं: कार्यक्रम की विशेष पहल के रूप में विद्यार्थियों ने नवा रायपुर के पोस्टकार्ड पर भारतीय सेना के जवानों के लिए अपने हाथों से व्यक्तिगत पत्र एवं

संदेश लिखे। इन संदेशों में विद्यार्थियों ने सैनिकों के साहस, त्याग और देशसेवा के प्रति अपनी भावनाएं व्यक्त करते हुए उनके सुरक्षित रहने और देश की रक्षा में सदैव सफल होने की कामना की। बच्चों के इन भावपूर्ण संदेशों ने कार्यक्रम को विशेष बना दिया।

जवानों ने साझा किए अनुभव, विद्यार्थियों को दिया देशसेवा का संदेश: इस अवसर पर सैन्यकर्मियों ने विद्यार्थियों से संवाद किया और भारतीय सेना के जीवन, अनुशासन एवं कार्यप्रणाली से जुड़े अपने अनुभव साझा किए। उन्होंने विद्यार्थियों को अनुशासन को जीवन का हिस्सा बनाने, जिम्मेदार नागरिक बनने और राष्ट्रहित को सर्वोच्च प्राथमिकता देने के लिए प्रेरित किया। संवाद के माध्यम से विद्यार्थियों को सेना के जीवन को करीब से समझने और सैनिकों के समर्पण एवं चुनौतियों को जानने का अवसर मिला। कार्यक्रम के सफल आयोजन में स्टेशन मुख्यालय, रायपुर के प्रशासनिक कमांडेंट कर्नल अभिषेक उनियाल की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

अपराध: सूरजपुर में 21 राज्यों से साइबर फ्रॉड नेटवर्क का खुलासा

150 खातों में 113 करोड़ का लेनदेन, एक आरोपी गिरफ्तार

सूरजपुर/नवप्रदेश। म्यूल बैंक अकाउंट की जांच करते हुए सूरजपुर पुलिस ने साइबर ठगी के एक बड़े नेटवर्क का खुलासा किया है। जांच में सामने आया है कि साइबर अपराध का यह नेटवर्क देश के करीब 21 राज्यों तक फैला हुआ है। करीब 150 बैंक खातों के जरिए 113 करोड़ 32 लाख रुपये से अधिक की संदिग्ध रकम का लेनदेन किए जाने की जानकारी सामने आई है। इस मामले में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है, जबकि एक अन्य आरोपी फरार बताया जा रहा है।

आई4सी पोर्टल से मिली साइबर ठगी की जानकारी: दरअसल, सूरजपुर थाने में म्यूल बैंक अकाउंट से जुड़े मामले में एफआईआर दर्ज की गई थी। पुलिस को इस पूरे मामले की जानकारी आई4सी यानी भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र के

ज्वाइंट साइबर क्राइम कोऑर्डिनेशन पोर्टल के जरिए मिली। पोर्टल से मिली जानकारी में करीब 150 अलग-अलग बैंक खातों के साइबर धोखाधड़ी से जुड़े होने और इन खातों में 113 करोड़ 32 लाख रुपये से अधिक के लेनदेन की जानकारी सामने आई। इसके बाद सूरजपुर पुलिस ने संबंधित खातों और उनसे जुड़े लोगों की जांच शुरू की।

सूरजपुर के म्यूल अकाउंट तक पहुंची साइबर फ्रॉड की रकम: जांच के दौरान साइबर धोखाधड़ी से जुड़ी कुछ रकम सूरजपुर के एक म्यूल बैंक अकाउंट में पहुंचने की जानकारी सामने आई। इसके बाद पुलिस ने इस खाते और इससे जुड़े लोगों की गतिविधियों की जांच शुरू की। पुलिस के मुताबिक यह म्यूल अकाउंट डी.एन. चक्रधारी एजुकेशन डेवलपमेंट एसोसिएशन नाम की एजुकेशन संस्था से जुड़ा हुआ था। भारतीय स्टेट बैंक की सूरजपुर शाखा में संस्था के नाम से संचालित खाते को देवनारायण चक्रधारी और महेश कुमार चक्रधारी से जोड़ा गया था।

संस्था से जुड़े महेश चक्रधारी गिरफ्तार: जांच में साइबर अपराध से जुड़े लेनदेन की जानकारी सामने आने के बाद पुलिस ने कार्रवाई करते हुए संस्था से जुड़े महेश कुमार चक्रधारी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार आरोपी पहले भी साइबर फ्रॉड के एक मामले में जेल में निरुद्ध रह चुका है। हालांकि, इस मामले में उसके खाते में अब तक साइबर ठगी की कितनी रकम पहुंची और कितने बैंक खातों से उसका सीधा कनेक्शन रहा है, इसकी जांच अभी जारी है।

देवनारायण चक्रधारी फरार, गिरफ्तारी के लिए दबिश: वहीं, मामले में देवनारायण चक्रधारी फरार बताया जा रहा है। उसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही है। इसके साथ ही जांच में सामने आए अन्य लोगों की भूमिका भी पुलिस की रडार पर है।

रकम कहां गई, इसकी भी जांच: पुलिस अब यह पता लगाने में जुटी है कि गिरफ्तार आरोपी के खाते में साइबर फ्रॉड की कितनी रकम पहुंची और उस रकम को आगे किन-किन खातों में ट्रांसफर किया गया। पुलिस बैंकिंग ट्रांजेक्शन और खातों से जुड़े अन्य कनेक्शन की भी जांच कर रही है।

रायपुर में चेन स्नैचिंग करने वाली महिला गिरोह सक्रिय

■ **ई-रिक्शा में सहायक संचालक के गले से चेन तोड़ी, पुलिस ने शुरू की जांच**

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी रायपुर में भीड़भाड़ वाले इलाकों और सार्वजनिक परिवहन में चेन तोड़ने वाला महिला गिरोह सक्रिय है। आरोप है कि गिरोह की महिलाओं ने समग्र शिक्षा कार्यालय में पदस्थ सहायक संचालक मंजू लता साहू के गले से चेन तोड़ ली और फरार हो गईं। सहायक संचालक की शिकायत पर कोतवाली पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस अब आरोपियों की पहचान और तलाश में जुटी है।

पीड़िता मंजू लता साहू ने पुलिस को बताया कि वह जनता कॉलोनी, गुढ़ियारी में रहती हैं। 18 अगस्त को वह अपने परिचित के साथ एक्टिवा से कार्यालय जाने के लिए निकली थीं। बारिश तेज होने के कारण जेल रोड बस स्टॉप के पास उन्होंने एक्टिवा खड़ी की और ई-रिक्शा से जाने का फैसला किया। उन्होंने ई-रिक्शा चालक से बोर्ड

ऑफिस चलने को कहा। ई-रिक्शा चालक खालसा स्कूल होते हुए अंबेडकर चौक पहुंचा। यहां करीब छह महिलाएं ई-रिक्शा में सवार हो गईं। इसके बाद चालक आकाशवाणी चौक और जोगी बंगला होते हुए महिला पॉलीटेक्निक कॉलेज की ओर जाने लगा।

शिकायत के बाद पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। पुलिस ई-रिक्शा के रूट और संबंधित स्थानों के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल सकती है। साथ ही ई-रिक्शा चालक और घटना के दौरान उसमें सवार महिलाओं की पहचान करने का प्रयास किया जा रहा है। मामले की जांच के बाद ही यह स्पष्ट होगा कि वारदात में किसी संगठित महिला गिरोह की भूमिका थी या नहीं।

कवर्धा में पुलिस अभ्यर्थियों का हंगामा, गृह मंत्री से बहस के बाद घेरा कार्यालय

कवर्धा/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ पुलिस भर्ती की सेकंड लिस्ट और 1600 रिक्त पदों को भरने की मांग को लेकर चार दिनों से चल रहा अभ्यर्थियों का आंदोलन अब उग्र होता दिखाई दे रहा है। आंदोलनकारी अभ्यर्थियों से मिलने पहुंचे उपमुख्यमंत्री एवं गृह मंत्री विजय शर्मा के साथ अभ्यर्थियों की बातचीत के दौरान बहस हो गई। इसके बाद गृह मंत्री वार्तालाप के बीच से ही निकल गए।

गृह मंत्री के जाने के बाद बड़ी संख्या में आक्रोशित अभ्यर्थियों ने गृह मंत्री विजय शर्मा के कार्यालय को घेर लिया। अभ्यर्थी कार्यालय के गेट के सामने बैठकर और लेटकर विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। मौके पर लगातार नारेबाजी और हंगामा जारी है। इसके साथ ही हर दी प्रदर्शन का रूप रेखा भी बदलते जा रहा है ।

अभ्यर्थियों की दो टूक- अब मुख्यमंत्री आएं कवर्धा: आंदोलनकारी अभ्यर्थियों की मुख्यमंत्री से मिलने की जिद्द पर बहस, आंदोलनकारियों की मांग मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय स्वयं

कवर्धा आएं और अभ्यर्थियों से चर्चा करें। अभ्यर्थियों का कहना है कि जब तक मुख्यमंत्री उनसे सीधे बातचीत नहीं करते, तब तक आंदोलन जारी रहेगा।

कार्यालय के अंदर फंसे कार्यकर्ता: हंगामे के बीच गृह मंत्री विजय शर्मा का वाहन सहित कई कार्यकर्ता कार्यालय के अंदर ही फंस गए। स्थिति को देखते हुए गृह मंत्री को अन्य वाहन से कार्यालय से अपने घर जाना पड़ा। इसके बाद भी अभ्यर्थी कार्यालय के गेट पर डटे हुए हैं। आंदोलनकारी अभ्यर्थी बाजे-गाजे और नारेबाजी के साथ गृह मंत्री के कार्यालय के गेट पर विरोध कर रहे हैं। कई अभ्यर्थी गेट के सामने लेटकर प्रदर्शन कर रहे हैं और सेकंड लिस्ट जारी करने की मांग पर अड़े हुए हैं।

मैं हर विषय को सुनने और बातचीत को तैयार: शर्मा

उप मुख्यमंत्री का कहना है कि मैंने कैबिनेट में विषय रखा गया है। मुख्यमंत्री जी से भी चर्चा किया है लेकिन अभ्यर्थी इस तरह जिद्द पकड़कर बैठेंगे तो समस्या है। एक वेटिंग लिस्ट जारी हो चुका है दूसरा वेटिंग लिस्ट भी जारी हो लिखकर राज्य सरकार में बात रख चुका हूं लेकिन अंतिम निर्णय तो केबिनेट का है मुख्यमंत्री ने समिति भी बनाया है। मैंने अभियर्थियों से कहा भी की 10-15 की टीम बना लो और मुख्यमंत्री से मुलाकात कर लेते हैं, लेकिन हो सकता है कि आंदोलन राजनीतिक प्रेरित हो। ऐसे में क्या कर सकते हैं। आंदोलन हड़ताल करने का विषय ही नही है। फिर भी मैं हर विषय को सुनने और बातचीत के लिए तैयार हूं।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व प्रधान संपादक यशवंत धोटे द्वारा मिनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि.शेड नं.74 सेक्टर-सी, उरला इंडस्ट्रीयल एरिया से मुद्रित कर रजबंधा मैदान प्रेस काम्पलेक्स रायपुर से प्रकाशित, समाचार संपादक-संदीप दीवान, RNI NO.CHHHIN/2012/41806 फोन: 0771-3526755, 6262188999